सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

शिमला	17.7 न्यू	22.6 अधि
धर्मशाला	17.4 न्यू	29.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	78,181
निफ्टी	24,399
सोना 1,44,000	चांदी 2,29,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 8 जुलाई 2026 | 24 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 190, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

वायनाड में लैंडस्लाइड दो की मौत, कई घायल

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम। केरल में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच वायनाड जिले के कल्लाडी क्षेत्र में मंगलवार को हुए भूस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सात अन्य लोगों के लापता होने की सूचना है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भूस्खलन के दौरान एक टैंकर कई फुट तक बहता दिखाई दे रहा है। गनीमत रही कि टैंकर की चपेट में आने से कई लोग बाल-बाल बच गए। राहत एवं बचाव दल लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। (अनंत ज्ञान)

भारतवंशी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति से 425 करोड़ ठगे

एजेंसी, नई दिल्ली। अमेरिका में धोखाधड़ी के मामलों का सामना कर रहे भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव पर अब इंडोनेशिया में भी बड़े फर्जीवाड़े के आरोप लगे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने खुद को सीआईए एजेंट बताकर इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का भरोसा जीता और रक्षा सौदों के नाम पर करीब 425 करोड़ रुपए का कर्ज मंजूर करा लिया। आरोप है कि गौरव ने एफ-15 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर और सैन्य कमांड सिस्टम उपलब्ध कराने का दावा किया। जांच में कथित तौर पर सामने आया कि सौदों में शामिल चारों कंपनियां शेल कंपनियां थीं। बताया जा रहा है कि यह कथित फर्जीवाड़ा 2020-22 के बीच हुआ और इसी रकम से लॉस एंजिलिस में आलीशान बंगला खरीदा गया। (अनंत ज्ञान)

तेलंगाना में पति को ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर डालकर मारा

एजेंसी, निजामाबाद। तेलंगाना में एक नर्स ने प्रेमी के साथ मिलकर 35 साल के पति की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, महिला ने 30 जून को पति को छत से धक्का देकर मारने की कोशिश की थी। जब वह बच गया तो अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी नस में लगी ड्रिप में टॉयलेट क्लीनर इंजेक्ट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला 32 साल की संध्या, उसके प्रेमी अनिल और उसके दोस्त वेंकट साई को गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

शिमला के राम मंदिर में पूजा के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू बोले-

आस्था पर चोट नहीं होगी बर्दाश्त

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावे में गड़बड़ी के मामले को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ शिमला के राम बाजार स्थित राम मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम के दर्शन किए, माथा टेका और कीर्तन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राम के नाम पर चंदे में गड़बड़ी करने वालों को भगवान सद्बुद्धि दें।

राम मंदिर में पूजा-अर्चना करते सीएम सुक्खू, साथ हैं अन्य। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री के साथ मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजेश धर्माणी, अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह भी मंदिर पहुंचे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और शिमला शहरी से विधायक हरीश जनारथा भी इस अवसर पर मौजूद रहे। मंदिर परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि जब राम मंदिर निर्माण के लिए देशभर में चंदा एकत्र किया जा रहा था, उस समय वह विधायक थे और उन्होंने भी अपनी श्रद्धा के अनुसार योगदान दिया था।

उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर केंद्र सरकार ने आधे दिन का अवकाश घोषित किया था, जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार ने पूरे दिन का सार्वजनिक अवकाश दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार भगवान श्रीराम के आदर्शों और मूल्यों को अपने कामकाज में अपनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है और भगवान राम के सच्चे अनुयायी उनके नाम पर राजनीति नहीं करते।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर के श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के अनुसार भगवान राम के चरणों में धन, गहने और अन्य चढ़ावा अर्पित किया था। उन्होंने कहा कि यदि उस चढ़ावे में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है तो यह केवल पैसों का मामला नहीं है, यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के साथ भगवान श्रीराम से प्रार्थना की है कि राम के नाम पर राजनीति करने वालों और चंदे में गड़बड़ी करने वालों को सद्बुद्धि मिले।

दूसरों पर सवाल उठाने से पहले भाजपा करे आत्ममंथन

एसआईटी जांच के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून अपना काम करता है, लेकिन किसी भी मामले में व्यक्ति की नीयत और भावना सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि राम मंदिर की प्रक्रिया में उनका भी महत्वपूर्ण योगदान रहा था। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रिमंडल हिंदू संस्कृति में आस्था रखता है और सभी धर्मों का समान सम्मान करता है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हिमाचल भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की टिप्पणियों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह भी भगवान राम की पूरी श्रद्धा के साथ पूजा करते हैं और लंबे समय से भगवान राम के बताए सत्य, ईमानदारी और सेवा के मार्ग पर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को दूसरों पर सवाल उठाने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार रामराज्य की भावना के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी नीयत और सोच पर विचार करना चाहिए और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करना चाहिए।

भारत-इंडोनेशिया के बीच हुए 20 समझौते

जकार्ता में खुलेगा आईआईएम बेंगलुरु का विदेशी परिसर

एजेंसी, जकार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारत और इंडोनेशिया ने मंगलवार को स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में 20 समझौते हुए। इनमें दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर का विदेशी परिसर खोलने के लिए भी एक समझौता शामिल है। मोदी सोमवार को जकार्ता पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। यह उनके तीन देशों के दौरे का पहला चरण है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भी शामिल हैं।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य देते हुए मोदी ने कहा कि हम इंडोनेशिया में प्रतिष्ठित आईआईएम बैंगलोर का विदेशी परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। इससे पूरे आसियान क्षेत्र के युवाओं को बहुत फायदा होगा। आईआईएम बैंगलोर का परिसर इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत में स्थित सिंघासारी विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।

आईआईएम अहमदाबाद भारत के बाहर परिसर खोलने वाला पहला प्रतिष्ठित प्रबंध संस्थान था। इसे पिछले साल दुबई में शुरू किया गया था। स्वास्थ्य क्षेत्र में, भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और इंडोनेशिया की नेशनल एजेंसी ऑफ ड्रग एंड फूड कंट्रोल ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद मेडिकल उत्पादों के नियमन में सहयोग करना, वैश्विक नियामक मानकों पर जानकारी का आदान-प्रदान करना और इंडोनेशिया में भारतीय मेडिकल उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना है। मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में हमारा सहयोग हमारे दोनों देशों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आज हुआ समझौता इंडोनेशिया के लोगों के लिए भारत की उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती दवाओं तक पहुंच को आसान बनाएगा। दोनों देशों ने स्वास्थ्य कार्यबल सहयोग पर एक कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिससे स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए फेलोशिप कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा और योग्य स्वास्थ्य कर्मियों की आवाजाही आसान होगी।

इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से पीएम मोदी को सम्मानित करते राष्ट्रपति प्रबोवो।

मोदी ने कहा कि हम इंडोनेशिया के चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता निर्माण में भी योगदान देंगे। ये समझौते मोदी की यात्रा के दौरान किए गए लगभग एक दर्जन समझौतों का हिस्सा हैं। (अनंत ज्ञान)

एनसीईआरटी की किताब से हटा 'भ्रष्टाचार' वाला चैप्टर

एजेंसी, नई दिल्ली



लंबे विवाद और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद एनसीईआरटी ने 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की नई किताब जारी कर दी है। नई किताब से 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़ा विवादित अध्याय और लंबित मामलों वाले हिस्सों को हटा दिया गया है।

पुरानी किताब में न्यायपालिका की चुनौतियों, भ्रष्टाचार और अदालतों में लंबित मामलों का जिक्र था। अब इनकी जगह जनहित याचिका (पीआईएल), ट्रिब्यूनल और न्यायपालिका की भूमिका से जुड़ी नई सामग्री जोड़ी गई है। नई किताब में पीआईएल के जरिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा जनहित से जुड़े मामलों के समाधान के उदाहरण दिए गए हैं। इसमें हुसैनआरा खातून मामला, एमसी मेहता मामला और विशाखा फैसला जैसे मामलों को शामिल किया गया है।

एनसीईआरटी ने बताया है कि किताब में बदलाव सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होनी है। (अनंत ज्ञान)

सीएम विजय के खिलाफ याचिका पर डीएमके को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

कहा-मुख्यमंत्री को क्या करना चाहिए, क्या यह भी कोर्ट करेगा तय?

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के करूर भगदड़ पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात के कार्यक्रम को चुनौती देने वाली डीएमके की याचिका पर सख्त रुख अपनाते हुए उसे खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका कार्यपालिका के प्रमुख यानी मुख्यमंत्री के दौरे तय या नियंत्रित नहीं कर सकती।

जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से पूछा कि किसी हादसे के पीड़ितों और उनके परिजनों से मुख्यमंत्री की मुलाकात को गवाहों को प्रभावित करना कैसे माना जा सकता है। अदालत ने राज्य सरकार के मंत्रियों द्वारा गवाहों को प्रभावित किए जाने संबंधी आरोपों पर भी सुनवाई से इनकार कर दिया। पीठ ने डीएमके की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार से कहा कि यदि याचिका में दम नहीं है तो उसे वापस ले लिया जाए, अन्यथा अदालत इसे खारिज कर देगी। इसके बाद अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने पर सहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को वापस ली गई मानते हुए खारिज कर दिया। साथ ही अदालत ने कहा कि यदि किसी पक्ष को कानून के तहत अन्य वैधानिक उपाय अपनाने हों तो वह उसके लिए स्वतंत्र है। (अनंत ज्ञान)

सीरिया में फ्रांसीसी राष्ट्रपति के दौरे के हुए बीच धमाके, कई घायल

एजेंसी, दमिश्क

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सीरिया यात्रा के दौरान मंगलवार को राजधानी दमिश्क में कई विस्फोट हुए। मैक्रों जब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे, तभी 'फोर सीजन्स होटल' के निकट विस्फोट हुए। हालांकि, सीरियाई अधिकारियों ने घटना पर तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की।

सीरिया की मीडिया के अनुसार, मैक्रों इसी 'फोर सीजंस' होटल में ठहरे हुए हैं। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनका सीरिया दौरा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। सरकारी मीडिया ने एक सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि विस्फोट उपकरण के माध्यम से राजधानी के मध्य क्षेत्र में दो जोरदार विस्फोट हुए। घटनास्थल से धुएं का बड़ा गुबार भी उठता दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में एक वाहन जलता हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि सड़क पर खून के धब्बे भी नजर आ रहे हैं। घटना में कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी है। (अनंत ज्ञान)

'सत्ता' की नई 'सवारी' की तैयारी में बिट्टू!

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। नेता जब सत्ता में होता है, तो हर चीज संभव रहती है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू सत्ता की नई सवारी की तैयारी में हैं। चर्चा है कि केसीसी बैंक के अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। इसके लिए बैंक के नॉमिनेटेड डायरेक्टर्स की नोटिफिकेशन का इंतजार हो रहा है। बिट्टू हमीरपुर से ताल्लुक रखते हैं। वह मुख्यमंत्री के खासमखास हैं, लेकिन पिछले दिनों उनके कैबिनेट रैंक को सरकार ने वापस ले लिया था। तभी से इन अटकलों की चर्चा शुरू हो गई थी, लेकिन इस मामले में अब और कितनी देर लगेगी, यह तो सरकार ही जाने, मगर जानकारों का कहना है कि बहुत जल्दी इस पर सरकार की मुहर लग सकती है। उसी के माध्यम से सत्ता की यह 'सवारी' साथ ही हासिल हो जाएगी।

याद रहे कि जब सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री की शपथ लेनी थी, तो उससे पहले ही राजनीति का वह हिस्सा भी सामने आया था कि ईमानदारी से साथ निभाने वालों के लिए 'सत्ता का सुख' देरी से नहीं और न ही इंतजार से मिलता है। इसी रोज पहली नियुक्ति बिट्टू की मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार के रूप में हो गई थी। अब क्योंकि बीच का सफर 'मित्रों की सरकार' के बहाने विपक्ष के निशाने पर था और बिट्टू पर भी इसका असर हुआ। कैबिनेट रैंक सरकार ने वापस लेकर यह एहसास विरोधियों को करवाने का प्रयास किया कि आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए यदि कैबिनेट रैंक को वापस ले लिया जाए, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

◆ केसीसीबी में नॉमिनेट डायरेक्टर्स की मार्फत 'चेयरमैनी' का सफर

यही हुआ और जब यह हो गया, तो फिर राजनीति के गलियारों में चर्चाएं भले ही अपने-अपने हिसाब से नेताओं के लिए नए 'सुर' खोल रहीं थीं, लेकिन बिट्टू क्योंकि मुख्यमंत्री के खास हैं, इसीलिए ज्यादा देरी नहीं हो सकती। वैसे भी बिट्टू हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में पिछले काफी समय से अचानक सक्रिय दिख रहे हैं।

नया अध्यक्ष की तलाश में केसीसी बैंक

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के कार्यकाल के बाद बोर्ड भंग कर दिया गया था। लंबे समय से बैंक बिना अध्यक्ष के चल रहा है। ऐसे में सरकार के सामने जल्द नया अध्यक्ष नियुक्त करने की चुनौती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा चुनावों से पहले सरकार किसी भरोसेमंद चेहरे को यह जिम्मेदारी सौंपना चाहेगी। अब देखना होगा कि केसीसी बैंक की कमान किसके हाथ जाती है और इन चर्चाओं पर सरकार कब मुहर लगाती है।

देशभर में बढ़ते विवाद के बीच बिना इथेनोल वाले पेट्रोल का विकल्प दे सकता है केंद्र

एजेंसी, नई दिल्ली। इथेनोल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) को लेकर देशभर में बढ़ते विवाद और उपभोक्ताओं की शिकायतों (माइलेज में कमी, ईंजन में संभावित समस्या) के बीच केंद्र सरकार पेट्रोल पंपों पर बिना इथेनोल वाले सामान्य पेट्रोल का विकल्प उपलब्ध कराने की संभावना पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस बारे में सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में विमर्श जारी है। तेल मार्केटिंग कंपनियों से भी उनके सुझाव लिए गए हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों और सरकारी तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के प्रतिनिधियों के अनुसार, इस प्रस्ताव को लागू करने में सबसे बड़ी बाधा कीमत निर्धारण तय करने को लेकर आ सकती है, जिसका समाधान निकालना है। साथ ही पेट्रोल पंपों पर बगैर मिश्रण वाले पेट्रोल के अतिरिक्त डिस्पेंसर लगाने की व्यवस्था भी करनी होगी।वर्तमान में ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर दो तरह के ईंधन उपलब्ध होते हैं, ई-20 वाला सामान्य पेट्रोल और ओएमसी का प्रीमियम ब्रांड (जैसे स्पीड, टर्बोजेट आदि)। (अनंत ज्ञान)

पंजाब पुलिस ने बॉर्डर रेंज से दबोचे गैंगस्टरों के 56 साथी

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर पठानकोट। पंजाब पुलिस ने बॉर्डर रेंज में 'ऑपरेशन प्रहार 3.0' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों के 56 साथियों सहित 89 जघन्य अपराधों के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार, हेरोइन और शराब भी बरामद की।

डीआईजी बॉर्डर रेंज हरमनबीर सिंह गिल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में 1808 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। पठानकोट, अमृतसर, बटाला, गुरदासपुर, अजनाला और ब्यास समेत सीमावर्ती क्षेत्रों में 151 स्थानों पर छापेमारी की गई। पुलिस टीमों ने 17 कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन चलाए और 2550 वाहनों की जांच की, जिनमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 554 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा 162 होटल-गेस्ट हाउस और 104 रेलवे स्टेशन व बस स्टैंडों की भी जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 4 पिस्टल, 7 कारतूस, 1.04 किलोग्राम हेरोइन और 2,32,180 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की गई। वहीं 176 लोगों पर एहतियाती कार्रवाई की गई और 34 नशा पीड़ितों को उपचार के लिए ओओएटी केंद्रों से जोड़ा गया। डीआईजी हरमनबीर सिंह गिल ने कहा कि अभियान का उद्देश्य नशा तस्करी नेटवर्क को तोड़ना, गैंगस्टर सिंडिकेट पर शिकंजा कसना और राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस की ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से आई बाढ़

एजेंसी, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डोडा में ऊपरी इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। पहाड़ों से पत्थर और मलबा गिरने से घर और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। सड़कों पर कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। महाराष्ट्र के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है। मुंबई में पिछले 48 घंटे में करीब 15 इंच (380 मिमी) बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई के सभी सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। नासिक में भी आज सभी स्कूल और कॉलेज बंद हैं। त्र्यंबकेश्वर मंदिर और महाराष्ट्र के साढ़े तीन शक्तिपीठों में शामिल सप्तश्रृंगी मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए आज बंद रहेंगे।

वहीं, मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 35 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। खजुराहो में सबसे ज्यादा 4.4 इंच बारिश दर्ज की गई। बमीठा में नेशनल हाईवे-39 पर 3 फीट तक पानी भर गया। बालाघाट में महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी उफान पर आने से किरनापुर-लांजी मार्ग पर पुल निर्माण में लगी कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए।

खुशखबरी अब जल्द शुरू होंगी व्यावसायिक सेवाएं, कालका-शिमला का सफर होगा और रोमांचक

पैनोरमिक कोच और डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट का अंतिम ट्रायल सफल

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल कालका-शिमला नैरोगेज रेलमार्ग पर पैनोरमिक कोच और डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन सेट का अंतिम ट्रायल गत दिनों सफलतापूर्वक पूरा हो गया। व्यावसायिक संचालन से पहले यह सबसे महत्वपूर्ण परीक्षण माना जा रहा है। मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने पूरे मार्ग पर संचालन, तकनीकी मानकों और यात्री सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का विस्तृत निरीक्षण किया। अब उनकी रिपोर्ट के आधार पर मंजूरी मिलते ही दोनों सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी।

ट्रायल के दौरान पैनोरमिक कोच का परीक्षण कालका से बड़ोग तक किया गया। यह कोच दोपहर 12:50 बजे कालका से रवाना होकर करीब 3:00 बजे बड़ोग पहुंचा। इसके बाद तीन इंटरकनेक्टेड कोचों वाले डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन सेट ने 3:26 बजे बड़ोग से शिमला के लिए प्रस्थान किया और शाम 6:20 बजे शिमला रेलवे स्टेशन पहुंचा। निरीक्षण के दौरान यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था, सीटों की मजबूती, आपातकालीन सुरक्षा उपकरण, ब्रेकिंग सिस्टम और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई। पहाड़ी ढलानों और तीखी चढ़ाई वाले हिस्सों में एयर ब्रेक प्रणाली की कार्यक्षमता का विशेष परीक्षण किया गया, ताकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

अंबाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त अगले 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपेंगे। मंजूरी मिलने के बाद दोनों नई सेवाएं व्यावसायिक रूप से शुरू कर दी जाएंगी।

कालका-शिमला नैरोगेज रेलमार्ग पर दौड़ती पैनोरमिक कोच से लैस ट्रेन तथा (इनसेट) पैनोरमिक कोच का इंटीरियर।

नई पैनोरमिक ट्रेन कराएगी हिमालय का दीदार

पैनोरमिक कोच की बड़ी कांच की खिड़कियां यात्रियों को हिमालयी वादियों और प्राकृतिक सौंदर्य का व्यापक दृश्य उपलब्ध कराएंगी, जबकि डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन के तीनों कोच आपस में जुड़े होने से यात्री बिना उतरे एक कोच से दूसरे कोच तक आसानी से जा सकेंगे। प्रत्येक कोच में 60 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी। वर्तमान में कालका-शिमला रेलमार्ग पर छह ट्रेनें संचालित हो रही हैं। नई सेवाओं के शुरू होने से यात्रियों को अधिक आरामदायक और आधुनिक यात्रा का अनुभव मिलेगा तथा हिमाचल प्रदेश के पर्यटन को भी नया प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

हिमाचल के बिजली बोर्ड के 43 हजार कर्मचारियों व पेंशनरों को बड़ी सौगात

7 बैंकों संग कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज समझौता, 30 लाख से डेढ़ करोड़ तक का मिलेगा बीमा कवर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लेते हुए सात प्रमुख बैंकों के साथ कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज लागू करने के लिए समझौता किया है। इस पहल से बोर्ड से जुड़े करीब 43 हजार कर्मचारी और पेंशनर लाभान्वित होंगे। समझौते के तहत पात्र लाभार्थियों को 30 लाख से लेकर 1.50 करोड़ तक का बीमा कवर, आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं तथा कई अन्य मूल्यवर्धित वित्तीय सेवाएं उपलब्ध होंगी। बिजली भवन, शिमला में आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड अध्यक्ष डॉ. प्रबोध सक्सेना की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

जानकारी के अनुसार समझौते पर बोर्ड की ओर से मुख्य लेखा परीक्षक अर्जुन सिंह ठाकुर ने हस्ताक्षर किए, जबकि संबंधित बैंकों के अधिकृत प्रतिनिधियों ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) श्रवण कुमार मांटा, कार्यकारी निदेशक (कार्मिक) ईशा ठाकुर सहित बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बोर्ड ने पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड तथा कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के साथ यह समझौता किया है। इसके माध्यम से कर्मचारियों और पेंशनरों को एक ही मंच पर बेहतर बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा। कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के तहत पात्र कर्मचारियों और पेंशनरों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, स्थायी पूर्ण दिव्यांगता कवर, स्थायी आंशिक दिव्यांगता कवर व टर्म लाइफ इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं मिलेंगी। वेतनमान के अनुसार बीमा कवर 30 लाख रुपये से लेकर 1.50 करोड़ रुपये तक रहेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैंक अपनी योजनाओं के अनुसार अन्य वित्तीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

कर्मचारी कल्याण की दिशा में बड़ा कदम

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. प्रबोध सक्सेना ने कहा कि यह पहल कर्मचारियों और पेंशनरों की वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विद्युत क्षेत्र के कर्मचारी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करते हैं, इसलिए उनके लिए व्यापक वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस योजना से बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के कर्मियों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं व मजबूत सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

हजारों परिवारों को मिलेगा सुरक्षा कवच

कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज केवल एक बैंकिंग व्यवस्था नहीं, बल्कि कर्मचारियों और पेंशनरों की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण और कल्याण को मजबूत करने वाला व्यापक कदम है। बोर्ड की इस पहल से हजारों परिवारों को बेहतर सुरक्षा कवच मिलेगा और भविष्य की अनिश्चित परिस्थितियों में आर्थिक संबल भी सुनिश्चित होगा।

अनिल शर्मा वाइस चेयरमैन और सुरेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न संसदीय क्षेत्रों एवं जिलों के लिए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। किसान कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन रवि शर्मा द्वारा की गई इन नियुक्तियों की अधिसूचना महामंत्री राजेश वर्मा ने जारी की।

शिमला से जारी सूची के अनुसार कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में अनिल शर्मा को वाइस चेयरमैन तथा सुरेश अवस्थी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन ने विश्वास जताया है कि नव नियुक्त पदाधिकारी किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के साथ-साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाकर किसान कांग्रेस को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

शिमला में 242 ग्राम चिट्टे के साथ तीन गिरफ्तार 15 दिन पहले जेल से बाहर आया था मुख्य आरोपी

अनंत ज्ञान

शिमला। शिमला पुलिस की स्पेशल सेल ने चिट्टा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 242 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और कुछ दिन पहले ही जेल से रिहा हुआ था।

पुलिस के अनुसार 6 जुलाई को स्पेशल सेल शिमला की टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग शोघी बैरियर क्षेत्र से एक वाहन में चिट्टा की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 242 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

वाहन में सवार तीन लोगों की पहचान सुन्नी निवासी इन्द्रदेव उर्फ दाणू, न्यू शिमला निवासी मोती शर्मा और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के मूल निवासी तथा वर्तमान में कुमारसैन में रह रहे सूरज चौहान के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में पुलिस थाना बालूगंज में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी इन्द्रदेव उर्फ दाणू आदतन नशा तस्कर है। उसके खिलाफ पहले से 53 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें एनडीपीएस अधिनियम के नौ मामले, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम और चोरी से जुड़े मामले शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार इन्द्रदेव को पहले पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत तीन महीने के लिए निरुद्ध किया गया था। वह 21 जून को ही जेल से रिहा हुआ था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह सुन्नी, रामपुर, कुमारसैन और शिमला जिले के अन्य क्षेत्रों में चिट्टा की आपूर्ति करने वाले नेटवर्क का सक्रिय सदस्य था और बड़ी संख्या में युवाओं तक नशा पहुंचाने में शामिल था। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने मंगलवार को बताया कि पुलिस तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड लेने की प्रक्रिया पूरी कर रही है। मामले में चिट्टा की सप्लाई चेन, इसके स्रोत, आगे जुड़े लोगों, वित्तीय लेन-देन और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए गहन जांच जारी है।

नगर निगम को कमजोर करने की कोशिश स्वीकार नहीं : कमलेश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा सचिव एवं नगर निगम पार्षद कमलेश मेहता ने कांग्रेस सरकार पर नगर निगम शिमला की वित्तीय स्वायत्तता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के करों और शुल्कों की वसूली के लिए लागू की गई नई पोर्टल व्यवस्था कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। उनका कहना है कि पहले नगर निगम की अपनी भुगतान प्रणाली और पोर्टल था, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि नागरिकों से प्राप्त राजस्व किस प्रकार संचालित किया जा रहा है, धनराशि किस खाते में जमा हो रही है और उसका लेखा-जोखा किस प्रकार रखा जा रहा है। उन्होंने सरकार और नगर निगम प्रशासन से इस पूरी व्यवस्था का कानूनी तथा वित्तीय आधार सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि उसके द्वारा जमा किए जा रहे कर और शुल्क का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है।

कमलेश मेहता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार नगर निगम को स्वायत्त निकाय के बजाय राजस्व संग्रह के माध्यम के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जिससे स्थानीय स्वशासन की भावना प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि 74वें संविधान संशोधन का उद्देश्य नगर निकायों को वित्तीय और प्रशासनिक रूप से सशक्त बनाना था, लेकिन वर्तमान व्यवस्था इसके विपरीत दिखाई दे रही है। उनका आरोप है कि सरकार पहले ही नगर निगम की आय के कई स्रोत सीमित कर चुकी है और अब नई व्यवस्थाओं के जरिए जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस पूरे मामले में पूर्ण पारदर्शिता की मांग करती है तथा नगर निगम की वित्तीय स्वायत्तता और नागरिकों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देगी।

आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने में दीपक राठौर की भूमिका महत्वपूर्ण: मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष दीपक राठौर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया। राठौर के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपक राठौर लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे हैं और विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उनकी संगठनात्मक निष्ठा, अनुभव और समर्पण को देखते हुए उन्हें हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राठौर इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ निभाते हुए प्रदेश में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है तथा इस दिशा में सभी संबंधित संस्थाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दीपक राठौर अपने अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का उपयोग करते हुए इस जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से निभाएंगे और लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

वहीं दीपक राठौर ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन के प्रति समर्पण और कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। राठौर ने कहा कि 2027 में भी प्रदेश की जनता कांग्रेस पर भरोसा जताएगी और मुख्यमंत्री एक बार फिर प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वाई.एस. परमार के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू मिशन रिपीट करने वाले दूसरे मुख्यमंत्री बनने का इतिहास रच सकते हैं। इस दौरान सुदर्शन बबलू, सुरेश कुमार तथा हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची भी उपस्थित रहे।

नगर निगम निधि में सरकारी हस्तक्षेप नियमों के विपरीत: विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश सह संयोजक, चुनाव प्रकोष्ठ एवं पूर्व नगर निगम पार्षद विवेक शर्मा ने नगर निगमों की वित्तीय व्यवस्था में प्रदेश सरकार के कथित हस्तक्षेप पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि नगर निगमों की निधि पर नियंत्रण स्थापित करने का कोई भी प्रयास हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व नगर निगमों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और विकास कार्यों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है, न कि उनकी आय और संसाधनों पर नियंत्रण करना। शर्मा ने कहा कि अधिनियम की धारा 69, 78 और 79 के अनुसार नगर निगम द्वारा वसूले जाने वाले कर, शुल्क, फीस तथा अन्य सभी प्राप्तियां नगर निगम निधि का हिस्सा होती हैं और इनका उपयोग विकास कार्यों, कर्मचारियों के वेतन, नागरिक सुविधाओं तथा अन्य वैधानिक दायित्वों के निर्वहन के लिए किया जाना चाहिए।

विवेक शर्मा ने कहा कि यदि नगर निगमों की आय को उनके निर्धारित फंड में जमा कराने के बजाय सरकार अपने खाते में जमा कराने का प्रयास करती है तो इससे स्थानीय निकायों की वित्तीय स्वायत्तता प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान परिस्थितियों से ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार नगर निगमों के संसाधनों का उपयोग अपने वित्तीय प्रबंधन के लिए करना चाहती है, जबकि कानून के अनुसार इन निधियों का उपयोग केवल नगर निगमों के निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही होना चाहिए।

कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदेशव्यापी जनआंदोलन छेड़ेगी भाजपा : डॉ. बिंदल

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

शिमला। भाजपा ने कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। मंगलवार को शिमला स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय दीपकमल में आयोजित प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनावों के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल से निराश है और उसने भाजपा के पक्ष में जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब सरकार की जनविरोधी नीतियों, अधूरी गारंटियों और प्रशासनिक विफलताओं को लेकर गांव-गांव और शहर-शहर जनता के बीच जाएगी तथा सरकार के कार्यकाल की विस्तृत चार्जशीट तैयार कर उसे सार्वजनिक करेगी।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि चुनावों के दौरान कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और चुनाव टालने के प्रयास किए, लेकिन न्यायपालिका के हस्तक्षेप के बाद चुनाव संपन्न हुए। उन्होंने दावा किया कि जिन जिला परिषदों में चुनाव हुए, वहां भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की और चार नगर निगमों में से तीन में भाजपा ने मेयर और डिप्टी मेयर के पद हासिल किए।

उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों, किसानों और बागवानों से किए गए अधिकांश वादे पूरे नहीं हुए हैं। मुफ्त बिजली, आर्थिक सहायता, दूध और गोबर खरीद जैसी घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं, जबकि महंगाई और आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा इन सभी मुद्दों को लेकर प्रदेशव्यापी जनसंपर्क अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री के बयानों पर पलटवार करते हुए डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस को राम विरोधी होने का प्रमाणपत्र भाजपा से नहीं, बल्कि जनता से पहले ही मिल चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध करने और रामभक्तों पर गोलियां चलाने से जुड़ा रहा है, जिसे जनता भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रदेश के हर वर्ग की आवाज बनना है।

दो भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

जगदीश और अनिता धीरटा ने थामा हाथ व जितेंद्र मेहता ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते भाजपा कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। पंचायत चुनावों के बाद अब दल-बदल का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। पिछले कई महीनों से क्षेत्र में कभी कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा का दामन थाम रहे हैं तो कभी भाजपा से जुड़े नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। आगामी राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए दोनों प्रमुख दल अपने-अपने संगठन को मजबूत करने और प्रभावशाली चेहरों को साथ जोड़ने में जुटे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी।

जानकारी के अनुसार नावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिक्कर के खांगटा गांव से नवयुवक मंडल खांगटा-2 के प्रधान, भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता एवं भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महासचिव जगदीश नरसेठ तथा कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत पराली बंदरूनी के बंदरूनी वार्ड की वार्ड सदस्य एवं बौं गांव निवासी अनिता धीरटा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली व जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने दोनों नेताओं का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों के शामिल होने से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र में कांग्रेस और अधिक सशक्त होकर जनहित के मुद्दों पर कार्य करेगी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में पिछले कुछ समय से दल-बदल का दौर लगातार जारी है। विभिन्न पंचायतों और गांवों में दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने संगठन का विस्तार करने और प्रभावशाली स्थानीय चेहरों को अपने साथ जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में क्षेत्र की राजनीति में और भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। फिलहाल भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय अभियान चला रहे हैं, जिससे राजनीतिक सरगर्मियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

4 माह से मानदेय को तरसे कोटी के जल रक्षक: खुश विक्रम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला। जल शक्ति विभाग के उपमंडल कोटी के अंतर्गत कार्यरत करीब 25 जल रक्षक पिछले चार माह से मानदेय न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। महज 5600 रुपये मासिक मानदेय पर ग्रामीण पेयजल योजनाओं की जिम्मेदारी निभाने वाले इन जल रक्षकों के सामने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। विभाग की ओर से उनकी ड्यूटी चार घंटे निर्धारित है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए उन्हें दिनभर योजनाओं की निगरानी और रखरखाव करना पड़ता है। ऐसे में लगातार चार माह से भुगतान लंबित रहने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। जल शक्ति विभाग उपमंडल कोटी के सहायक अभियंता विवेक शर्मा ने बताया कि बजट उपलब्ध न होने के कारण मानदेय जारी नहीं हो सका है और बजट मिलते ही लंबित राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। वहीं जिला परिषद सदस्य खुश विक्रम सेन ने जल रक्षकों का बकाया मानदेय शीघ्र जारी करने की मांग की।

गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों से दिया नशा मुक्ति का संदेश

कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते कलाकार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अनुमोदित सांस्कृतिक दलों ने जिला शिमला की विभिन्न अनुसूचित जाति बहुल ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रमों में लोगों को स्वरोजगार, छात्रवृत्ति, आवास, कौशल विकास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी आवश्यक जानकारी भी साझा की गई। इस दौरान सांस्कृतिक दलों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशा मुक्ति, एंटी चिट्टा अभियान और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया।

विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने भाग लेकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यालय ग्राम पंचायत परसदा हवानी विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत परसदा हवानी के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिए निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु कोटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 21/07/2026 शाम 5 बजे तक है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति अपनी निविदा डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं 23/07/2026 को समिति के समक्ष खोली जाएंगी। **सामग्री विवरण-** * रेत क्रशर प्रति घन मीटर * रेत प्लाट प्रति घन मीटर * पक्की ईट (ABC ग्रेड) - 1000 Nos. * बजरी क्रशर प्रति घन मीटर * पत्थर (Cut Stone) प्रति घन मीटर * सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर * J.C.B. मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा/प्रति घन मीटर * शटरिंग (भवन निर्माण/अन्य) प्रति वर्ग मीटर एवं रनिंग मीटर * सामग्री ढुलाई * सीमेंट प्रति कि.मी. * Sign Board (Standard Size per Board) * Water Cooler (20, 40, 60, 80 Ltr.) with & without fitting * Segregation Shed * Cement/Concrete Bench * Steel Benches * Painting & Writing of Sign Board * Mixture Machine * Dustbins (विभिन्न क्षमता) **नियम एवं शर्तें-** 1. निविदादाता के पास Active GST पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर संबंधित पंचायत को भेजनी होगी। 3. बिल के साथ Valid Rate List तथा Form X एवं W का Valid Transit Pass जमा करवाना होगा। 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी हों। 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदादाता को रू. 20,000/- सुरक्षा राशि तथा रू. 1,000/- (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाना होगा। 9. यदि समयानुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करवाई गई तो सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आवश्यक सामग्री बाजार भाव पर खरीदकर निविदा निरस्त की जा सकती है। 10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने तथा समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को कार्य आवंटित करने एवं निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि का भुगतान TA/JE की पैमाइश के उपरांत किया जाएगा तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form X एवं W संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा भुगतान नहीं किया जाएगा। 12. सामग्री का अंतिम मूल्य निर्माण विभाग की Justification तथा सफल निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत निर्धारित किया जाएगा तथा सफल निविदादाता को Undertaking देनी होगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत परसदा हवानी विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

राजनीति राम मंदिर दान मामले और बेरोजगारी को लेकर जनता के बीच जाएगी कांग्रेस : विनय

आस्था के राजनीतिक इस्तेमाल का देंगे जवाब

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस अब राम मंदिर दानपात्र से कथित धन चोरी, बेरोजगारों के साथ अन्याय, नीट पेपर लीक और अन्य जनहित के मुद्दों को प्रदेशभर में जनता के बीच ले जाएगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं ने भी अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए करोड़ों रुपये का दान दिया था, लेकिन दान की राशि को लेकर सामने आए विवादों और चोरी की घटना से प्रदेश के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने आस्था का राजनीतिकरण कर दान की राशि का दुरुपयोग किया और मंदिर निर्माण की बजाय कुछ चुनिंदा लोगों व बिचौलियों को लाभ पहुंचाया। विनय कुमार ने मंगलवार को शिमला स्थित राम मंदिर और जाखू स्थित श्रीहनुमान मंदिर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मंत्रिमंडल के सहयोगियों और कांग्रेस नेताओं के साथ विशेष पूजा-अर्चना के बाद कहा कि जून 2026 में राम मंदिर के दानपात्र से करोड़ों रुपये की कथित चोरी की घटना ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति करने वालों को अब जनता जवाब देगी और पूरे मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जानी चाहिए। साथ ही दान राशि का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक करते हुए श्वेतपत्र जारी करने की भी मांग की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही सभी जिलों और ब्लॉकों में इस कथित महाघोटाले के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेगी तथा लोगों को पूरे मामले की जानकारी देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने हमेशा धार्मिक भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास किया है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के दुरुपयोग जैसी प्रवृत्तियां लोकतंत्र के लिए चिंताजनक हैं।

जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना करते सीएम सुक्खू व कांग्रेस अध्यक्ष।

केंद्र पर लगाया हिमाचल के साथ भेदभाव का आरोप

विनय कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आरडीजी बंद कर हिमाचल प्रदेश के साथ बड़ा अन्याय किया है और इस मुद्दे पर प्रदेश भाजपा नेतृत्व भी समान रूप से जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब भाजपा की राजनीति को भलीभांति समझ चुकी है और सत्ता के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों से परिचित है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आएगी और कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी।

फिंगर प्रिंट विज्ञान और नैफिस पर कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, जुन्गा में फिंगर प्रिंट विज्ञान एवं नेशनल ऑटोमेटेड फिंगर प्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (नैफिस) पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ निदेशक फॉरेंसिक सेवाएं डॉ. मीनाक्षी महाजन ने किया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 14 पुलिस फिंगर प्रिंट एनरोलमेंट यूजर्स तथा राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के तीन विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। केंद्रीय फिंगर चिन्ह ब्यूरो एवं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के निरीक्षक जतिन कुमार शर्मा प्रतिभागियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण देंगे। डॉ. महाजन ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिला स्तर पर नैफिस से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का समाधान, फिंगर प्रिंट डाटाबेस की गुणवत्ता में सुधार तथा अपराधियों की त्वरित पहचान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत नैफिस प्रणाली से अंतरराज्यीय अपराधियों की पहचान अब कुछ ही मिनटों में संभव हो गई है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बहरी विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी (हि. प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बहरी में वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा किये जाने वाले समस्त विकास कार्यों के निर्माण हेतु समस्त सामग्री की सप्लाई के लिए मोहर बंद लिफाफे में निविदाएँ दिनांक 06/07/2026 से 21/07/2026 सायं- 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है सामग्री का **विवरण इस प्रकार से है :-** 1. क्रेशर रेत (प्रति घन मीटर) 2. क्रेशर बजरी 20mm, 40mm, 10mm (प्रति घन मीटर) 3. गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर) 4. तुडवा पत्थर (प्रति घन मीटर) 5. सीमेंट किराया प्रति बेग की द

न्यूज ब्रीफ

कुलदेवी क्लब ठारू ने भेंट किए 101 बेंच

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। कुलदेवी क्लब ठारू ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए टांडा मेडिकल कॉलेज को 101 बेंच दान किए। क्लब के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बैठने की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। बेंच मिलने से अस्पताल परिसर में लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने क्लब के इस योगदान की सराहना करते हुए इसे समाजसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए अन्य सामाजिक संगठनों से ऐसे कार्यों के लिए आगे आने की अपील की

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को श्रद्धांजलि अर्पित

अनंत ज्ञान, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद, शिक्षक, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य ने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा का साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा-भाव जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

परागपुर के समग्र विकास पर मंथन

अनंत ज्ञान, गरली। ऐतिहासिक धरोहर परागपुर के समग्र विकास को लेकर जजेज कोर्ट परागपुर में पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पर्यटन, ऐतिहासिक विरासत संरक्षण, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय रोजगार सृजन पर चर्चा की गई। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी बृजमोहन सूद ने की, जबकि मुख्य अतिथि विजय लाल सूद रहे। वक्ताओं ने नक्की खड्ड क्षेत्र में प्रवासियों के पंजीकरण, सड़क, पार्किंग, सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने पर बल देते हुए विभागीय समन्वय से परागपुर को आदर्श विरासत पर्यटन स्थल बनाने का आह्वान किया।

मांगों को लेकर कल आशा वर्कर्स करेंगी प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, गरली। अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ ने 9 जुलाई को देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश महामंत्री शशिलता ने सरकारों पर आशा कार्यकर्ताओं की लंबित मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्रियों के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। संगठन का कहना है कि 2017 के बाद मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हुई, जबकि जिम्मेदारियां बढ़ी हैं। हिमाचल के सभी जिलों से बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ताओं के आंदोलन में शामिल होने की उम्मीद है।

150 पदों के लिए साक्षात्कार 10 को

अनंत ज्ञान, पालमपुर। सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 150 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि दसवीं पास 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष अभ्यर्थी इसके लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को 17,500 से 23,000 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे उप-रोजगार कार्यालय, पालमपुर में साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे।

जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए 31 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी-2027) के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अथवा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

लंबित बकाया राशि का जल्द हो भुगतान

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। हिमाचल पेंशनर्स संघ, ब्लॉक बैजनाथ की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष रमेश चड्ढा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में सरकार से मांग की गई कि जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की पूर्व मैन्युअल व्यवस्था को दोबारा लागू किया जाए। उन्होंने वृद्ध पेंशनर्स की सुविधा को देखते हुए मैन्युअल प्रक्रिया बहाल करने की मांग की। संघ ने वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की लंबित बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने की भी मांग उठाई। इसके अलावा महंगाई भत्ते की लंबित किस्तें और चिकित्सा भत्ता नियमित रूप से जारी करने का आग्रह किया गया।

एचआरटीसी पेंशनर्स मंच की नई कार्यकारिणी गठित

अनंत ज्ञान, पालमपुर। हिमाचल प्रदेश एचआरटीसी पेंशनर समस्या समाधान मंच की पालमपुर इकाई की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कुलतार सिंह राणा को प्रधान, रविन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मिलाप चंद को महासचिव चुना गया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सरकार और एचआरटीसी प्रबंधन से नियमित पेंशन भुगतान, लंबित एरियर, संशोधित पेंशन लाभ तथा अन्य वित्तीय देयकों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई।

कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण: डीसी से मिले प्रभावित ग्रामीण

रच्छियालु व क्योड़ियां के लोगों की गुहार, घर बनाने को समय दें

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार परियोजना से प्रभावित रच्छियालु व क्योड़ियां मोहाल के ग्रामीण मंगलवार को अपनी समस्याएं लेकर उपायुक्त हेमराज बैरवा के समक्ष पहुंचे। प्रभावित परिवारों ने मकान खाली करने के लिए पर्याप्त समय देने की डीसी कांगड़ा से मांग उठाई।

क्योड़ियां मोहाल निवासी पंकज शर्मा ने कहा कि गांव में अचानक मकान खाली करने के नोटिस चिपका कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कई परिवारों को अभी नई जमीन की पैमाइश, रजिस्ट्री और मकान निर्माण की प्रक्रिया पूरी करनी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एयरपोर्ट विस्तार का विरोध नहीं कर रहे, लेकिन सम्मानजनक तरीके से बसने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। रच्छियालु निवासी निहारिका ने कहा कि 15 दिन में मकान खाली करने के नोटिस मिलने से परिवारों के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। नए मकान अभी निर्माणाधीन हैं और उनके सिर पर छत तक उपलब्ध नहीं है। रच्छियालु पंचायत के प्रधान रोशन लाल ने कहा कि मुआवजा और पुनर्वास की राशि देरी से मिलने के कारण प्रभावित परिवार अभी तक नए मकान और गोशालाएं तैयार नहीं कर पाए हैं। उन्होंने प्रशासन से कम से कम एक से डेढ़ वर्ष का समय दिया जाए। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि भूमि अधिग्रहण, मुआवजा और पुनर्वास की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। कानून के अनुसार मुआवजा मिलने के बाद विभाग को भूमि का कब्जा लेना होता है। हालांकि जिन परिवारों को वास्तविक रूप से अधिक समय की आवश्यकता होगी, उनके मामलों पर केस-टू-केस आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

डीसी हेमराज बैरवा से मिलते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

फतेहपुर चोरी मामले में दो गिरफ्तार, 5 तोला सोना और 1 किलो चांदी बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला पुलिस ने फतेहपुर में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया था कि 27-28 जून की रात घर बंद होने के दौरान चोर पुश्तैनी आभूषण, 3-4 किलो चांदी का सामान, मंगलसूत्र, बालियां, नकदी और सीसीटीवी डीवीआर चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने जांच के दौरान दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने चोरी कबूल कर ली। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंजू (55) और चंदन (27), निवासी बंगाली कॉलोनी गगल के रूप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही पर हमीरपुर के आभूषण व्यापारी से 15 तोला सोना और एक किलो चांदी बरामद की गई। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अन्य संलिप्त लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

दो छात्राएं बीएचयू में मास्टर्स के लिए चयनित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं सोनिया थापा और ऋतिका शर्मा का बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए चयन हुआ है। सोनिया थापा इससे पहले एचपीयू की मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। उपलब्धि पर महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने दोनों छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन से सफलता हासिल होती है। शिक्षकों ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छत की मरम्मत करते समय गिरा मिस्त्री, मौत

अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। लंबागांव थाना क्षेत्र में छत की मरम्मत करते समय गिरने से एक मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान महिंद्र कुमार (49) निवासी लाहड़, अप्पर लंबागांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह मकान की छत पर स्लेट ठीक कर रहा था, तभी पैर फिसलने से नीचे गिर गया। उसे जयसिंहपुर अस्पताल से टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार के इकलौते कमाने वाले महिंद्र के निधन से परिजन संकट में हैं। प्रशासन से सहायता की मांग की गई है।

स्कूली छात्रों से जुड़े मामलों पर सीडब्ल्यूसी सख्त, सभी मामलों में मांगी स्टेटस रिपोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिले में स्कूली छात्रों के उत्पीड़न और आत्महत्या के मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। समिति अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा ने बताया कि संबंधित पुलिस थानों से मामलों की स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि एफआईआर वाले मामलों की जांच पुलिस कर रही है और सीडब्ल्यूसी हस्तक्षेप नहीं करता। उन्होंने स्कूलों में नियमित काउंसिलिंग की जरूरत बताते हुए प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षित काउंसलर नियुक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की।

भट्टू समूला में जलभराव से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर उपमंडल के भट्टू समूला क्षेत्र के वार्ड नंबर-3 में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या फिर गंभीर हो गई है। हिमाचल लोकहित कल्याण संस्था के महासचिव तुलसी राम डोगरा ने जल शक्ति विभाग से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि एनएच की पुलिया के कारण कूहल का पानी रुक जाता है, जिससे मार्ग जलमग्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी विभाग को अवगत कराया गया था, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ। उन्होंने शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

खड्डों और जलाशयों के समीप जाने पर रोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। मानसून को देखते हुए जन सुरक्षा के लिए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जिले में नदियों, खड्डों, नालों, झरनों, बांधों और अन्य जल स्रोतों के समीप जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जारी आदेशों में जलमग्न सड़कों, पुलों और बहाव वाले मार्गों को पार न करने की सलाह दी गई है। स्नान, तैराकी, मछली पकड़ने, फोटोग्राफी और अन्य जोखिमपूर्ण गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

टंग-बलधर सड़क 31 तक रहेगी बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। मानसून को देखते हुए जन सुरक्षा के लिए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जिले में नदियों, खड्डों, नालों, झरनों, बांधों और अन्य जल स्रोतों के समीप जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जारी आदेशों में जलमग्न सड़कों, पुलों और बहाव वाले मार्गों को पार न करने की सलाह दी गई है। स्नान, तैराकी, मछली पकड़ने, फोटोग्राफी और अन्य जोखिमपूर्ण गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों से सावधानी बरतने की अपील की है।

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, पालमपुर। कारगिल युद्ध के वीर नायक परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर नगर निगम पालमपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विधायक आशीष बुटेल ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा का साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम सदैव प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और नागरिकों ने भी शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भाजपा ने बूथ मजबूती पर किया मंथन

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। भाजपा अपर व लोअर मंडल बैजनाथ की संयुक्त बैठक चामुंडा हाल में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और अपने-अपने बूथों को सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। दोनों मंडल अध्यक्षों ने बूथ समितियों के साथ नियमित बैठकें करने और वरिष्ठ पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देहरा विकास खंड कार्यालय में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने की। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए सभी विभागों, परिवारों, विद्यालयों और समाज को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यशाला में नशे के दुष्प्रभाव, बचाव के उपाय, पुनर्वास प्रक्रिया और सामुदायिक सहभागिता पर विस्तृत जानकारी दी गई।

जयसिंहपुर में लोगों की घर-घर जाकर होगी टीबी स्क्रीनिंग: गोमा

हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन को किया लोकार्पित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में अब टीबी की स्क्रीनिंग घर-घर जाकर की जाएगी। इसके लिए सरकार की ओर से 15 लाख रुपये लागत की हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन उपलब्ध करवाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की वैन संभावित टीबी मरीजों की पहचान के लिए लोगों के घर तक पहुंचेगी, जिससे समय पर बीमारी का पता लगाकर उपचार शुरू किया जा सकेगा। यह जानकारी आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन और खंड लोक स्वास्थ्य इकाई के लोकार्पण अवसर पर दी। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य इकाई के निर्माण पर 50 लाख रुपये खर्च हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मंत्री ने बताया कि जयसिंहपुर अस्पताल में चार चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर तैनात हैं। जल्द ही हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि डायलिसिस और ब्लड बैंक के उपकरण अस्पताल पहुंच चुके हैं तथा जल्द सुविधा शुरू होगी। सीटी स्कैन सुविधा और एसटीपी प्लांट के लिए भी प्रयास जारी हैं। इसके बाद मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

प्रवक्ता पदोन्नति के बाद भी मिल रहा टीजीटी का वेतन

अनंत ज्ञान

◆ वेतन पुनः निर्धारण से वंचित हैं कई नव पदोन्नत प्रवक्ता

ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय टीजीटी कला संघ ने अगस्त 2025 में प्रवक्ता पद पर पदोन्नत हुए 642 टीजीटी शिक्षकों में से कई शिक्षकों का वेतन निर्धारण आज तक न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

संघ ने शिक्षा निदेशक एवं शिक्षा मंत्री से मांग की है कि सभी पदोन्नत शिक्षकों का वेतन तत्काल प्रवक्ता पद के अनुरूप निर्धारित कर लंबित वित्तीय लाभ एवं एरियर एकमुश्त जारी किए जाए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल व महासचिव विजय हीर ने कहा कि अनेक शिक्षकों ने अक्तूबर 2025 तक वेतन निर्धारण के विकल्प एवं संबंधित प्रकरण विभाग को प्रॉपर चैनल से भेज दिए थे, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें टीजीटी पद का ही वेतनमान मिल रहा है। इससे पदोन्नति केवल नाममात्र की रह गई है और शिक्षकों को वास्तविक आर्थिक लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। संघ ने कहा कि जब शिक्षा विभाग पदोन्नति के एक माह के भीतर वेतन निर्धारण के विकल्प प्राप्त कर लेता है और सभी शिक्षक प्रवक्ता पद पर कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं, तो वेतन निर्धारण में इतनी लंबी देरी उचित नहीं है। विभाग को सभी पात्र शिक्षकों का वेतन निर्धारण शीघ्र पूरा कर वित्तीय लाभ प्रदान करना चाहिए। संघ ने आठ वर्षों से लंबित टीजीटी वरिष्ठता सूची का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद नियुक्त हजारों शिक्षकों की अंतिम वरिष्ठता सूची आज तक जारी नहीं हुई है। इससे शिक्षकों के बीच वरिष्ठता क्रम स्पष्ट नहीं हो पाया है और वे पदोन्नति संबंधी प्रक्रियाओं में भी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की कि लंबित वरिष्ठता सूची को शीघ्र अंतिम रूप देकर जारी किया जाए तथा पदोन्नति एवं वेतन निर्धारण से जुड़े सभी लंबित मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बीपीएल आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

◆ चौधरी फाउंडेशन ने प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश चौधरी फाउंडेशन ने बीपीएल आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश सरकार को ई-मेल द्वारा ज्ञापन भेजा है।

फाउंडेशन का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में बड़ी संख्या में पात्र परिवार समय पर आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे वे योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। ज्ञापन में कहा कि इन दिनों प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण परिवार धान की रोपाई एवं अन्य कृषि कार्यों में व्यस्त हैं। लगातार हो रही वर्षा के कारण कई क्षेत्रों में आवागमन भी प्रभावित हुआ है। वहीं जनगणना कार्य में प्रशासनिक अमले की व्यस्तता के चलते आय प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज समय पर जारी नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा लोक मित्र केंद्रों पर आवेदनों की अधिक संख्या के कारण कई मामले लंबित हैं। सीमित प्रचार-प्रसार के कारण भी अनेक पात्र परिवारों को आवेदन प्रक्रिया और अंतिम तिथि की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी। फाउंडेशन ने आग्रह किया कि सरकार बीपीएल आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि में उचित विस्तार करे, ताकि सभी पात्र एवं जरूरतमंद परिवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकें। डीसी कांगड़ा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक परीक्षण एवं नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चौधरी फाउंडेशन के अध्यक्ष बिट्टल साकड़ा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वास्तविक एवं पात्र परिवार तक पहुंचना चाहिए। महासचिव अश्वनी चौधरी ने कहा कि जनगणना कार्य, लगातार वर्षा, कृषि कार्यों की व्यस्तता तथा लोक मित्र केंद्रों पर लंबित मामलों को देखते हुए अंतिम तिथि में वृद्धि करना समय की आवश्यकता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी जरूरतमंद परिवार केवल प्रशासनिक या तकनीकी कारणों से योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।

पुलिस जिला नूरपुर की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 1 पोकलेन, 2 जेसीबी और 6 मल्टी एक्सल ट्रक किए जब्त

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। पुलिस जिला नूरपुर की एसपी इल्मा अफरोज के निर्देशानुसार अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 9 वाहनों और मशीनरी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। पहली कार्रवाई रेय पत्तन क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस ने अवैध खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन, एक जेसीबी और पांच मल्टी एक्सल ट्रकों को पकड़ा। इस मामले में थाना फतेहपुर में एफआईआर संख्या 72/2026 दर्ज की गई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत सुशील कुमार निवासी जिला होशियारपुर (पंजाब) सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी सात वाहन और मशीनरी को कब्जे में लेकर इंपाउंड कर दिया गया है। मामले की जांच जारी है। वहीं, दूसरी कार्रवाई जखाड़ा क्षेत्र में गश्त के दौरान की गई, जहां नदी में अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और एक टिपर पकड़े गए। दोनों वाहनों के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चालान तैयार कर इंपाउंड किया गया है। चालान को आगामी कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेजा जा रहा है। एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मक्की की फसल पर फॉल आर्मी वर्म का खतरा, किसानों को बताए बचाव के उपाय

कृषि विभाग टीम ने किया ब्लॉक कांगड़ा की नंदरूल पंचायत में निरीक्षण

किसानों को कीट की पहचान, लक्षण और नियंत्रण उपायों की जानकारी दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। मक्की की फसल को भारी नुकसान पहुंचाने वाले फॉल आर्मी वर्म की रोकथाम के लिए कृषि विभाग, जिला कांगड़ा ने विशेष निगरानी एवं जागरूकता अभियान शुरू किया है।

इसी क्रम में राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने विकास खंड कांगड़ा की नंदरूल पंचायत का दौरा कर खेतों का निरीक्षण किया तथा किसानों को कीट की पहचान, लक्षण और नियंत्रण उपायों की जानकारी दी।

निरीक्षण दल में डॉ. अंजू ठाकुर, डॉ. रूपिका शर्मा, डॉ. नेहा ठाकुर और डॉ. इंदु राणा शामिल रहीं। टीम ने बताया कि फॉल आर्मी वर्म प्रारंभिक अवस्था में पत्तियों पर सुई जैसे छोटे छेद बनाता है, जो बाद में बड़े अनियमित सुराखों में बदल जाते हैं। इसकी सुंडियां पत्ती गोभ के भीतर छिपकर पत्तियां और तना खाती हैं, जिससे पौधे सूखने लगते हैं। डॉ. अंजू ठाकुर ने किसानों को सलाह दी कि यदि कीट का प्रकोप 10 प्रतिशत से कम हो तो 5 मिली नीम आधारित कीटनाशी प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। वहीं, प्रकोप 10 प्रतिशत से अधिक होने पर एमामेक्टिन बेंजोएट 5 एसजी (0.4 ग्राम प्रति लीटर) या क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 एससी (कोराजन) 0.4 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

बैठक | हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति का सदस्यता अभियान तेज, सम्मलेन की तैयारियों पर मंथन

एडहॉक जिला कमेटी का किया गठन

अनंत ज्ञान

मनोज चंदेल, योल। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति, धर्मशाला ब्लॉक की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष स्वर्णलता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सदस्यता अभियान को विराम देने जिसमें पूरे जिला में ज्यादातर धर्मशाला ब्लॉक में ही 670 सदस्य बनाए गए हैं और जिला सम्मेलन से पहले पूरे जिला में 5000 सदस्य बनाने का टारगेट तय किया गया।

जिला सम्मेलन की रूपरेखा तय करने तथा 10, 11 और 12 जुलाई को सोलन में आयोजित होने वाले हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति प्रदेश में विज्ञान, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करती रही है।

बैठक में ब्लॉक महासचिव मनोज चंदेल ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि कांगड़ा जिले में कम से कम तीन-चार ब्लॉक समितियों के गठन के बाद ही जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस उद्देश्य से एक एडहॉक जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें उर्मिला राणा को अध्यक्ष तथा डॉ. संजय चौधरी को महासचिव चुना गया। कमेटी में स्वर्णलता, मनोज चंदेल, शारदा, विजय कुमार, ज्योति पठानिया, अंजना, अनीता शर्मा (रैत), दिनेश शर्मा (भावारना), ओमप्रकाश प्रभाकर (लंबागांव), डॉ. हरदेव कटोच (पालमपुर) तथा सुरेंद्र शर्मा (इंदौरा) सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया।

बैठक में पौधरोपण अभियान चलाने का लिया निर्णय। अनंत ज्ञान

राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का चयन

बैठक में सोलन में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय सम्मेलन के लिए उर्मिला राणा, रोहित बोहरा, शारदा, अंजना, डॉ. संजय चौधरी, मनोज चंदेल एवं अनिल धवन को प्रतिनिधि (डेलीगेट) के रूप में चुना गया। इसके अलावा, निर्णय लिया कि समिति आगामी समय में अंजला के नेतृत्व में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाएगी। साथ ही ब्लॉक स्तर पर सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रोहित बोहरा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक समिति गठित की जाएगी।

तकीपुर कॉलेज से साइंस व कॉमर्स संकायों को हटाना चंगर क्षेत्र से अन्याय: भंडारी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर से विज्ञान और वाणिज्य संकाय बंद किए जाने के निर्णय की आलोचना की है। उन्होंने इसे चंगर क्षेत्र के विद्यार्थियों के साथ भेदभाव बताते हुए कहा कि इससे हजारों छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के अवसर सीमित हैं, वहां महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों को समाप्त करना शिक्षा विरोधी कदम है।

कल्याण भंडारी ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि किन कारणों से यह निर्णय लिया गया। उन्होंने आशंका जताई कि इस फैसले से किसी निजी संस्थान को लाभ पहुंचाने का प्रयास हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं है तो सरकार को निर्णय के आधार सार्वजनिक करने चाहिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री के करीबी नेताओं और संबंधित जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। भंडारी ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक ने भी क्षेत्र की मांगों के समर्थन में आवाज नहीं उठाई है। उन्होंने कहा कि 15 पंचायतों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों का विरोध इस निर्णय के प्रति जनता की नाराजगी को दर्शाता है। भंडारी ने मुख्यमंत्री से तकीपुर महाविद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय बहाल करने, रिक्

न्यूज ब्रीफ

मनीष मिस्टर व साक्षी कौंडल बनी मिस फेयरवेल

अनंत ज्ञान, नादौन। डीडीएम साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन कल्लर जलाड़ी में बीएड अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को टाइटल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल मनीष, मिस फेयरवेल साक्षी कौंडल, मिस्टर पर्सनैलिटी मनोज, मिस पर्सनालिटी रितिका, मिस परफॉर्मर तनीषा व मिस्टर परफॉर्मर रमन रहे। उप प्रधानाचार्य मलकियत सिंह राणा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

टौणी देवी स्कूल में सजी पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी

अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टौणी देवी में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश और केरल के पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने दोनों राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजन तैयार कर उनकी सांस्कृतिक एवं पोषण संबंधी विशेषताओं की जानकारी भी दी। केले के पत्तों पर परोसे गए केरल के व्यंजनों और हिमाचली धाम, सीडू, बबरू सहित स्थानीय पकवानों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समझ को मजबूत करता है।

नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा छठी कक्षा में प्रवेश लेने के लिए वर्ष 2027 प्रवेश परीक्षा का आनलाइन फार्म भरने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। प्रवेश परीक्षा के लिए 31 जुलाई तक पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। यह परीक्षा 28 नवंबर को देश भर में आयोजित की जाएगी। नवोदय विद्यालय डूंगरी के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि जो बच्चे पांचवीं कक्षा में मान्यता प्राप्त स्कूल में पढाई कर रहे हैं वो यह फॉर्म भर सकते हैं।

गारू बस्ती में चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान, भोरंज। हनोह पंचायत के वार्ड नंबर-3 स्थित गारू बस्ती में वार्ड सदस्य ऊषा देवी की अध्यक्षता में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थानों, संपर्क मार्गों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान झाड़ियां हटाई गईं, कूड़ा-कचरा एकत्र कर उचित निस्तारण किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पंचायत प्रधान आशा देवी और उपप्रधान राजेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों से नियमित सफाई तथा प्लास्टिक उपयोग कम करने की अपील की।

जिला परिषद सदस्यों ने धूमल से लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चारों जिला परिषद वार्डों से विजयी भाजपा समर्थित सदस्यों ने विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रो. धूमल ने सभी को जीत की बधाई देते हुए जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने, पारदर्शिता बनाए रखने और विकास को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। विधायक और जिलाध्यक्ष ने इसे जनता के विश्वास और संगठन की एकजुटता का परिणाम बताया।

सीएम सुक्खू ने 33 केवी विद्युत उप स्टेशन का वर्चुअल किया लोकार्पण

सुजानपुर के लोगों को दी बड़ी सौगात, 16 पंचायतों को मिलेगा बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के उपकेंद्र पटलांदर (आंसला) में नव निर्मित 33 केवी विद्युत उप-स्टेशन का लोकार्पण मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला से वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि यह विद्युत उप-स्टेशन सुजानपुर क्षेत्र की 16 पंचायतों के लिए बड़ी सौगात है। इससे लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली बाधित होने और बढ़ते विद्युत भार जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।उन्होंने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार सुजानपुर के विकास को प्राथमिकता दे रही है। विधायक ने पूर्व योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले उप-स्टेशन के निर्माण के लिए ऐसा स्थान चुना गया था, जहां कार्य संभव नहीं था। उनके निरंतर प्रयासों और सरकार के सहयोग से यह परियोजना आज पूरी हो सकी है।

पूजा-अर्चना करते विधायक कैप्टन रणजीत सिंह। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री सुक्खू ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने विधायक रणजीत सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से क्षेत्रवासियों से संवाद भी किया तथा कहा कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें विधायक के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया जाए, ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इसके उपरांत विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर नव निर्मित 33 केवी विद्युत उप-स्टेशन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

अल्टीमेटम रंग लाया, राजेंद्र राणा के दबाव में झुकी सरकार

- डेढ़ साल बाद पटलांदर सब स्टेशन का उद्घाटन
- राणा बोले- यह जनता के संघर्ष की जीत

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। चक्का जाम के अल्टीमेटम से 3 दिन पहले ही प्रदेश सरकार ने मंगलवार को पटलांदर स्थित 33 केवी सब स्टेशन का उद्घाटन कर दिया। डेढ़ साल से फाइलों में धूल खा रहा ये सब स्टेशन अब आंसला, पटलांदर और आसपास के 2 दर्जन से अधिक गांवों की तकदीर बदलेगा। लो वोल्टेज और अघोषित कटौती से बेहाल हजारों की आबादी को अब राहत की सांस मिलेगी। पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इसे जनता के संघर्ष की जीत करार दिया।

उन्होंने कहा कि ये किसी नेता की जीत नहीं है। ये जीत हर सुजानपुर वासी की है। राजेंद्र राणा ने सीधा वार करते हुए कहा कि जनता से बैर-विरोध रखने वाली सरकार अपनी मर्जी से नहीं झुकी। उसे डर था कि 10 जुलाई को चक्का जाम हुआ तो प्रदेश भर में किरकिरी होगी। जनता अब जाग चुकी है। उन्हें बेवकूफ बनाना अब आसान नहीं। उन्होंने याद दिलाया कि इस सब स्टेशन को उन्होंने अपने कार्यकाल में स्वीकृत करवाया था। वादा किया था बनवाकर रहूंगा। आज वादा पूरा हुआ। लेकिन लड़ाई यहीं खत्म नहीं हुई। 24 घंटे बिजली मिले, तब तक हम पीछे नहीं हटेंगे। भावुक हुए लोग उद्घाटन की खबर लगते ही पूरे क्षेत्र में जश्न मनाया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले कई सालों से चक्कर काट रहे थे। कोई सुनने वाला नहीं था। राजेंद्र राणा सड़क पर उतरे, अल्टीमेटम दिया, तब जाकर सरकार की नींद टूटी। सत्ता में न होते हुए भी उन्होंने वो कर दिखाया जो सत्ता वाले नहीं कर पाए। वही असली जनहितैषी हैं।

एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित अपराधी मनीमाजरा से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हमीरपुर पुलिस के पीओ सेल को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पीओ सेल की सतत निगरानी, तकनीकी विश्लेषण एवं अथक प्रयासों के फलस्वरूप मुनीश कुमार खरबाड़, तहसील व थाना भोरंज, जिला हमीरपुर, जो एफआईआर संख्या 99.2022 दिनांक 03.08.2022, थाना नादौन, धारा 21, 61 एवं 85 एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित था तथा दिनांक 26.02.2026 को एसीजेएम नादौन द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था, उसे मंगलवार को मनीमाजरा (चंडीगढ़) से गिरफ्तार किया गया। इस सफल कार्रवाई को एएसआई मनोज कुमार, मुख्य आरक्षी मनोहर लाल तथा मुख्य आरक्षी रवि कुमार की टीम ने पेशेवर दक्षता एवं समर्पण के साथ अंजाम दिया।

धार्मिक भावनाओं को राजनीतिक मुद्दा न बनाएं भाजपा नेता : मोंटी संधू

अनंत ज्ञान, नादौन। जिला युवा कांग्रेस हमीरपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं एचआरटीसी निदेशक महेंद्र (मोंटी) संधू ने सांसद अनुराग ठाकुर के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और हिमाचल सरकार पर दिए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सांसद रहने के बावजूद अनुराग ठाकुर को प्रदेश हितों के मुद्दों पर अब आवाज उठाने की याद आती है। मोंटी संधू ने आरोप लगाया कि भाजपा धार्मिक भावनाओं को राजनीतिक मुद्दा बनाकर इस्तेमाल करती रही है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और धार्मिक विषयों पर राजनीति करने के बजाय जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे प्रदेश हितों के बजाय राजनीतिक मामलों पर अधिक बयान देते हैं। मोंटी संधू ने कहा कि हिमाचल की जनता समझती है कि कौन वास्तव में प्रदेश के हितों के लिए कार्य कर रहा है।

खास रणनीति का हिस्सा रहा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव

- भोरंज और बड़सर से नेताओं ने अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की चुनौतियों को भी बनाया रणनीति का हिस्सा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। अब क्योंकि जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हो गया है, लेकिन इस चुनाव को लेकर भाजपा की अंदरूनी और खासकर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के नेताओं की निजी राजनीति का भी इस चुनाव में कुछ न कुछ हिस्सा देखने को मिला है। उनकी निजी राजनीति पर कोई प्रभाव न पड़े, इसका भी नेताओं ने खास ख्याल रखा है। इसीलिए अध्यक्ष भोरंज के लिए और उपाध्यक्ष वडसर के लिए गया है।

कारण यह है कि चर्चा जिन अन्य नामों की इन पदों के लिए थी, वह विधानसभा स्तर पर नेताओं के लिए कहीं ना कहीं कुछ न कुछ निजी राजनीति पर भी प्रभाव डाल सकते थे। शायद धमरोल से अनीता शर्मा और करेर वार्ड से गुरदीप सिंह के नाम यूं ही नहीं आए हैं। हालांकि, अनीता का नाम शुरू से ही लिया जा रहा था। पनोह वार्ड की बात भी हो रही थी। कुछ और नाम भी सामने आ रहे थे, लेकिन अब या सारी चीज नेताओं की राजनीति का भी हिस्सा होती हैं और इस सारी प्रक्रिया में उनका भी पटाक्षेप निश्चित रूप में हुआ तो है ही। भोरंज में अध्यक्ष पद किसी के लिए कोई चुनौती नहीं है। सुजानपुर में जाता तो भी अलग नेता का उदय हो जाता। बड़सर में भी ऐसा हो नहीं सकता था। हमीरपुर में भी गुणा भाग तो विधायक आशीष शर्मा को लगाना ही था शायद उपाध्यक्ष पद के लिए यहां से भी कुछ नाम उभरे थे, मगर भाजपाइयों की जो रणनीति थी, उसमें ऐसा हो नहीं सकता था। अपने लिए दरअसल में कोई भी नेता तैयार हो रही चुनौतियों का समय पर ही निपटारा करने की जहमत उठा लेता है और यह राजनीति का हिस्सा है। बड़सर में वहां के विधायक के लिए उपाध्यक्ष पद पर जातीय समीकरणों के मुताबिक राजनीतिक चुनौती नहीं मिलती है, इसीलिए हो सकता है। सभी नेताओं की सहमति जिस तरीके से बनी उसमें अलग से माहौल में यह सब कुछ शायद आसानी से हो गया। जिला में भाजपा की राजनीति पिछले कुछ समय से अजीबोगरीब मरहले में चल रही है, लेकिन कभी-कभी इस बात का एहसास भी होता है कि वक्त काफी ज्यादा बीत चुका है और अब नेताओं के साथ-साथ जो कार्य करता बंटाधार में फंसे हुए थे, वे भी अब धीरे-धीरे अलग फुर्सत में दिखने लगे हैं, लेकिन जिला की इस राजनीति में गुटबाजी का माहौल निश्चित रूप में कभी-कभी अचानक दिखता है। शायद इस चुनाव में इसका प्रभाव अपने स्तर पर दिखा हो, ऐसा नहीं लगा।

19 में से एक सीट पर सिमटी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की चुनौती

जिला परिषद का चुनाव और गठन जब से थ्री टायर सिस्टम लागू हुआ है, शुरुआती एक मर्तबा को निकाल दिया जाए, तो लगातार इस जिला परिषद पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। लेकिन इस बार के चुनाव में 19 सीटों में से जिस तरीके से कांग्रेस के खाते में केवल एक गई है वह कांग्रेस के लिए उसके नेताओं के लिए गुदगुदाने वाली बात नहीं है। वह भी तब जब जिला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का हो। भाजपा के संघटनात्मक ढांचे की बनावट देखी जाए, तो कांग्रेस को भी बहुत कुछ सोचने की जरूरत है। लेकिन क्या उसके नेता सोचने की इस रणनीति का हिस्सा बनने की जहमत कभी उठाएंगे? दशा दिशा देखकर ऐसा लगता नहीं है।

डीएवी क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। डीएवी विद्यालयों की क्लस्टर स्तरीय एथलेटिक मीट, ताइक्वांडो एवं नेटबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के लड़के और लड़कियों की इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न डीएवी विद्यालयों से आए 320 खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और शिक्षकों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा, प्रधानाचार्य डीएवी कांगू के आगमन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, शॉल और हिमाचली टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। इस अवसर पर डीएवी गुब्बर के प्रधानाचार्य राकेश ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह उत्साह, अनुशासन और खेल भावना से भरपूर रहा।

मिनी सचिवालय परिसर नादौन में ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू

अनंत ज्ञान, नादौन। मिनी सचिवालय परिसर नादौन में पार्किंग स्थल के पास लगाया गया ईवी चार्जिंग स्टेशन आरंभ हो गया है। इससे क्षेत्र के ईवी वाहन चालकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि इस चार्जिंग स्टेशन की लाइव लोकेशन भी आरंभ कर दी गई है। यहां 23.5 किलोवाट के दो कनेक्टर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस चार्जिंग स्टेशन का प्रयोग निजी वाहन चालक भी कर सकते हैं। जिसके लिए प्ले स्टोर से इलैक्ट्रीफाई नामक ऐप डाउनलोड करना पड़ेगा। इस ऐप को इंस्टाल करके इस पर अपना स्लॉट बुक करना होगा। बुकिंग के बाद इस ऐप पर सूचना दी जाएगी कि वाहन चालक किस दिन किस समय पर इस चार्जिंग स्टेशन पर आकर अपने वाहन को चार्ज कर सकता है। इसी ऐप के माध्यम से अन्य संबंधित जानकारियां उपलब्ध होंगी।

एक माह में पूरा होगा शहर में बिछाई जा रही पाइपलाइन का कार्य

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हमीरपुर शहर में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जल शक्ति विभाग ने नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है। शहर में नालियों के ऊपर और सड़क किनारे बिछी पुरानी पेयजल पाइपों के कारण नालियों की सफाई में परेशानी आ रही थी। साथ ही कई स्थानों पर पाइप खराब होने से पेयजल दूषित होने की आशंका भी बनी हुई थी।

इसी समस्या के समाधान के लिए हमीरपुर टाउन पेयजल प्रोजेक्ट के तहत नई पाइपलाइन डाली जा रही है। विभाग द्वारा सड़क किनारे छह इंच व्यास की पाइप बिछाई जा रही है और उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि डांग क्वाली में निर्मित टैंक से शहर को सीधी पेयजल आपूर्ति दी जाएगी। फिलहाल डांग क्वाली से सब्जी मंडी तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है। पुरानी पाइपलाइन कई जगहों से खराब हो चुकी है। विभाग के अनुसार, अभी नालियों से गुजर रही पुरानी पाइपों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राजीव सहगल ने बताया कि हमीरपुर टाउन के लिए तैयार किए गए प्रोजेक्ट के तहत नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। पुरानी पाइपलाइन से कई उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था, इसलिए यह निर्णय लिया गया है। एक माह के भीतर नई पाइपलाइन से सभी कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगे।

बड़ैहर में बनेगा नेचर पार्क, विधायक सुरेश कुमार ने किया निर्माण स्थल का निरीक्षण

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत बड़ैहर पंचायत में प्रस्तावित नेचर पार्क के निर्माण को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और परियोजना से जुड़ी विभिन्न संभावनाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को नेचर पार्क की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्राथमिकता के आधार पर जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 'हरित हिमाचल' के विजन को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बड़ैहर में प्रस्तावित नेचर पार्क इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पार्क के निर्माण में प्राकृतिक वातावरण और जैव विविधता के संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी बेहतर उदाहरण बन सके। विधायक ने कहा कि नेचर पार्क बनने से क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को नया आयाम मिलेगा और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भोरंज विधानसभा क्षेत्र के संतुलित एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। जनता को आधुनिक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विधायक को परियोजना की प्रारंभिक रूपरेखा से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर डीपीआर तैयार कर आगामी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

विधायक ने दिए जल्द डीपीआर तैयार करने के निर्देश। अनंत ज्ञान

स्कूल स्तर पर भी होगी एचपीवी वैक्सीनेशन, सीएमओ ने दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों को सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाने के लिए आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए अब जिले में आवश्यकतानुसार स्कूल स्तर पर भी टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने जिला के सभी छह स्वास्थ्य खंडों के खंड चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने खंडों के स्कूलों में टीकाकरण सत्र के लिए शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि टीकाकरण सत्रों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रूप से एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) जारी की है। सभी खंड चिकित्सा अधिकारी इन एसओपी की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करें। डॉ. अजय अत्री ने बताया कि महिलाओं में बार-बार इनफेक्शन के कारण सर्विकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। सर्विकल कैंसर की शिकार लगभग 99.7 प्रतिशत महिलाओं में इसका कारण लंबे समय तक इनफेक्शन होना ही है। एक अध्ययन के अनुसार एक लाख महिलाओं में लगभग 14 महिलाएं इससे ग्रस्त पाई जाती हैं। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्विकल कैंसर सबसे ज्यादा पाया गया है। इस गंभीर रोग से बचाव के लिए ही एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आरंभ किया गया है। यह टीका 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों को भविष्य में सर्विकल कैंसर से बचाएगा।

भाजपा ने बीडीसी चुनाव न करवाने को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर किया धरना- प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

सुजानपुर। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा की अगुवाई में भाजपा मंडल ने एसडीएम सुजानपुर को ज्ञापन सौंपा और सुजानपुर व टौणीदेवी बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव को तुरंत करवाने की भी मांग उठाई। इसके बाद एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करने के बाद पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि जिला हमीरपुर में भोरंज ब्लॉक को छोड़कर बाकी 5 ब्लॉकों में बीडीसी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव नहीं करवाए जा रहे। ये सोची-समझी साजिश है।

जहां कांग्रेस को जीत का भरोसा है वहां चुनाव करवा दिए। जहां हार का डर है वहां लोकतंत्र को ताला लगा दिया। नादौन, हमीरपुर, बड़सर, सुजानपुर और टौणीदेवी में डेढ़ महीने से चुनाव लटकाए गए हैं। एक जिले में दो तरह के नियम? ये लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने चेताया कि बेईमानी से बनी ये सरकार अब पंचायती राज संस्थाओं को भी कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी यह ट्रेलर है। अगर जल्द चुनाव नहीं हुए तो भाजपा कार्यकर्ता जनता के साथ हर ब्लॉक में आंदोलन करेंगे।

राजेंद्र राणा की अगुवाई में भाजपा मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

हार की बौखलाहट में पत्रकारों पर हमला : राणा

राजेंद्र राणा ने शिमला में कांग्रेस मुख्यालय में महिला पत्रकार से हुई बदसलूकी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जनता और मीडिया की आवाज दबाने वाली सुक्खू सरकार में उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। पत्रकार से बदसलूकी करने वालों पर कार्रवाई की बजाय पत्रकारों को ही डराया जा रहा है और मामले दर्ज कर पुलिस थाने में बेवजह बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में करारी हार से बौखलाई सरकार अब हर वर्ग पर अपनी हार की टीस निकाल रही है। लेकिन जनता सब देख रही है। इसके गिने-चुने दिन ही बचे हैं।

कल्लर डरोल चुनवान सड़क पर जलभराव, विद्यार्थी हो रहे परेशान

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन हमीरपुर सड़क के किनारे स्थित कल्लर-डरोल-चुनवान सड़क पर जलभराव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। यहां फोरलेन से जजोली गांव को जाने के लिए बनाए गए सपर्क मार्ग के पास फोरलेन की लापरवाही के कारण सारा बरसाती पानी बह कर नीचे की ओर स्थित इन गांवों की ओर जा रहा है। इससे सड़क पर पानी लबालब भरा हुआ है, जिसके कारण रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी यहां स्थित बीएड तथा लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों को हो रही है, जिन्हें सुबह और शाम इसी सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। जलभराव के कारण उनका सफर बेहद जोखिम भरा बन गया है और स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग एक वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर बिल्डिंग का मलबा डालकर फिलिंग की गई थी, लेकिन उसके बाद से सड़क की कोई सुध नहीं ली गई। आज भी सड़क की हालत बद से बदतर बनी हुई है और बारिश के दिनों में यह पूरी तरह पानी में डूब जाती है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क की जल्द मरम्मत कर जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि विद्यार्थियों और आम जनता को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। इस बारे विभाग के एसडीओ अमन कुमार ने बताया कि समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को मध्यस्थता से निपटाने का मौका

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) हमीरपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के आपसी सुलह एवं मध्यस्थता से निपटारे के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह उन पक्षकारों के लिए सुनहरा अवसर है, जो अपने मामलों का शीघ्र और सौहार्दपूर्ण समाधान चाहते हैं।

उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के उद्देश्य से 21 अप्रैल से 'समाधान समारोह 2026' का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत लंबित मामलों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से किया जा रहा है। अभियान का समापन 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालतों के साथ होगा। कुलदीप शर्मा ने बताया कि इच्छुक पक्षकारों की सुविधा के लिए एक सरल गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, जो सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। संबंधित पक्षकार 31 जुलाई तक यह फॉर्म भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल करवा सकते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं और सभी संबंधित पक्षों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 01972-224399 पर संपर्क किया जा सकता है। कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) द्वारा मानसिक विकार एवं मानसिक मंदता से प्रभावित लोगों के लिए भी नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

बिजनी, मैगल में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। 11 केवी उच्च ताप विद्युत लाइन द्रग-धनोग की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 9 जुलाई (वीरवार) को 11 केवी द्रग-धनोग फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों बिजनी, मैगल, टांडू, पाखरी, गलूधार, नेरी, रुंघ, धनोग, टाढ़ी, बक्साघराट, खुईधार तथा चनालदी में विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता होशियार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संबंधित क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है। यदि मौसम खराब रहता है तो मरम्मत कार्य स्थगित कर अगले दिन किया जा सकता है।

त्रिफालघाट व खुडला स्कूल का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने 'अपना विद्यालय-दि हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम' के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिफालघाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश की शक्ति है और नशामुक्त समाज बनाने में उनकी भूमिका अहम है। एसडीएम ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, स्वच्छता व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने राजकीय माध्यमिक पाठशाला खुडला का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्कूल भवन, खेल मैदान और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल प्रशासन को आवश्यक सहयोग उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया।

हेली सेवा से बढ़ेगा मध्य हिमाचल संपर्क

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा ने मंडी-चंडीगढ़ और कुल्लू-मंडी-चंडीगढ़ हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों के लिए विकास, पर्यटन और आपदा

प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि कांगनीधार हेलीपोर्ट से संचालित होने वाली इस सेवा से लोगों को बेहतर हवाई सुविधा मिलेगी। मंडी से चंडीगढ़ तक करीब 30 मिनट का सफर और 3,500 रुपए किराया आम नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यवसायियों व मरीजों के लिए लाभकारी होगा। दीपक शर्मा ने कहा कि इस सेवा से पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आपदा और आपातकालीन परिस्थितियों में राहत कार्यों तथा मरीजों को शीघ्र उपचार उपलब्ध करवाने में भी यह सुविधा अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने इसे मध्य हिमाचल के विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

रोजगार शिविर 10 को, भरे जाएंगे 100 पद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जिला रोजगार कार्यालय, मंडी के सौजन्य से 10 जुलाई को रोजगार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के लगभग 100 पदों के लिए भर्ती होगी। 10वीं, 12वीं अथवा होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष आयु के युवा इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को होटल मैनेजमेंट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान ₹10,000 प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। प्रशिक्षण पूरा करने पर मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। इसके बाद कंपनी में नियमित नियुक्ति के साथ आकर्षक वेतन, पीएफ, ईएसआई, निःशुल्क भोजन, आवास, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य लाभ मिलेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय, मंडी में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों।

कांग्रेस को वर्षों बाद याद आया राम नामः अजय

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव एवं अधिवक्ता अजय चौहान ने कांग्रेस नेताओं द्वारा शिमला के राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस लंबे समय तक

राम मंदिर मुद्दे का विरोध करती रही, वही अब राम के नाम पर राजनीति कर रही है। चौहान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहले राम मंदिर निर्माण से जुड़े मामलों का विरोध किया और अब मंदिर जाकर अपनी छवि बदलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का मंदिर जाना आस्था का विषय नहीं बल्कि राजनीतिक कदम है। चौहान ने दावा किया कि जनता कांग्रेस की इस राजनीति को समझ रही है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

नबाही में 12 जुलाई को चिकित्सा शिविर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 जुलाई को नबाही माता मंदिर परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सिटीहार्ट सुपरस्पेशलिटी अस्पताल, मेहरे (बड़सर), जिला हमीरपुर द्वारा गबरू यूथ क्लब, नबाही के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श देंगे। इस दौरान हृदय रोग संबंधी परामर्श के अलावा रक्तचाप, रक्त शर्करा और ईसीजी जैसी आवश्यक जांचें भी बिना किसी शुल्क के की जाएंगी। आयोजकों के अनुसार पात्र मरीजों को आयुष्मान भारत, ईसीएचएस तथा हिमाचल सरकार की प्रतिपूर्ति योजना का लाभ भी उपलब्ध है। गबरू यूथ क्लब ने क्षेत्रवासियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की है।

सरकाघाट में गूंजा फिटनेस का संदेश

राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, सामर्थ और लता देवी बने ओवरऑल विजेता

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। इंडियन फिटनेस फेडरेशन के तत्वावधान तथा राज फिटनेस सेंटर, सरकाघाट के सौजन्य से राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश देना था। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 50 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी शक्ति, सहनशक्ति और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और दर्शकों में उत्साह का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम में डॉ. सुभाष वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेज़ी), मुख्य अतिथि और समाज से भी विजय गुलेरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का संतुलित विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि

विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए आयोजक। अनंत ज्ञान

नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या ही स्वस्थ एवं सफल जीवन की आधारशिला हैं।

उन्होंने युवाओं से नशे जैसी घातक प्रवृत्तियों से दूर रहकर खेलों और फिटनेस को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिताएं जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने का सबसे प्रभावी साधन हैं। चैंपियनशिप में लेग प्रेस और बेंच प्रेस की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पुरुष एवं महिला वर्ग में 40-50, 50-60, 60-70, 70-80 तथा 80-90 किलोग्राम भार वर्गों में मुकाबले हुए। सभी खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। निर्णायक मंडल ने तकनीकी मानकों के आधार पर निष्पक्ष मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया। ओवरऑल पावर लिफ्टिंग पुरुष वर्ग का खिताब सामर्थ ने अपने नाम किया, जबकि महिला वर्ग में लता देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल विजेता बनने का गौरव हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की उपस्थित दर्शकों ने जोरदार सराहना की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की खेल भावना, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि, प्रतिभागियों, निर्णायकों, सहयोगियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट वातावरण देखने को मिला, जिसने इस राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप को सफल, प्रेरणादायक और यादगार बना दिया।

अब 100 से बढ़कर 150 बेड का हुआ सरकाघाट अस्पतालः पवन ठाकुर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। प्रदेश सरकार ने सरकाघाट क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात दी है। जिला मंडी के नागरिक अस्पताल सरकाघाट का स्तर सुधारते हुए इसे 100 बेड से बढ़ाकर 150 बेड का कर दिया गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी साझा करते हुए सरकार के इस कदम की सराहना की है। प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार के

आदेशानुसार जनहित में नागरिक अस्पताल सरकाघाट के अपग्रेडेशन के आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। यह अधिसूचना 3 जुलाई को शिमला से प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) एम. सुधा देवी द्वारा जारी की गई है।

पवन ठाकुर ने कहा कि अस्पताल में बेड की क्षमता बढ़ने से न केवल सरकाघाट बल्कि इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

सहकारी सभाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ः वर्मा

जनहित सहकारी सभा ने विकास और पारदर्शिता की मिसाल पेश की

अनंत ज्ञान

मंडी। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय तथा प्रदेश सरकार द्वारा सहकार से समृद्धि अभियान के तहत सहकारिता सप्ताह का आयोजन दी जनहित ऋण एवं बचत सहकारी सभा सीमित के मुख्य कार्यालय नेरचौक में प्रधान सरस्वती ठाकुर की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक मंडल के सदस्य, सचिव कृष्ण चंद्र चौधरी, राज्य सहकारी बैंक से सेवानिवृत्ति, सभा के कर्मचारी वर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभा के संस्थापक, निदेशक डॉक्टर सीताराम वर्मा ने सहकारिता आंदोलन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहकारी सभाएं मजबूती प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष उन्हें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष एनआईटी हमीरपुर में 'सहकारिता बेहतर विश्व का निर्माण करती है' में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेकर वहां अर्जित ज्ञान को भी साझा

सहकारिता सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य। अनंत ज्ञान

किया। सभा सचिव कृष्ण चंद्र चौधरी ने शिविर के दौरान सहकारी सभाओं और उनसे जुड़ी शंकाओं का समाधान किया। सभा सचिव कृष्ण चंद्र ने सहकारिता के नियमों तथा उद्देश्यों की जानकारी दी तथा जनहित ऋण एवं बचत सहकारी सभा ने चौक की प्रगति रिपोर्ट और भविष्य में कार्यान्वयन के बारे में निदेशक मंडल से सहयोग की अपेक्षा की।

उन्होंने बताया कि जब उन्होंने सभा का कार्यभार संभाला तब करीब 40 ऋण खाते ऐसे थे जिनमें बिल्कुल भी ऋण वसूली नहीं हो पा रही थी। जून 2026 में इन खातों की संख्या मात्र 10 रह गई है। सभा का 2024-25 का लाभांश 346979 रुपए था तथा बर्ष 2025-26 में सभा को 570000 रूपये का लाभ हुआ। वर्ष 2025 की पहली तिमाही का लाभ 468000 रुपए था जबकि वर्ष 2026 की पहली तिमाही का लाभांश 735000 रुपए है। इसको आधार मानते हुए इस वर्ष सभा को 15 लाख रुपए के शुद्ध लाभ होने की संभावना है। सभा की प्रधान ने कार्यक्रम के आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए उपस्थित सहकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

5 जरूरतमंद बच्चों की आईटीआई शिक्षा का खर्च उठाएंगे अजय

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री एवं जिला कांगड़ा के सह प्रभारी अजय ठाकुर ने संधोल क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पांच विद्यार्थियों की आईटीआई शिक्षा का पूरा खर्च उठाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की प्रवेश एवं सेमेस्टर फीस वह स्वयं वहन करेंगे। साथ ही आईटीआई की पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्हें रोजगार दिलाने का भी प्रयास करेंगे।

अजय ठाकुर ने कहा कि संधोल क्षेत्र में रोजगार के सीमित अवसर हैं और अधिकांश युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा ही बेहतर भविष्य का माध्यम बन सकती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसी भी होनहार विद्यार्थी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के जरूरतमंद एवं इच्छुक विद्यार्थियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। अजय ठाकुर ने बताया कि वह पहले भी क्षेत्र के कई युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार दिलाने में सहयोग कर चुके हैं।

पंडोह में धूमधाम से मनाया बीएसएल परियोजना का स्वर्ण जयंती समारोह

बीएसएल परियोजना का स्वर्ण जयंती समारोह मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

बालक राम, पंडोह। ब्यास सतलुज लिंक (बीएसएल) परियोजना के 50वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन पंडोह में धूमधाम से किया गया। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के चेयरमैन ई. मनोज त्रिपाठी ने कर्मचारियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते पर्यावरण और तकनीक के दौर में परियोजना को नई ऊर्जा व आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ाना होगा।

उन्होंने शहीदी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां सीआईएसएफ जवानों ने सलामी दी। डैहर पावर हाउस की 990 मेगावाट क्षमता को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि बीएसएल परियोजना देश की ऊर्जा व्यवस्था में अहम योगदान दे रही है।

उन्होंने बांध सुरक्षा, अर्ली वार्निंग सिस्टम, गाद नियंत्रण और डाउन स्ट्रीम सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पौधारोपण, हवन और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया। स्थानीय प्रतिनिधियों ने विस्थापितों और पंडोह बाजार की सुरक्षा संबंधी मांगें भी रखीं।

कृषि वैज्ञानिक कल्याण संघ मंडी के प्रधान बने डॉ. जगदीश कुमार

नई कार्यकारिणी के गठन के बाद उपस्थित सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। कृषि वैज्ञानिक कल्याण संघ मंडी, हिमाचल प्रदेश की बैठक प्रधान डॉ. बी.एस. देओड की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ की नई कार्यकारिणी का गठन करना था। पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने के उपरांत डॉ. आरसी ठाकुर की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसमें डॉ. जगदीश कुमार को प्रधान, डॉ. प्रकाश चन्द सैनी को उप प्रधान, डॉ. सतीश गुलेरिया को महा सचिव, डॉ. दलीप सिंह पंत को वित्त सचिव, डॉ. किशोर खोसला को संयुक्त सचिव, डॉ. अच्छर राम शर्मा को प्रेस सचिव तथा डॉ. रमेश चन्द्र ठाकुर को मुख्य सलाहकार चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक दो माह बाद नियमित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। नए सदस्यों से सदस्यता शुल्क तथा सभी सदस्यों से वार्षिक शुल्क जमा करवाने का आग्रह किया गया। पूर्व बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने वाले असमर्थ सदस्यों को संघ छोड़ने की अनुमति प्रदान की गई। बैठक में आगामी बैठक 16 अगस्त को आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया।

राष्ट्रीय चेतना, पर्यावरण व सामाजिक सरोकारों पर गूंजीं रचनाएं

अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना। भाषा एवं संस्कृति विभाग, जिला मंडी द्वारा मंगलवार को पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी जयंती साहित्यिक गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी की उपस्थिति में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गंगा राम राजी ने मुख्य अतिथि तथा मुंबई से आए फिल्म स्टोरी राइटर प्रोफेसर रवि शेखर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रथम सत्र में साहित्यकार मुरारी शर्मा ने 'पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी के साहित्य में राष्ट्रीय एवं सामाजिक चेतना' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस पर कवि सुरेंद्र मिश्रा, डॉ. मनोहर अनमोल, प्रकाश चन्द्र धीमान, रेवती सैनी तथा डॉ. गंगा राम राजी ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं प्रोफेसर रवि शेखर ने पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कालजयी कहानी 'उसने कहा था' का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। दूसरे सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में करीब दो दर्जन कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कवि भीम सिंह परदेशी, जगदीश कपूर, मुरारी शर्मा, डॉ. मनोहर अनमोल, राजेंद्र सिंह ठाकुर, रुपी, सुरेंद्र मिश्रा, राघव, रतन लाल शर्मा, निर्मला चंदेल, भारत शर्मा, रुपेश्वरी शर्मा, विद्या शर्मा, चंपा देवी, अर्पणा, प्रकाश धीमान, बबली, भव्य जंबाल, लतेश और उमेश सहित अन्य कवियों ने खूब सराहना बटोरी।

सरकाघाट में महिला बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए चयन ट्रायल संपन्न, आज जारी होगी अंतिम सूची

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। रवीन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय (आरएनटीजीसी), सरकाघाट में महिला बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चयन ट्रायल में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की कुल 21 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान चयन समिति द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों के बास्केटबॉल कौशल, शारीरिक दक्षता, खेल प्रदर्शन, अनुशासन तथा समग्र क्षमता का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। यह संपूर्ण प्रक्रिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. आर. कौंडल के मार्गदर्शन एवं चयन समिति के सहयोग से निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर आर कौंडल ने बताया कि आरएनटी राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट में महिला बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल की स्थापना प्रदेश में महिला बास्केटबॉल को नई दिशा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस हॉस्टल के माध्यम से प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगी। महाविद्यालय प्रशासन ने चयन ट्रायल में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। चयन समिति द्वारा महिला बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल की अंतिम चयन सूची 8 जुलाई को महाविद्यालय के सूचना पट्ट एवं आधिकारिक माध्यमों से जारी की जाएगी। इस अवसर पर चयन समिति के संयोजक प्रवक्ता विशाल कुमार तथा सदस्य मोनिका ठाकुर, डॉ. अनीता, डॉ. सुधीर कुमार, सुमन कुमार, डॉ. मलविंदर सिंह, कोच राकेश ठाकुर एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रवक्ता दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

प्रतिभागी छात्राओं में दिशिता चंदेल, दिव्यांशी ठाकुर, काशिश राय, नवजोत, महक शर्मा, प्रिया देवी, अंजना देवी, आरती, पूनम भारद्वाज, शौर्या बनयाल, कनिका, नीतिका ठाकुर, प्रियाशा ठाकुर, तमन्ना कुमारी, दीक्षा कुमारी, प्रेरणा, भूमिका, प्रीति, सिमरन शर्मा तथा सनेहा शामिल रहीं।

संधोल अस्पताल की मांगों को लेकर जनआंदोलन दसवें दिन भी जारी

मांगें पूरी नहीं हुईं तो 13 से आमरण अनशन

संधोल अस्पताल की मांगों को लेकर जनआंदोलन दसवें दिन भी जारी रहा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। संधोल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक और अन्य सुविधाओं को लेकर चल रहा जन आंदोलन मंगलवार को दसवें दिन भी पूरे जोश और जनसमर्थन के साथ जारी रहा। आंदोलन के दसवें दिन आयुष, साहिल और अखिल क्रमिक अनशन पर बैठे।

दिनभर विभिन्न पंचायतों से लोग धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाते रहे। युवाशक्ति के अध्यक्ष अविनाश भनवाल ने कहा कि सरकार द्वारा अब तक आंदोलन की प्रमुख मांगों को पूरा नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों द्वारा पहले ही सरकार को मांगें पूरी करने के लिए समय दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई सामने नहीं आई है। ऐसे में युवाशक्ति ने आंदोलन के अगले चरण की तैयारी शुरू कर दी है। अविनाश भनवाल ने बताया कि 13 जुलाई को क्षेत्र के हजारों लोगों की भागीदारी के साथ एक विशाल रैली निकाली जाएगी।

इसके उपरांत आंदोलन को और तेज करते हुए आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय क्षेत्र की जनता की भावनाओं और लगातार मिल रहे जनसमर्थन को देखते हुए लिया गया है।

चलौग-च्योरी वाया धन्यारा व चनीकर हाडाबोई सड़क निर्माण का रास्ता साफ

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज के ग्रामीण इलाकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से चलौग से च्योरी वाया धन्यारा तथा चनीकर से हाडाबोई सड़क को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से एफआरए के तहत स्वीकृति मिल गई है। इससे दोनों सड़कों के निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

विधायक राकेश जम्वाल ने बताया कि ये दोनों सड़कें उनकी विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत केंद्र सरकार को भेजे गए प्रमुख प्रस्तावों में शामिल थीं। उन्होंने कहा कि वर्षों से क्षेत्र की जनता इन सड़कों की मांग कर रही थी, क्योंकि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और मरीजों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। चनीकर-हाडाबोई सड़क के लिए

करीब 1.9784 हेक्टेयर तथा चलौग-च्योरी वाया धन्यारा सड़क के लिए लगभग 8.8547 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग की एफआरए स्वीकृति प्राप्त हुई है। अब शेष विभागीय और तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कर निर्माण कार्य को जल्द गति दी जाएगी।

राकेश जम्वाल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार

- विधायक प्राथमिकता के प्रस्तावों को मिली एफआरए की मंजूरी
- जम्वाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का जताया आभार

हिमाचल प्रदेश के विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दे रही है।

उन्होंने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के अनेक गांवों को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा। किसानों और बागवानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, जबकि विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को भी शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक आसान पहुंच मिल सकेगी।

बिजली बिल समय पर नहीं भरा तो देना पड़ेगा अतिरिक्त शुल्क

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। यदि आपने इस माह का बिजली बिल अभी तक जमा नहीं किया है तो अब देर करना भारी पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल संख्या-1, मंडी ने सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित तिथि से पहले बिजली बिल जमा करने की सलाह देते हुए स्पष्ट किया है कि समय सीमा बीतने के बाद बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन नियमानुसार बिना किसी अतिरिक्त सूचना के विच्छेदित कर दिए जाएंगे।

सहायक अधिशासी अभियंता नरेश ठाकुर ने बताया कि कनेक्शन दोबारा बहाल करवाने के लिए उपभोक्ताओं को 250 रुपये पुनः संयोजन शुल्क के साथ समस्त बकाया राशि का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद अब ऐसे उपभोक्ताओं को बिजली बिल की मुद्रित प्रति उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। बिल केवल बोर्ड के अभिलेखों में दर्ज पंजीकृत मोबाइल

- बिजली बोर्ड ने उपभोक्ताओं को किया सतर्क

नंबर और ई-मेल आईडी पर ही भेजे जाएंगे। इसके अलावा उपभोक्ता विद्युत बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से भी अपना बिल डाउनलोड कर ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने ऐसे उपभोक्ताओं से भी शीघ्र संपर्क करने को कहा है, जिन्होंने अभी तक अपना मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी दर्ज नहीं करवाई है अथवा उसमें परिवर्तन हुआ है। साथ ही उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह किया गया है कि वे अपने विद्युत मीटर ऐसी जगह स्थापित रखें, जहां बोर्ड के कर्मचारी मीटर रीडिंग, निरीक्षण, रखरखाव और अन्य तकनीकी कार्य आसानी से कर सकें। नरेश ने कहा कि समय पर बिल भुगतान, सही संपर्क विवरण और बोर्ड के कर्मचारियों को सहयोग देना निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सच्चाई से जिसका मन भरा है, वह विद्वान न होने पर भी बहुत देश सेवा कर सकता है।

-पं. मोतीलाल नेहरू

संपादकीय

एंट्री टैक्स पर टकराव

हिमाचल प्रदेश का एंट्री टैक्स विवाद अब केवल एक कर व्यवस्था का मामला नहीं रह गया है। यह धीरे-धीरे दो राज्यों के बीच असंतोष और राजनीतिक बहस का कारण बनता जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार को कर लगाने का अधिकार है, लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण यह भी है कि उस कर को लेकर जनता के मन में विश्वास और स्पष्टता हो। हिमाचल सरकार की यही सबसे बड़ी चुनौती है कि वह एंट्री टैक्स को लेकर उठ रहे सवालों का संतोषजनक जवाब दे।

सवाल यह नहीं है कि टैक्स क्यों लगाया गया, बल्कि सवाल यह है कि इसकी जरूरत, दरों और प्रभाव को लेकर लोगों में भ्रम क्यों बना हुआ है? अगर सरकार की नीति स्पष्ट है तो उसे जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने में दिक्कत क्यों आ रही है? और अगर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है तो सरकार को संवाद का रास्ता अपनाने में देरी क्यों हो रही है?

हिमाचल प्रदेश में एंट्री टैक्स कोई नई व्यवस्था नहीं है। यह सिस्टम 1975 के हिमाचल प्रदेश टोल्स एक्ट के तहत लागू किया गया था। पहाड़ी राज्य होने के कारण सड़क निर्माण और रखरखाव पर अधिक खर्च आता है। इसलिए सरकार का यह तर्क स्वाभाविक है कि विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होती है लेकिन किसी भी टैक्स की स्वीकार्यता तभी बनती है, जब आम जनता को लगे कि यह व्यवस्था न्यायसंगत है और इसका बोझ उनकी क्षमता से बाहर नहीं है।

वर्ष 2025 में टैक्स दरों में मामूली बढ़ोतरी के बाद फरवरी 2026 में नई टोल नीति के तहत प्रस्तावित वृद्धि ने विवाद को जन्म दिया। निजी वाहनों सहित कई श्रेणियों के वाहनों पर शुल्क बढ़ाने की योजना से पंजाब और हरियाणा के लोगों में नाराजगी पैदा हुई। हिमाचल आने वाले पर्यटकों, टैक्सी चालकों और व्यापारियों ने इसे अतिरिक्त आर्थिक दबाव बताया। विरोध तेज हुआ तो सरकार को कदम पीछे खींचने पड़े और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को हस्तक्षेप करना पड़ा।

मौजूदा समय में कार/जीप/वैन से 100 रुपए, 6-12 सीट वाले वाहनों से 130 रुपए, ट्रैक्टर से 100 रुपए और भारी वाहनों से 800 रुपए तक एंट्री टैक्स लिया जा रहा है। सरकार को यह बताना होगा कि इस टैक्स से होने वाली आय कहां खर्च की जा रही है। पारदर्शिता ही किसी भी कर व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करती है। इस मुद्दे का दूसरा पहलू पंजाब में बढ़ता विरोध है। नूरपुर बेदी में किसान संगठनों, टैक्सी यूनियनों और निहंग सिंह जत्थेबंदियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शनकारियों की नाराजगी को केवल राजनीतिक विरोध कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। जब सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग किसी नीति को लेकर परेशान होते हैं तो सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए।

हालांकि, विरोध के नाम पर किसी भी तरह की गैरकानूनी वसूली को उचित नहीं ठहराया जा सकता। पंजाब में निहंगों की ओर से की गई कथित 'खालसा टैक्स' वसूली भी कानून व्यवस्था के लिहाज से गंभीर विषय है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कर वसूली का अधिकार केवल सरकार और अधिकृत संस्थाओं को होता है। अपनी नाराजगी जताने का अधिकार सभी को है, लेकिन समानांतर व्यवस्था खड़ी करना समाधान नहीं हो सकता।

हिमाचल और पंजाब के रिश्ते राजनीतिक सीमाओं से कहीं ऊपर हैं। दोनों राज्यों के लोगों के बीच वर्षों पुराने सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध हैं। पंजाब से बड़ी संख्या में लोग हिमाचल पर्यटन, धार्मिक यात्राओं और व्यापार के लिए आते हैं, जबकि हिमाचल के लोगों का भी पंजाब से गहरा जुड़ाव है। इसलिए ऐसी किसी भी नीति से बचना चाहिए जो इन संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा करे।

यह भी सच है कि इस विवाद को राजनीतिक रंग दिया जा सकता है। हिमाचल में कांग्रेस सरकार है और विपक्ष इस मुद्दे को सरकार को घेरने के लिए इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर समाधान तलाशना होगा। जनता को यह महसूस होना चाहिए कि उसकी चिंताओं को सुना जा रहा है। अब समय आ गया है कि हिमाचल और पंजाब सरकारें आमने-सामने की राजनीति छोड़कर बातचीत का रास्ता अपनाएं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और मुख्यमंत्री भगवंत मान को इस मुद्दे पर आपसी चर्चा करनी चाहिए। सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों, टैक्सी ऑपरेटरों और व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कोई व्यावहारिक समाधान निकाला जा सकता है।

सरकार को एंट्री टैक्स की नीति को सरल भाषा में स्पष्ट करना चाहिए। यदि कहीं भ्रम है तो उसे दूर करना चाहिए और यदि किसी वर्ग पर अधिक भार पड़ रहा है तो राहत के विकल्पों पर विचार करना चाहिए। विकास के लिए राजस्व जरूरी है, लेकिन विकास की कीमत जनता के भरोसे को खोकर नहीं चुकाई जा सकती।

आज की प्रमुख हस्ती

भारतीय क्रिकेट के सफल कप्तानों में एक

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सौरव चंडीदास गांगुली का नाम एक सफल कप्तान, बेहतरीन बल्लेबाज और आक्रामक नेतृत्वकर्ता के रूप में लिया जाता है। उनका जन्म 8 जुलाई 1972 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ। बाएं हाथ के शानदार बल्लेबाज गांगुली दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी भी करते थे। उन्होंने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला एकदिवसीय और 1996 में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में पहला टेस्ट मैच खेला, जहां पदार्पण में ही शतक लगाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

सौरव चंडीदास गांगुली
जन्म : 8 जुलाई, 1972

सौरव गांगुली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और ऑफ साइड पर शानदार शॉट्स के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अलग पहचान बनाई। 1997 के सहारा कप में पाकिस्तान के खिलाफ उनके हरफनमौला प्रदर्शन ने उन्हें स्टार खिलाड़ी बना दिया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के साथ मिलकर दुनिया की सबसे सफल सलामी जोड़ियों में स्थान बनाया और कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।

फरवरी 2000 में गांगुली भारतीय टीम के कप्तान बने। उनके नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट ने नई ऊंचाइयों को छुआ और कई युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। 1999 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ उनकी 183 रन की यादगार पारी उस समय किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च विश्व कप स्कोर थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए सौरव गांगुली को 1998 में अर्जुन पुरस्कार तथा स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर सम्मान से नवाजा गया।

कविता

मैं एक वर्षा की बूंद

अतुल कुमार, गांव गड़खल, तहसील कसौली
जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) 173201

सूरज और सागर के मिलन से जन्म ले खड़ी हूं
बादलों रूपी रथ चढ़कर मैं चल पड़ी हूं।।
धरती से मिलने, फूलों में खिलने
नदियों से खेलने, पत्थरों को झेलने।।
फसलों में घुलने, फल फूल में झूलने।।
हरियाली बिखेरने, जीवनचक्र फेरने।।
मेरा होगा बलिदान, खुश होगा किसान
खुश होगा बागवान, बनेगा कोई मकान।।
सेहत का रखने ध्यान, पवित्र करने स्नान
जीव को देने जान, घर आए को सम्मान।।
बनने को पानी, नदियों की कहानी
झीलों की जवानी, जग को दिखानी।।
रसोई है बनानी, दवा है खिलानी
पूजा है करानी, जान है बचानी
सागर से आना, फिर सागर से मिल जाना
यही जीवन चक्र है, मुझे मानव को समझाना।।

उद्धव और गोपियों का संवाद : ज्ञान पर प्रेम की विजय

भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में अनेक ऐसे प्रसंग हैं, जो मानव जीवन को गहन आध्यात्मिक संदेश देते हैं। इन्हीं में से एक अत्यंत प्रसिद्ध प्रसंग है उद्धव और गोपियों का संवाद, जिसमें ज्ञान, योग और तप की तुलना प्रेम, भक्ति और समर्पण से होती है। यह कथा केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह हमें सिखाती है कि जहां ज्ञान बुद्धि को प्रकाशित करता है, वहीं प्रेम आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है।

शिवालिक अवस्थी
धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश

उद्धव भगवान श्रीकृष्ण के चचेरे भाई होने के साथ-साथ उनके परम मित्र भी थे। वे रूप, वेशभूषा और व्यक्तित्व में भी श्रीकृष्ण के समान दिखाई देते थे। उद्धव महान विद्वान, योगी और ब्रह्मज्ञानी थे। उन्होंने वेद, उपनिषद, योग और तपस्या के माध्यम से अद्वितीय ज्ञान प्राप्त किया था। उनके ज्ञान की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थी, किंतु वे प्रेम और भक्ति को ज्ञान की अपेक्षा कम महत्व देते थे।,

उनके लिए प्रेम केवल मोह और सांसारिक आसक्ति का दूसरा नाम था। यही कारण था कि भगवान श्रीकृष्ण उन्हें प्रेम के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराना चाहते थे। एक दिन श्रीकृष्ण ने उद्धव से कहा कि वे गोकुल और वृंदावन जाकर वहां के गोप-गोपियों को ब्रह्मज्ञान का उपदेश दें और उन्हें विरह की पीड़ा से मुक्त करें। भगवान का उद्देश्य केवल गोपियों तक संदेश पहुंचाना नहीं था, बल्कि उद्धव को प्रेम की उस गहराई का अनुभव कराना था, जिसे केवल तर्क और ज्ञान से समझा नहीं जा सकता।

भगवान की आज्ञा पाकर उद्धव मथुरा से वृंदावन के लिए रवाना हुए। जब उनका रथ वृंदावन के निकट पहुंचा तो गोपियों ने दूर से उन्हें देखा। उनकी वेशभूषा और स्वरूप श्रीकृष्ण से मिलता-जुलता था, इसलिए क्षणभर के लिए गोपियों को लगा कि उनके प्रिय श्याम स्वयं लौट आए हैं, लेकिन जैसे ही रथ निकट आया, उन्हें ज्ञात हुआ कि यह श्रीकृष्ण नहीं, बल्कि उनके प्रिय सखा उद्धव हैं। जब उद्धव ने बताया कि वे श्रीकृष्ण का संदेश लेकर आए हैं, तब सभी गोपियां उत्सुकता से उनके चारों ओर एकत्र हो गईं।

उद्धव ने श्रीकृष्ण का संदेश सुनाने के साथ-साथ अपना ब्रह्मज्ञान भी प्रस्तुत करना आरंभ किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को निराकार परमब्रह्म का चिंतन करना चाहिए। परमात्मा का वास्तविक स्वरूप निराकार और अनंत है, जिसे योग, ध्यान और तपस्या के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने गोपियों से कहा कि वे श्रीकृष्ण के रूप और उनके विरह में डूबे रहने के बजाय निराकार ब्रह्म का ध्यान करें। उनके अनुसार प्रेम, मोह और आसक्ति मनुष्य को बंधन में डालते हैं,

जबकि ज्ञान उसे मुक्त करता है। उद्धव की बातें सुनकर गोपियां शांत रहीं। वे उनके ज्ञान का सम्मान करती थीं, किंतु उनके अनुभव में एक कमी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। कुछ देर बाद एक गोपी मुस्कुराते हुए बोली, 'उद्धव भैया, आप ज्ञान में निस्संदेह महान हैं, लेकिन वह ज्ञान किस काम का जिसमें प्रेम का रस ही न हो? हमारे लिए श्रीकृष्ण ही परमब्रह्म हैं। हमें किसी निराकार सत्य की खोज नहीं करनी, क्योंकि हमारा संपूर्ण अस्तित्व तो पहले ही कृष्ण में समर्पित हो चुका है।

दूसरी गोपी ने कहा, 'आप विरह की बात करते हैं, लेकिन विरह तो दो शरीरों का होता है। जहां मन, प्राण और आत्मा एक हो जाएं, वहां दूरी का कोई अर्थ नहीं रह जाता। कृष्ण हमारे हृदय में बसते हैं, इसलिए हमें उनसे अलग होने का अनुभव ही नहीं होता।' गोपियों ने प्रेम की ऐसी व्याख्या की जिसने उद्धव के समस्त तर्कों को मौन कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रेम किसी बंधन का नाम नहीं, बल्कि पूर्ण स्वतंत्रता का अनुभव है। प्रेम में अधिकार नहीं, बल्कि सम्मान होता है। प्रेम में स्वार्थ नहीं, केवल समर्पण होता है। प्रेम सीमाओं में बंधा नहीं रहता, बल्कि मर्यादाओं का पालन करते हुए भी अनंत बना रहता है। प्रेम विश्वास है, भक्ति है, सेवा है और परम सत्य तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग है।

गोपियों ने आगे कहा, 'ज्ञान हमें संसार का परिचय कराता है, लेकिन प्रेम हमें स्वयं से परिचित कराता है। ज्ञान से बुद्धि जागृत होती है, जबकि प्रेम से हृदय निर्मल होता है। प्रेम हमारे भीतर छिपे अहंकार, छल और कपट को समाप्त कर देता है। बिना प्रेम के भक्ति संभव नहीं और बिना भक्ति के भगवान की प्राप्ति भी संभव नहीं।' उनकी इन बातों ने उद्धव के भीतर गहरा परिवर्तन उत्पन्न किया। उन्हें पहली बार अनुभव हुआ कि जिस सत्य को वे केवल तर्क और ज्ञान से समझना चाहते थे, वह प्रेम के बिना अधूरा है। उन्होंने महसूस किया कि भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें वृंदावन केवल संदेशवाहक बनाकर नहीं भेजा था, बल्कि प्रेम का वास्तविक अर्थ समझाने के लिए भेजा था।

उद्धव का अहंकार धीरे-धीरे समाप्त होने लगा। वे गोपियों की निष्काम भक्ति, समर्पण और प्रेम को देखकर भाव-विभोर हो गए। उन्हें समझ में आ गया कि ज्ञान का सर्वोच्च रूप भी प्रेम के बिना अधूरा है। यही कारण है कि बाद में उद्धव ने स्वयं वृंदावन की धूल बनने की कामना की, ताकि उन्हें उन गोपियों के चरणों की रज प्राप्त हो सके, जिनकी भक्ति को स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने सर्वोच्च स्थान दिया।

उद्धव और गोपियों का यह संवाद आज भी मानव जीवन के लिए अमूल्य प्रेरणा है। यह हमें सिखाता है कि ज्ञान आवश्यक है, लेकिन यदि उसमें करुणा, विनम्रता और प्रेम का समावेश न हो तो वह अधूरा रह जाता है। सच्चा प्रेम मनुष्य को भगवान के सबसे निकट ले जाता है। जहां निस्वार्थ प्रेम, समर्पण और भक्ति होती है, वहीं ईश्वर का वास्तविक निवास होता है। यही इस अमर प्रसंग का शाश्वत संदेश है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बीपीएल की बदलती चयन प्रक्रिया से बढ़ती परेशानियां

हिमाचल प्रदेश में बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों के चयन की लगातार बदलती शर्तों ने आम लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। करीब एक वर्ष से बीपीएल चयन प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है और अब सरकार ने इसका आठवां चरण शुरू किया है। सरकार का दावा है कि 16 जुलाई को बीपीएल परिवारों की नई सूची सूचना पट्टों पर प्रदर्शित कर दी जाएगी, लेकिन बार-बार नियम बदलने के कारण पात्र गरीब परिवार आज भी असमंजस में हैं। आवेदन करने के लिए लोग लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, जिससे उनमें निराशा और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

सरकार का उद्देश्य बीपीएल चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना बताया जा रहा है, लेकिन बदलती औपचारिकताओं ने प्रक्रिया को और अधिक जटिल बना दिया है। शुरुआत में यह शर्त रखी गई थी कि जिन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला है, उन्हें बीपीएल सूची से बाहर रखा जाएगा। बाद में इस शर्त को हटा दिया गया। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाली राशि से महंगाई के इस दौर में पक्का मकान बनाना आसान नहीं है। अनेक लाभार्थियों ने बैंक या रिश्तेदारों से कर्ज लेकर मकान पूरे किए हैं, जबकि कई लोगों को अभी तक योजना की सभी किस्तें भी नहीं मिली हैं।

इसी तरह रोजगार एवं स्टार्टअप योजनाओं के तहत वाहन खरीदने वाले परिवारों को भी बीपीएल सूची से बाहर रखने जैसी शर्तें चर्चा में रहीं। मनरेगा मजदूरों के लिए नियमों में भी कई बार बदलाव किए गए। वर्तमान में वार्षिक आय, भूमि स्वामित्व, आयु तथा अन्य पात्रता संबंधी शर्तों को लेकर भी लोगों में भ्रम बना हुआ है। हालांकि विधवा, तलाकशुदा,

अविवाहित महिलाओं और अनाथ बच्चों को प्राथमिकता देने का प्रावधान सराहनीय माना जा सकता है, लेकिन बार-बार नियम बदलने से पूरी प्रक्रिया प्रभावित हुई है।

बीपीएल चयन के लिए पंचायत स्तर पर आवेदन लिए गए, जिला परिषद सदस्यों ने घर-घर जाकर सर्वे किए तथा जांच के लिए प्रशासनिक समितियां भी गठित की गईं। इसके बावजूद अंतिम सूची तैयार नहीं हो सकी। अब आठवें चरण में ग्राम, खंड और जिला स्तर पर पुनः सत्यापन तथा ग्राम सभाओं की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाओं में कम उपस्थिति, सूचना के अभाव और कोरम संबंधी समस्याएं पहले से ही चिंता का विषय रही हैं।

ऐसे में केवल नई औपचारिकताएं जोड़ने से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी या नहीं, यह भविष्य बताएगा। बीपीएल सूची में शामिल होने का सीधा संबंध गरीब परिवारों को मिलने वाली अनेक सरकारी सुविधाओं से है। सस्ता राशन, विभिन्न योजनाओं में प्राथमिकता, छात्रवृत्ति, आवेदन शुल्क में रियायत तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ इसी श्रेणी से जुड़ा होता है। इसलिए यदि पात्र परिवार लंबे समय तक सूची से बाहर रह जाते हैं तो वे कई महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं।

दूसरी ओर यदि बीबीएल की चयन प्रक्रिया अत्यधिक जटिल होगी तो उसका सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों पर ही पड़ेगा। प्रदेश की सुक्खू सरकार का दावा है कि वह अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन बीपीएल चयन प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी और बदलती शर्तों ने इस दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कुल मिलाकर, आवश्यकता इस बात की है कि सरकार स्पष्ट, स्थायी और सरल नियमों के आधार पर शीघ्र अंतिम सूची जारी करे, ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और चयन प्रक्रिया पर लोगों का विश्वास मजबूत हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

जैविक गांव कुगती पर्यटकों के लिए आकर्षण और कार्तिक भक्तों के लिए श्रद्धा का प्रतीक

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर में समुद्र तल से लगभग 8,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित कुगती गांव प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और जैविक जीवन शैली का अद्भुत संगम है। देवदार और भोजपत्र के घने जंगलों, बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों, निर्मल झरनों और शांत वातावरण से घिरा यह गांव पर्यटकों और श्रद्धालुओं दोनों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। यहां पहुंचते ही ऐसा अनुभव होता है मानो प्रकृति की गोद में किसी शांत और दिव्य संसार में प्रवेश कर गए हों।

सुभाष चंद काशव
जौवा, गैहरा, जिला चंबा

कुगती की सबसे बड़ी पहचान इसकी जैविक खेती है। यहां के किसान आज भी पारंपरिक कृषि पद्धतियों का पालन करते हैं तथा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग बहुत कम करते हैं। राजमा, आलू, मक्का, जौ और विभिन्न प्रकार की सब्जियां पूरी तरह प्राकृतिक वातावरण में उगाई जाती हैं। यही कारण है कि यहां की उपज स्वादिष्ट, पौष्टिक और पर्यावरण के अनुकूल मानी जाती है। यह गांव आधुनिक समय में टिकाऊ और प्रकृति-सम्मत जीवन शैली का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

गांव के लोग प्रकृति को देवतुल्य मानते हैं। जंगलों, जलस्रोतों और पर्वतों के संरक्षण के प्रति उनकी गहरी आस्था ही यहां के स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण का आधार है। लकड़ी और पत्थर से बने पारंपरिक घर, सरल जीवनशैली और सामुदायिक सहयोग की भावना हिमाचली लोकसंस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करती है।

धार्मिक दृष्टि से भी कुगती का विशेष महत्व है। यह स्थान भगवान कार्तिकेय की तपोस्थली माना जाता है। यहां स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है, जहां दूर-दूर से भक्त



दर्शन के लिए आते हैं। धार्मिक मेलों, लोकगीतों और पारंपरिक देव नृत्यों के माध्यम से यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत आज भी जीवित है। कठिन पहाड़ी मार्ग से मंदिर तक पहुंचने का अनुभव श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक साधना जैसा होता है।

कुगती का संबंध प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा से भी है। यात्रा के दौरान अनेक श्रद्धालु इस गांव से होकर गुजरते हैं और यहां के शांत वातावरण तथा स्थानीय लोगों के आत्मीय आतिथ्य का अनुभव करते हैं। यह गांव यात्रियों के लिए विश्राम और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन जाता है।

प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ कुगती साहसिक पर्यटन के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां से कुगती दर्रे तक जाने वाला ट्रैक रोमांच प्रेमियों को आकर्षित करता है। यह दर्रा भरमौर को लाहौल से जोड़ता है और हर वर्ष गद्दी समुदाय अपनी भेड़-बकरियों के साथ इसे पार करता है। ट्रैकिंग के दौरान पर्यटक दुर्लभ वनस्पतियों, हिमालयी जीव-जंतुओं और मनोहारी प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेते हैं, जिससे यह स्थान प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफरों के लिए भी विशेष बन जाता है।

वर्तमान समय में कुगती में होम-स्टे और ग्रामीण पर्यटन के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। पर्यटक यहां रहकर स्थानीय भोजन, संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली का अनुभव करते हैं। हालांकि बढ़ते पर्यटन के साथ पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना भी आवश्यक है। इसलिए सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

कुगती गांव केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और अध्यात्म के संतुलित जीवन का प्रेरक उदाहरण है। इसकी स्वच्छ वादियां, जैविक जीवनशैली, धार्मिक महत्ता और आत्मीय लोक संस्कृति इसे हिमालय की गोद में बसे एक अनमोल रत्न के रूप में स्थापित करती हैं। यहां आने वाला प्रत्येक व्यक्ति जीवनभर इसकी सुंदर स्मृतियों को अपने हृदय में संजोए रखता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नशे की समस्या पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद से ही मिलेगा समाधान

समाज के ताने-बाने में एक कड़वा सच यह भी छिपा है कि आज नशा एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्या बन चुका है। यह केवल व्यक्ति के शरीर को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, रिश्तों और भविष्य को भी खोखला कर देता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिस विषय पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए, उसी पर अक्सर परिवार, समाज और स्वयं पीड़ित व्यक्ति चुप्पी साध लेते हैं। यही चुप्पी नशे की समस्या को और अधिक गंभीर बना देती है।

डॉ. राज कुमारी
साइकोलॉजिस्ट

हमारे समाज में नशे को बीमारी के बजाय चरित्र की कमजोरी या नैतिक पतन के रूप में देखा जाता है। इसी कारण इसे सामाजिक कलंक मान लिया जाता है। यदि किसी परिवार का बेटा, बेटी या अन्य सदस्य नशे की लत का शिकार हो जाए तो परिवार को समाज में बदनामी का डर सताने लगता है। माता-पिता को चिंता रहती है कि इससे परिवार की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी, बच्चों के विवाह में बाधा आएगी और लोग उन्हें हीन दृष्टि से देखेंगे। लोक-लाज के कारण अधिकांश परिवार इस समस्या को घर की चारदीवारी तक सीमित रखना चाहते हैं।

दूसरी ओर, नशे की लत से जूझ रहा युवा भी मानसिक दबाव में रहता है। उसे डर होता है कि यदि सच्चाई सामने आ गई तो परिवार का गुस्सा, मारपीट या घर से निकाले जाने जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मग्लानि और हीन भावना के कारण वह किसी से अपनी परेशानी साझा नहीं कर पाता और धीरे-धीरे अकेलेपन में सिमट जाता है।

शुरुआत में परिवार भी अक्सर सच्चाई स्वीकार नहीं कर पाता। वे स्वयं को यह कहकर दिलासा देते हैं कि यह केवल गलत संगति का असर है और बच्चा जल्द ही ठीक हो जाएगा। यही इंकार की मानसिकता समय रहते उपचार और परामर्श लेने से रोक देती है। परिणामस्वरूप नशे की लत गहराती चली

जाती है। वास्तविकता यह है कि नशा कोई अपराध नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक निर्भरता से जुड़ी एक बीमारी है। इसका इलाज डांट-फटकार या सजा नहीं, बल्कि चिकित्सकीय सहायता, काउंसलिंग और परिवार के सहयोग से संभव है। दुर्भाग्य से समाज में इस विषय को लेकर पर्याप्त जागरूकता नहीं है। पीड़ित को सहानुभूति और उपचार की आवश्यकता होती है, लेकिन उसे अक्सर तानों और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। नशे पर साधी गई चुप्पी कभी भी समाधान नहीं बन सकती, बल्कि यह समस्या को और गहरा कर देती है। समय पर पहचान और उपचार न मिलने से पीड़ित व्यक्ति अवसाद, सामाजिक अलगाव और मानसिक तनाव का शिकार हो सकता है। कई मामलों में यह स्थिति अपराध, हिंसा या आत्महत्या जैसे गंभीर परिणामों तक पहुंच जाती है। इसलिए जैसे ही माता-पिता या परिवार को बच्चों में नशे के लक्षण दिखाई दें, उन्हें बिना झिझक चिकित्सकीय सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श और नशामुक्ति केंद्रों की मदद लेनी चाहिए। समाज को भी नशे के शिकार व्यक्ति को अपराधी या चरित्रहीन मानने के बजाय एक मरीज के रूप में स्वीकार कर उसे सहानुभूति, सहयोग और विश्वास देना चाहिए। परिवार, समाज और प्रशासन यदि मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, खुलकर संवाद करें और समय पर उचित सहायता उपलब्ध कराएं, तभी नशे की बढ़ती चुनौती पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। चुप्पी नहीं, बल्कि जागरूकता, संवेदनशीलता, समय पर उपचार और सामूहिक प्रयास ही इस सामाजिक बुराई से लड़ने का सबसे प्रभावी उपाय हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

फीफा वर्ल्ड कप 91वें मिनट में दागा निर्णायक गोल, पुर्तगाल को 1-0 से हारा

पुर्तगाल को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी, डलास स्टेडियम, आर्लिंग्टन

स्पेन ने रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप-2026 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच का इकलौता और निर्णायक गोल स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो ने स्टॉपेज टाइम में किया। इस हार के साथ महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के विश्व कप करियर का भी अंत हो गया। पूरा मुकाबला बेहद कड़ा और संतुलित रहा। दोनों टीमों के बीच 90 मिनट तक कोई गोल नहीं हो सका और मैच अतिरिक्त समय की ओर बढ़ता दिख रहा था। लेकिन 91वें मिनट में स्पेन ने शानदार रणनीति का परिचय देते हुए जीत दर्ज कर ली।

मैदान पर उतरने के कुछ ही मिनट बाद मिकेल मेरिनो ने अपनी सूझ-बूझ का बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाउल मिलने के बाद उन्होंने बिना समय गंवाए खेल दोबारा शुरू किया, आगे बढ़कर बॉक्स में जगह बनाई और फेरान टोरेस के सटीक पास को गोल में बदल दिया। यह गोल अंततः स्पेन की जीत का कारण बना।

स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते का मेरिनो को 85वें मिनट में मैदान पर उतारने का फैसला पूरी तरह सफल साबित हुआ। चोटों से जूझने के बावजूद मेरिनो ने इस विश्व कप में अपनी उपयोगिता साबित कर दी।

स्पेन ने 2010 में विश्व कप जीतने के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। टीम की सफलता में उसके मजबूत रक्षा पंक्ति की भी अहम भूमिका रही। गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक बिना गोल खाए नया रिकॉर्ड कायम किया, जबकि स्पेन विश्व कप इतिहास में लगातार छह क्लीन शीट रखने वाली पहली टीम बन गई। दूसरी ओर, 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए यह मुकाबला बेहद भावुक रहा। स्पेन के अनुशासित डिफेंस ने उन्हें पूरे मैच में कोई बड़ा मौका नहीं दिया। रोनाल्डो ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का समापन 233 मैचों में 146 गोल के शानदार रिकॉर्ड के साथ किया। आठ वर्ष पहले रूस विश्व कप में रोनाल्डो की हैट्रिक की बदौलत दोनों टीमों के बीच 3-3 से रोमांचक मुकाबला हुआ था, लेकिन इस बार स्पेन ने संयम और रणनीति के दम पर जीत हासिल की। अब स्पेन क्वार्टर फाइनल में अमेरिका और बेल्जियम के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से कैलिफोर्निया के इंगलवुड में भिड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

रोनाल्डो ने विश्व कप को कहा अलविदा

पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुष्टि की है कि फीफा विश्व कप 2026 उनका आखिरी विश्व कप था। स्पेन के खिलाफ राउंड ऑफ-16 में 0-1 की हार के बाद भावुक रोनाल्डो ने कहा कि वह विश्व कप को अलविदा कह रहे हैं, लेकिन अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेंगे। रोनाल्डो ने कहा कि स्पेन को जीत में थोड़ी किस्मत का साथ मिला और मुकाबला किसी भी दिशा में जा सकता था। उन्होंने कहा, 'मैंने अपना सब कुछ दिया और अपनी ओर से कोई कमी नहीं छोड़ी। यह मेरा आखिरी विश्व कप था, लेकिन अब मैं परिवार के साथ समय बिताकर शांति से आगे का फैसला करूंगा। 41 वर्षीय रोनाल्डो ने यह साफ नहीं किया कि पुर्तगाल के लिए यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच है या नहीं। उन्होंने कहा कि वह भावनाओं में बहकर कोई निर्णय नहीं लेना चाहते। रोनाल्डो ने पुर्तगाल के साथ अपने सफर पर गर्व जताते हुए कहा कि उन्होंने टीम को तीन बड़े खिताब दिलाए।

महिला यूथ हॉकी-5 एशियाई चैंपियनशिप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान

एजेंसी, नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाली पहली महिला यूथ हॉकी-5एस एशियाई चैंपियनशिप 2026 की तैयारियों के लिए 15 सदस्यीय सब जूनियर महिला टीम की घोषणा कर दी है। चयनित खिलाड़ी भोपाल स्थित मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में 4 से 18 जुलाई तक चल रहे राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं। शिविर भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और सब जूनियर टीम की मुख्य कोच रानी की निगरानी में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को हॉकी-5 के तेज और नए प्रारूप के लिए तकनीकी व सामरिक रूप से तैयार करना है। हॉकी इंडिया के अनुसार भोपाल युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख उच्च प्रदर्शन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। कोच रानी ने कहा कि यह चैंपियनशिप युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव हासिल करने का बेहतरीन अवसर देगी।

पहली बार प्रतियोगिता में उतर रही टीम को हॉकी-5 की बारीकियों और खेल रणनीति से परिचित कराया जा रहा है। हॉकी इंडिया ने बताया कि यह शिविर देश में मजबूत प्रतिभा विकास प्रणाली तैयार करने की योजना का हिस्सा है। संस्था का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय अवसर देकर भविष्य की जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय टीमों के लिए तैयार करना है। (अनंत ज्ञान)

कार्यालय ग्राम पंचायत स्वाखरी
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी, हि.प्र.

निविदा आमंत्रण सूचना
(ग्राम पंचायत की बैठक 30/06/2026 प्र०सं०06 द्वारा अनुमोदित)

ग्राम पंचायत स्वाखरी, विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान विभिन्न विकासात्मक कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद (Sealed) निविदाएँ/कोटेशन दिनांक 08 जुलाई, 2026 से 23 जुलाई, 2026 सायं 5:00 बजे तक डाक द्वारा आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक 25 जुलाई, 2026 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय, स्वाखरी में पदाधिकारियों की गणपूर्ति, तकनीकी कर्मचारी तथा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा। प्रशासनिक कारणों से निविदा खोलने की तिथि एवं समय में परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत स्वाखरी के पास सुरक्षित रहेगा। ऐसी स्थिति में पृथक से समाचार-पत्रों में सूचना प्रकाशित नहीं की जाएगी तथा संशोधित सूचना केवल ग्राम पंचायत के सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। उक्त अवधि के दौरान ग्राम पंचायत को निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी:

क्र. सं.	सामग्री का विवरण	दर/इकाई, जिस पर मूल्य (रेट) अपेक्षित है	अनुमानित वार्षिक आवश्यकता
1	रेत (दरिया/क्रशर)	प्रति Cft. (क्यूबिक फुट)	आवश्यकता अनुसार
2	बजरी (10 mm, 20 mm, 40 mm)	प्रति Cft. (क्यूबिक फुट)	आवश्यकता अनुसार
3	सोलिंग/बोल्डर पत्थर	प्रति Cum (क्यूबिक मीटर)	आवश्यकता अनुसार
4	कट स्टोन	प्रति पत्थर (6' × 8')	आवश्यकता अनुसार
5	ईंट	प्रति ईंट	आवश्यकता अनुसार
6	JCB मशीन (L&T अथवा समकक्ष)	प्रति घंटा/प्रति Cum	आवश्यकता अनुसार
7	सामग्री ढुलाई (सीमेंट बालीचौकी से स्वाखरी तक) ट्रैक्टर, जीप अथवा अन्य वाहन द्वारा	प्रति बैग/प्रति फेरा/प्रति कि.मी.	आवश्यकता अनुसार
8	शटरिंग (लोहा एवं लकड़ी)	प्रति Sq. Ft.	आवश्यकता अनुसार
9	लकड़ी, लोहा, एल्यूमिनियम फिटिंग्स, दरवाजे एवं खिड़कियाँ	आइटमवार/प्रति घन मीटर/प्रति किलोग्राम	आवश्यकता अनुसार
10	प्लाई बोर्ड शीट, PVC फट्टे, फेंसिंग एवं सीलिंग सामग्री	आइटमवार/साइजवार	आवश्यकता अनुसार
11	हार्डवेयर सामग्री (सरिया, एंगल, क्रेट वायर, फेंसिंग वायर, SQ पाइप, CGI शीट, रिज, बोल्ट, PVC/HDPE पाइप, सैनटरी फ़िटिंग, वाटर कूलर, सोलर वाटर हीटर, पेंट, लोहे की रेलिंग, लेबर रेट आदि)	आइटमवार/प्रति किलोग्राम/प्रति पॉइंट	आवश्यकता अनुसार
12	कोटा स्टोन एवं टाइल्स	प्रति आइटम/प्रति Sq. Ft.	आवश्यकता अनुसार
13	सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत	प्रति लाइट	आवश्यकता अनुसार
14	RCC कलवर्ट पाइप/ड्रेनेज पाइप	साइजवार	आवश्यकता अनुसार
15	फर्नीचर (सभी प्रकार)	प्रति वस्तु (पूर्ण विवरण सहित)	आवश्यकता अनुसार
16	वेल्डिंग कार्य	प्रति किलोग्राम/प्रति क्विंटल	आवश्यकता अनुसार
17	पेंटिंग/Wall Writing	प्रति दिन/प्रति Sq. Ft.	आवश्यकता अनुसार
18	सेब, प्लम, नाशपाती एवं अन्य फलदार, चौड़ी पत्तीदार एवं हरियालीयुक्त पौधे (उद्यान विभाग द्वारा अधिकृत एवं प्रमाणित)	प्रति पौधा	आवश्यकता अनुसार
19	साइन बोर्ड	साइजवार/प्रति बोर्ड	आवश्यकता अनुसार
20	लोहे की बेंच	साइजवार/प्रति आइटम	लगभग 20 बेंच
21	इलेक्ट्रिकल फिटिंग सामग्री एवं लेबर	आइटमवार/प्रति पॉइंट	आवश्यकता अनुसार
22	LED, MIC, UPS, Printer आदि	साइजवार एवं कम्पनी के नाम सहित	आवश्यकता अनुसार
23	गैस हीटर	साइजवार एवं कम्पनी के नाम सहित	आवश्यकता अनुसार
24	स्टेशनरी सामग्री	ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रयुक्त सभी प्रकार की सामग्री	आवश्यकता अनुसार
25	डस्टबिन	साइजवार/प्रति डस्टबिन (कम्पनी के नाम सहित)	आवश्यकता अनुसार
26	घोड़ा/खच्चर द्वारा रेत, बजरी, सीमेंट, ईंट, पत्थर आदि की ढुलाई	दूरी के अनुसार	आवश्यकता अनुसार
27	पंचायत कार्यों में प्रयुक्त अन्य सामग्री, जो उपर्युक्त सूची में शामिल न हो	आइटमवार (पूर्ण विवरण सहित)	आवश्यकता अनुसार

नियम एवं शर्तें :- 1. निविदादाता (आपूर्तिकर्ता) के पास वैध TIN No./CST No./GST No. का पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. रेत, बजरी एवं पत्थर की आपूर्ति करने वाले आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग द्वारा जारी M/X Form (M-Form) ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही PWD Lab द्वारा जारी सामग्री की गुणवत्ता/प्रमाणिकता का प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना होगा। 3. निविदा में सामग्री की दरें (Rates) स्पष्ट एवं साफ-साफ अंकित होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की Overwriting पाए जाने पर संबंधित निविदा निरस्त कर दी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की प्रचलित Specifications के अनुरूप ही की जाएगी। 5. स्वीकृत निविदादाता द्वारा निर्धारित समय पर सामग्री उपलब्ध न कराने अथवा सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार, अस्वीकार अथवा निरस्त करने, समान दर होने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं को आपूर्ति आदेश जारी करने, सामग्री की गुणवत्ता के आधार पर चयन करने तथा किसी भी समय निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 7. सामग्री क्रय का अंतिम मूल्य एवं अंतिम निर्णय विभागीय Justification तथा अनुमोदित निविदादाताओं के साथ Negotiation के उपरांत ही निर्धारित किया जाएगा। 8. जिसकी निविदा स्वीकृत होगी उसे ग्राम पंचायत को मु० 20000/- (बीस हजार) की राशी अमानत के रूप में (दो दिनों की भीतर) जमा करवानी होगी।

प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत स्वाखरी, विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी, हि.प्र.

कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धपुर विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी (हि. प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सिद्धपुर में वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा किये जाने वाले समस्त विकास कार्यों के निर्माण हेतु समस्त सामग्री की सप्लाई के लिए मोहर बंद लिफाफे में निविदाएँ दिनांक 07/07/2026 से 22/07/2026 सायं-5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है सामग्री का विवरण इस प्रकार से है :- 1 क्रेशर रेत (प्रति घन मीटर) 2 क्रेशर बजरी 20mm, 40mm, 10mm (प्रति घन मीटर) 3 गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर) 4 तुडवा पत्थर (प्रति घन मीटर) 5 सीमेंट किराया प्रति बेग की दर धर्मपुर से कार्यस्थल तक / सीमेंट चढ़ाई उतराई 6 JCB Cutting (प्रति घनमीटर) 7 सेटरिंग (प्रति वर्ग मीटर) 8 सेटरिंग (प्रति रनिंग मीटर) 9 ईटें प्रति ईंटे, 10. सरिया 10mm 12mm 16mm प्रति किलो 11. एंगल, लोहा प्रति किलो 12 साईन बोर्ड 3×4 With Righting. 13 वाटर कूलर, डीसपंशेर रेट 14 बेंच (लोहा सीमेंट) इत्यादि 15 स्टेशनरी 16. सोलर स्ट्रीट लाइट 9,12 Watt 17.CC TV Camera Rate 18. फर्नीचर 19 कंप्यूटर, UPS, Projector 20 स्वछता उपकरण etc. **नियम व शर्ते :-** निविदाएं ग्राम पंचायत सिद्धपुर के कार्यलय में डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में दिनांक 22/07/2026 को सांय- 5:00 बजे तक प्रधान / सचिव के पास पहुँच जानी चाहिए। इसके उपरांत प्राप्त होने बाली निविदाएं मान्य नहीं होगी। सामग्री सप्लाई ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में कार्यस्थल तक करनी होगी। खड्ड व नदी का रेता, बजरी मान्य नही होगा और इसकी अदायगी पंचायत द्वारा नही की जाएगी। सप्लायर अपना बैंक खाता संख्या व GST/Tin No व लाईसेंस का प्रमाण पत्र सलगन करना आवश्यक है GST/Tin No निविदादाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और निविदादाता को अपनी निविदा के साथ ग्राम पंचायत के नाम धरोहर सुरक्षित प्रतिभूति राशी मु0 10,000/- का ड्राफ्ट / FD दिनांक सहित डाक द्वारा मोह बंद लिफाफे में उपरोक्त समय अवधि के भीतर पहुंच जानी चाहिए। अगर यह सभी ओपचारिकताए कुटेशन के साथ पूर्ण नही है तो कुटेशन मान्य नही होगी। अधुरी निविदाएँ मान्यं नही होगी। ग्राम पंचायत को निविदा रद करने का अधिकार होगा। स्वीकृत होने बाली निविदा के निविदादाता अगर किसी कारण वस सामग्री देने में असमर्थ रहता है तो ठीक सप्लाई ऑर्डर देने के सात 7 दिन के बाद कुटेशन रदद कर दी जाएगी। और L2 दुसरे नम्बर के सप्लायर को मोका दिया जायगा। इसकी कोई अपील व दलील नहीं सुनी जायगी। और निविदाता को रेत व बजरी के बिल के साथ M Form देना होगा बिना M Form के किसी भी बिल की अदायगी पंचायत द्वारा नही की जायगी। निविदाएं दिनांक- 23-07-2026 को प्रातः 11:00 बजे समस्त पंचायत पदाधिकारियों व कमेटी, तथा निविदाता के सामने ही सभी निविदाएँ कार्यलय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। और निविदा को रदद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सिद्धपुर विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी (हि. प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत बलोटा
विकास खंड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बलोटा में विविध विकास कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री के लिए निविदा वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जानी है। सामग्री में रेत क्रैशर, बजरी क्रैशर, रेत-बजरी नदी, बोल्डर, टूटा पत्थर, ईंटें, शैटरिंग लकड़ी-लोहा, पानी के टैंकर व अन्य सामग्री के लिए निविदाएं आमंत्रित हैं। निविदाएं दिनांक 08-07-2026 से 12.07.2026 तक आमंत्रित की जाएंगी तथा दिनांक 13.07.2026 को समय 11.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बलोटा में खोली जाएंगी। निविदाएं बंद लिफाफे में दिनांक 08.07.2026 से 12.07.2026 तक कार्यालय दिवसों में 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। सामग्री गुणवत्ता युक्त व साफ-सुथरी होनी चाहिए। इसके साथ बैंडर का बिल जीएसटी के साथ-साथ wx फार्म वाला होना चाहिए।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बलोटा, विकास खंड सुलह स्थित भेडू महादेव
तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत रजोट हार
विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, कार्यालय उपकरण की आपूर्ति और मशीनरी/सेवाओं को किराए पर लेने के लिए पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/अधिकृत डीलरों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय 21-07-2026, दोपहर 03:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि और समय 22-07-2026, दोपहर 12:00 बजे। जमा करने का स्थान संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यालय। निविदा खोलने का स्थान क्रय समिति (Purchase Committee) एवं उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष सामग्रियों और मदों की संक्षिप्त विवरणी:- विस्तृत निर्धारित प्रपत्र (Performa) जिसमें नीचे दी गई मदें शामिल हैं, संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। **मदों की संक्षिप्त विवरणी:-** 1-4 क्रश्ड सैंड (क्रेशर रेत), लोकल सैंड (स्थानीय रेत), क्रश्ड एग्रीगेट (बजरी 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम)- Cft. (घन फीट) 5-6 ईट (प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी)- संख्या (Number) 7-9 सोलिंग स्टोन, कट स्टोन (6 इंच और 8 इंच)- Cum(घन मीटर) /संख्या 10. जेसीबी मशीन (हाइड्रोलिक उत्खनक) द्वारा कटाई खुदाई- प्रति घंटा (Hour) 11-12. शटरिंग का किराया (लोहा और लकड़ी)- Sqm (वर्ग मीटर) 13-14. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40एमएमऔर 80एमएमआईएसआई)-Sqm (वर्ग मीटर) 15. नागरिक आपूर्ति (Civil Supply) से पंचायत तक सीमेंट धुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग-प्रति इकाई (Per Unit) 16-17. एग्रीगेट (बजरी 60एमएमऔर 90एमएम)-Cft (घन फीट)18. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (60एमएम आईएसआई)-Sqm (वर्ग मीटर) 19. खच्चरों (Mules) द्वारा सड़क किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री की ढुलाई-Cft (घन फीट) 20. लेखन सहित साइन बोर्ड (सूचना पट्ट)-संख्या (No.) 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिवल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां / लैपटॉप शामिल है)। -संख्या (No.) **मुख्य नियम एवं शर्तें (हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के नियमानुसार)** -* सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम रू.15,000/- की सावधि जमा (Fixed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। * स्टेशनरी शुल्कः निविदा के लिए आवेदन करने वाले वेंडरों को स्टेशनरी खर्च के मद में रू.1,000/- की गैर-रिफंडेबल (नॉन-रिफंडेबल) राशि जमा करनी होगी। * जीएसटी और दरें: निविदादाता फर्म/वेंडर के पास वैध जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उधृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों। * अयोग्यता नियम (धारा 137, हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम नियम 1997): पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य) या उनके सीधे रक्त संबंध / परिवार सम्बन्ध (Blood Relation) का कोई भी व्यक्ति उसी ग्राम पंचायत में वेंडर/ठेकेदार के रूप में भाग नहीं ले सकता है। * भुगतान का तरीकाः ठेकेदारों/फर्मों को 100% भुगतान अनिवार्य रूप से केवल PFMS और RTGS डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा। * अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। **नोटः- पूर्ण निविदा दस्तावेजों, तकनीकी विशिष्टताओं (Technical Specifications) और आधिकारिक निविदा प्रपत्र के लिए कृपया कार्य दिवसों के दौरान अपने संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।**

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत रजोट हार विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत टिक्कर खास
विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

यह कि पंचायत बैठक में अध्यक्ष/प्रधान महोदया जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत टिक्कर खास के विकास कार्यों हेतु प्रयोग होने वाली निर्माण सामग्री वर्ष 2026-27 के लिए समस्त/विभागीय/सरकारी स्कीमों (मनरेगा, 15 बितायोग व अन्य सभी स्कीमें) के निर्माण कार्यों हेतु प्रयोग की जाने वाली सामग्री कि आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित कि जानी अति आवश्यक हैं। अतः पंचायत बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा आपस में विस्तृत चर्चा उपरांत प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री, कार्यालय उपकरण की आपूर्ति और मशीनरी सेवाओं को किराए पर लेने के लिए पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/अधिकृत डीलरों से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः 20 जुलाई 2026, दोपहर 03:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि और समयः 21 जुलाई 2026, दोपहर 12:00 बजे। जमा करने का स्थानः- संबन्धित ग्राम पंचायत का कार्यालय। निविदा खोलने का स्थानः कार्यालय ग्राम पंचायत टिक्कर खास क्रयसमिति (Purchase Committee) एवं उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष सामग्रियों और मदों की संक्षिप्त विवरणी (Performa) जिसमें **नीचे दी गई मदें शामिल हैं।** 1-4 क्रश्ड सैंड (क्रेशर रेत), क्रश्ड एग्रीगेट (बजरी 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम)- Cft. (घन फीट) 5-6 ईट (प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी)- संख्या (Number) 7-9 सोलिंग स्टोन, कट स्टोन (6 इंच और 8 इंच)- Cum(घन मीटर) /संख्या 10. जेसीबी मशीन (हाइड्रोलिक उत्खनक) द्वारा कटाई खुदाई- प्रति घंटा (Hour) 11-12. शटरिंग का किराया (लोहा और लकड़ी)- Sqm (वर्ग मीटर) 13-14. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40एमएमऔर 80एमएमआईएसआई)-Sqm (वर्ग मीटर) 15. नागरिक आपूर्ति (Civil Supply) से पंचायत तक सीमेंट धुलाई, लोडिंग और अनलोडिंग-प्रति इकाई (Per Unit) 16-17. एग्रीगेट (बजरी 60एमएमऔर 90एमएम)-Cft (घन फीट)18. इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (60एमएम आईएसआई)-Sqm (वर्ग मीटर) 19. खच्चरों (Mules) द्वारा सड़क किनारे से कार्य स्थल तक सामग्री की ढुलाई-Cft (घन फीट) 20. लेखन सहित साइन बोर्ड (सूचना पट्ट)-संख्या (No.) 21. कंप्यूटर पेरिफेरल (कंप्यूटर सहायक उपकरण) (पंचायत के डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु मानक बाहरी आईटी हार्डवेयर घटकों की आपूर्ति। इसमें आधिकारिक विनिर्देश दिशानिर्देशों के अनुसार मल्टी-फंक्शन लेजर प्रिंटर/स्कैनर, अनइंटरप्टिवल पावर सप्लाई (यूपीएस) इकाइयां, बाहरी हार्ड ड्राइव/स्टोरेज मीडिया, कीबोर्ड, माउस और डेस्कटॉप मॉनिटर/डिस्प्ले इकाइयां / लैपटॉप शामिल है)। -संख्या (No.) **मुख्य नियम एवं शर्तें (हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के नियमानुसार)** -* सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम रू.15,000/- की सावधि जमा (Fixed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। * स्टेशनरी शुल्कः निविदा के लिए आवेदन करने वाले वेंडरों को स्टेशनरी खर्च के मद में रू.1,000/- की गैर-रिफंडेबल (नॉन-रिफंडेबल) राशि जमा करनी होगी। * जीएसटी और दरें: निविदादाता फर्म/वेंडर के पास वैध जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उधृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों * अयोग्यता नियम (धारा 137, हिमाचल प्रदेश पंचायत राज अधिनियम नियम 1997): पंचायत का कोई भी पदाधिकारी (प्रधान, उप-प्रधान, वार्ड सदस्य) या उनके सीधे रक्त संबंध / परिवार सम्बन्ध (Blood Relation) का कोई भी व्यक्ति उसी ग्राम पंचायत में वेंडर/ठेकेदार के रूप में भाग नहीं ले सकता है। * भुगतान का तरीकाः ठेकेदारों/फर्मों को 100% भुगतान अनिवार्य रूप से केवल PFMS और RTGS डिजिटल प्रणालियों के माध्यम से किया जाएगा। * अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत टिक्कर खास
विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना)
विकास खंड पंचरुखी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

आज कि पंचायत बैठक में अध्यक्ष महोदया द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वित वर्ष 2026-27 विकास कार्यों हेतु सामग्री कि निवदाएं आमंत्रित कि जानी है। अतः पंचायत बैठक में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ कि वित वर्ष 2026-27 हेतु सामग्री कि कि निविदाएं आमंत्रित कर ली जाएं। निविदाएं कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) में दिनांक 18.07.2026 समय शाम 5.00 बजे तक डाक व अन्य माध्यम द्वारा स्वीकार कि जाएंगी व दिनांक 20.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे कमेटी द्वारा सप्लायरों के समक्ष खोल दी जाएंगी। निम्नलिखित सामग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित कि जाएंगी : 1) रेत खड्ड (प्रति घन फुट) 2) रेत क्रशर (प्रति घन फुट) 3) क्रशर स्टोन (10-20 mm) प्रति वर्ग फीट 4) क्रशर स्टोन (60-90 mm) प्रति वर्ग फीट 5) बजरी खड्ड (प्रति घन फुट) 6) बोल्डर (प्रति घन फुट) 7) ईट (class1 व class 2) 8) पत्थर (प्रति घन फुट) 1) कट स्टोन प्रति संख्या 10) शटरिंग (लोहा व लकड़ी) प्रति वर्ग फीट 11) बोर्ड (साइज 2 *3 फीट व 3*4 फीट) 12) शटरिंग (लोहा व लकड़ी) प्रति रनिंग फीट 13) बोर्ड लिखवाई प्रति वर्ग फुट 13) सीमेंट ढुलाई 14) JCBखुदाई प्रति घंटा 15) सीमेंट बेंच 16 मिक्स्चर मशीन किराया 17) इंटरलॉकिंग कंक्रीट पेवर (40mm, 60और 80mm आईएसआई) Sqm (वर्ग मीटर) **शर्ते :-** सप्लायर / फर्म के पास अपना जी.एस.टी नंबर होना चाहिए व जी.एस.टी नं धारक के प्रति कोटेशन के साथ संलग्न करे। दरें शब्दों और अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उधृत होनी चाहिए, जिसमें जीएसटी और सभी एफ.ओ.आर. (F.O.R.) साइट डिलीवरी शुल्क शामिल हों। किसी भी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने, समान दरों कि स्थिति में चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। स्वीकृत निविदादाता द्वारा सामग्री सप्लाई समय पर न देने कि स्थिति में, सामग्री में गुणवत्ता सही न होने कि स्थिति में ग्राम पंचायत को अधिकार होगा कि वह स्वीकृत निविदादाता कि निविदा रद्द कर अगली न्यूनतम निविदा को सप्लाई ऑर्डर कर सकती है या दोबारा निविदा आमंत्रित कर सकती है। सुरक्षा राशि (Security Deposit): निविदादाताओं को संबंधित ग्राम पंचायत के नाम रू.25,000/- की सावधि जमा (Fixed Deposit) सुरक्षा राशि के रूप में गिरवी (Pledge) रखनी होगी (अस्वीकृत निविदादाताओं की सुरक्षा राशि वापस कर दी जाएगी)। अस्वीकृतिः सशर्त (Conditional) या अपूर्ण कोटेशन को तुरंत सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना)
विकास खंड पंचरुखी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

मयाड़ घाटी में बदहाल सड़कों व अधूरे निर्माण के खिलाफ ग्रामीणों में भारी रोष

एसडीएम उदयपुर को सौंपा ज्ञापन, कहा- जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति की मयाड़ घाटी में वर्षों से चली आ रही बदहाल सड़कों, अधूरे निर्माण कार्यों और लगातार बढ़ती अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है।

घाटी के ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने एसडीएम उदयपुर को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का जल्द और स्थायी समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोग आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन में कहा कि मयाड़ घाटी की अधिकांश सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। कई स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं, पुल और पुलियां क्षतिग्रस्त हैं तथा बरसात के मौसम में सफर हर दिन

एसडीएम उदयपुर को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

जान जोखिम में डालकर करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है और इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों ने बताया कि सड़कों की खराब हालत के कारण मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार आपातकालीन स्थिति में भी लोगों को भारी जोखिम उठाकर सफर करना पड़ता है। ज्ञापन में हाल ही में बने कुछ पुलों और पुलियों की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्यों में तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं और यदि समय रहते इनकी उच्च स्तरीय जांच और सुधार नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। मयाड़ घाटी के ग्रामीणों ने सड़क, पुल और दूरसंचार सेवाओं की समस्याओं को लेकर प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्यों के दौरान कई स्थानों पर बीएसएनएल की ऑप्टिकल फाइबर लाइन क्षतिग्रस्त होने से इंटरनेट और दूरसंचार सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने झोलिंग गांव की सड़क की खराब हालत पर चिंता जताते हुए आरसीसी रिटेनिंग वॉल बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, पुलों की जांच और ओएफसी लाइन बहाल करने की मांग की। मांगें पूरी न होने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है।

लाहौल-स्पीति के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर पंजीकरण अभियान शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवाओं को सरकारी योजनाओं, स्वयंसेवी गतिविधियों, कौशल विकास और विभिन्न अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लाहौल एवं स्पीति जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 15 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को सरकार की योजनाओं, रोजगार के अवसरों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों, खेल गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से सीधे जोड़ना है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण के बाद युवाओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और अवसरों से संबंधित जानकारी एवं अपडेट समय-समय पर प्राप्त होंगे। इसके माध्यम से युवा स्वयंसेवा, कौशल विकास, सामुदायिक सेवा, खेल गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी पहलों में भी भाग ले सकेंगे। जिला युवा अधिकारी ने सभी पात्र युवाओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करवाने की अपील की है।

आनी बस स्टैंड पर डीजल संकट: आनी के 6 ग्रामीण रूट करने पड़े बंद, यात्री परेशान

डीजल का टैंकर खराब होने से आई दिक्कत: क्षेत्रीय प्रबंधक

अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी सरकारी परिवहन सेवा एचआरटीसी के पहिये मंगलवार को आनी में थम गए हैं। ये पहिये किसी हड़ताल के चलते नहीं बल्कि आनी बस स्टैंड में मंगलवार दोपहर से डीजल न होने के कारण थमे है। फलस्वरूप आनी के ग्रामीण क्षेत्रों पर जाने वाले 6 रूटों पर निर्धारित समय पर बस सेवाएं नहीं भेजी जा सकी और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

एचआरटीसी के रामपुर डिपो के आनी बस अड्डे से चलने वाले पनेउ, कोठी, रिवारी, दलाश, तराला और बांशा जैसे महत्वपूर्ण रूटों पर जाने वाली बसें आनी में ही रुक गयी। यात्री घंटों इंतजार करते रहे और बसें न चलने पर मजबूरन यात्रियों

डीजल खत्म होने पर बस स्टैंड में खड़ी हुई बसें, यात्री हुए परेशान। अनंत ज्ञान

को महंगे किराये पर टैक्सियों में जाना पड़ा। स्कूल-कॉलेज के बच्चे, मरीज और दिहाड़ी मजदूरों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी हुए।बस स्टैंड पर मौजूद प्रभावित यात्रियों का कहना है कि ऐसा नहीं कि इस तरह की परेशानी पहली बार हुई हो, कभी डीजल खत्म होना तो कभी आधे रास्ते मे बसें खराब होना एचआरटीसी के रामपुर डिपो का रोजाना का काम है। लोगों ने एचआरटीसी के प्रदेश प्रबंधन और रामपुर डिपो प्रबंधन से मांग की है कि डीजल की आपूर्ति तुरंत बहाल कर बस सेवा शुरू की जाए। एचआरटीसी के रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश ठाकुर ने बताया कि रामपुर डिपो को डीजल की सप्लाई लेकर सोमवार को टैंकर आना था, लेकिन टैंकर खराब हो जाने से डीजल की किल्लत हुई है। मंगलवार देर शाम तक आनी को डीजल भिजवा दिया

कुल्लू में मनाई गई पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी की राज्यस्तरीय जयंती

कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा महान साहित्यकार पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी की राज्य स्तरीय जयंती मंगलवार को देव सदन, ढालपुर (कुल्लू) में साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार मुख्य अतिथि रहे, जबकि गुलेरी परिवार से जुड़ी रूसी क्यूरेटर एवं इंडियन क्रिकेटर आईआरएमटी की सदस्य अदिति गुलेरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार फुल्ल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक चंदन कपूर ने अतिथियों को हिमाचली शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया। प्रथम सत्र में आयोजित लेखक गोष्ठी में डॉ. दयानंद गौतम ने 'पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी : निबंधकार एवं व्यंग्यकार' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। साहित्यकारों ने गुलेरी जी के साहित्यिक योगदान और उनकी रचनात्मक विशेषताओं पर विचार रखे। द्वितीय सत्र में उनकी प्रसिद्ध कहानी 'बुद्धू का कांटा' पर रंग सभा द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। कवि सम्मेलन में प्रदेशभर के करीब 30 से 35 कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर हिमाचल राज्य अभिलेखागार द्वारा दुर्लभ अभिलेखों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

अपर सुल्तानपुर और अखाड़ा बाजार में भूस्खलन के खतरे पर मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। मानसून के दौरान संभावित भूस्खलन के खतरे को देखते हुए जिला कुल्लू के वार्ड नंबर 4 (अपर सुल्तानपुर) और वार्ड नंबर 2 (अखाड़ा बाज़ार) के संवेदनशील क्षेत्रों में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को एक ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन में इन क्षेत्रों में तत्काल निवारक एवं स्थायी सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा कि पिछले वर्ष भारी वर्षा के कारण दोनों क्षेत्रों में कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ था, जिससे मकानों, सड़कों, सार्वजनिक अवसंरचना और निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा था। वर्तमान में भी कई ढलान अस्थिर बने हुए हैं और लगातार हो रही बारिश के चलते दोबारा भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। इससे स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है। मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, राज्य आपदा

डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

प्रबंधन प्राधिकरण तथा संबंधित विभागों को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इसके तहत भूस्खलन संभावित स्थलों का विशेषज्ञों से तकनीकी निरीक्षण कराया जाए तथा अधिक जोखिम वाले ढलानों को एचडीपीई शीट अथवा अन्य उपयुक्त वॉटरप्रूफ तिरपाल से ढककर वर्षा के पानी के सीधे प्रवेश को रोका जाए। ज्ञापन में संवेदनशील स्थानों पर रिटेनिंग वॉल, वायर मेश, रॉक बोल्टिंग, शॉटक्रिट और वैज्ञानिक जल निकासी व्यवस्था जैसी स्थायी सुरक्षा परियोजनाएं शीघ्र शुरू करने की भी मांग की गई है। साथ ही नालियों और जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई, विशेष निगरानी दलों की तैनाती, प्रभावी पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने, राहत एवं बचाव संसाधनों की अग्रिम उपलब्धता व आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित परिवारों के अस्थायी पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ढलानों के स्थायी सुदृढ़ीकरण, पौधरोपण और अन्य वैज्ञानिक उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए। ज्ञापन में उम्मीद जताई गई है कि समय रहते प्रभावी कदम उठाकर जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी और संभावित बड़े नुकसान को टाला जा सकेगा।

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ढालपुर की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

◆ विश्वविद्यालय मेरिट सूची में चमका कॉलेज का नाम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, ढालपुर, कुल्लू की तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100 फीसद) रहा और सभी छात्राएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुईं। कॉलेज की छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। हेनान्या राज धीमान ने 8.59 एसजीपीए के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। वहीं, श्रेया वर्मा ने 8.42 एसजीपीए के साथ कक्षा में द्वितीय और विश्वविद्यालय में नौवां स्थान प्राप्त किया। कनिष्का ने 8.24 एसजीपीए के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय मेरिट सूची में दसवां स्थान हासिल किया। महाविद्यालय प्रशासन और समस्त शिक्षकों ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

महाविद्यालय प्रशासन ने विश्वास जताया कि क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

26.600 ग्राम चिट्टे के साथ 4 लोग गिरफ्तार

झाड़ंग गांव में एक निजी मकान में चल रहा था नशे का अवैध कारोबार

अनंत ज्ञान

मनाली। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मनाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मनाली के समीप झाड़ंग गांव स्थित एक निजी मकान में छापेमारी कर 26.600 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार किया जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और चार आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र बलदेव सिंह, निवासी फतेहगढ़ राजपूतां, जिला अमृतसर, पंजाब; गहनेशाह पुत्र हरबंश सिंह, निवासी मजीठा, अमृतसर; मनप्रीत कौर पत्नी गहनेशाह, निवासी मजीठा, अमृतसर और गीता पत्नी लवीश महाजन, निवासी अमृतसर के रूप में हुई है।

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26.600 ग्राम

पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार चारों युवक। अनंत ज्ञान

हेरोइन के अलावा 20 हजार रुपये की भारतीय मुद्रा, एक इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल तराजू, इस्तेमाल की गई सिल्वर फॉइल, लाइटर और नशीले पदार्थों के सेवन व अवैध व्यापार में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की है। इस मामले में थाना मनाली में एफआईआर संख्या 98/26 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मनाली पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त या तस्करी में संलिप्त पाया जाता है तो इसकी सूचना 112 हेल्पलाइन के माध्यम से भी दी जा सकती है।

डीसीपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पुलिस थाना मनाली द्वारा 26.200 ग्राम चिट्टा सहित गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम), कुल्लू की अदालत में पेश किया गया। माननीय न्यायालय ने सभी आरोपियों को 10 जुलाई तक, (चार के पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश पारित किए हैं।

डीएवी स्कूल मौहल के छात्र भाव्य बंसल ने सीए फाउंडेशन परीक्षा पास कर बढ़ाया कुल्लू का मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। डीएवी पब्लिक स्कूल मौहल (कुल्लू) के पूर्व छात्र भाव्य बंसल ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल, परिवार और पूरे कुल्लू जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय को गौरवान्वित किया है बल्कि यह उन हजारों विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बन गई है जो अपने सपनों को मेहनत और समर्पण के बल पर पूरा करना चाहते हैं।सीए फाउंडेशन परीक्षा चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की दिशा में पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम मानी जाती है। यह परीक्षा बारहवीं कक्षा के बाद दी जाती है और इसे देश की सबसे प्रतिष्ठित तथा चुनौतीपूर्ण पेशेवर परीक्षाओं में से एक माना जाता है। इस परीक्षा में सफलता हासिल करना विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और मजबूत शैक्षणिक तैयारी का प्रमाण माना जाता है। भाव्य बंसल की इस सफलता पर डीएवी पब्लिक स्कूल, मौहल के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने उन्हें, उनके माता-पिता और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाव्य की उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और यह वर्तमान विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि भाव्य बंसल आने वाले समय में चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएंगे और अपने ज्ञान, मेहनत और ईमानदारी से समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत पूरी लगन से की जाए तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

छह माह बाद मनाली नगर परिषद को मिला नेतृत्व, चुनौतियां बरकरार

अनंत ज्ञान

मनाली। आखिरकार छह माह के लंबे इंतजार के बाद मनाली नगर परिषद को नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल गया है। पिछले छह महीनों से नगर परिषद का संचालन कार्यकारी अधिकारी की देखरेख में हो रहा था। मई माह में हुए नगर परिषद चुनावों में भाजपा ने सातों सीटों पर जीत दर्ज कर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था, लेकिन पूर्ण बहुमत होने के बावजूद परिषद के गठन में देरी हुई। आपसी सहमति न बनने के कारण भाजपा ने ढाई-ढाई साल के कार्यकाल का फार्मूला तय किया।

अब भाजपा के चंद्रा पादान ने अध्यक्ष पद की शपथ ले ली है, लेकिन उनके लिए यह जिम्मेदारी चुनौतियों से भरी रहने वाली है। मनाली शहर की कई प्रमुख समस्याएं नई कार्यकारिणी के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हैं। सबसे बड़ी समस्या शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था है। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों को हटाना और रंगड़ी स्थित

◆ सफाई-पार्किंग और अतिक्रमण बड़ी चुनौती

कूड़ा संयंत्र में जमा कचरे का उचित निपटारा करना प्राथमिकता में रहेगा। पर्यटन नगरी मनाली में मॉल रोड और आसपास के क्षेत्रों में फेरीवालों तथा भीख मांगने वालों की बढ़ती समस्या पर भी नियंत्रण पाना होगा। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था शहर की सबसे गंभीर समस्याओं में शामिल है। पर्यटन सीजन के दौरान बाहरी राज्यों से आने वाले हजारों वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग सुविधा नहीं होने के कारण सड़क किनारे वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। नई कार्यकारिणी को नए पार्किंग स्थलों की पहचान कर उन्हें विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। शहर में अतिक्रमण भी लंबे समय से परेशानी का कारण बना हुआ है। कई स्थानों पर फुटपाथों पर कब्जे और वहां खड़े दोपहिया वाहन लोगों के लिए असुविधा पैदा करते हैं। नगर परिषद को आने वाले पांच वर्षों में इन समस्याओं के समाधान के लिए सख्त और प्रभावी निर्णय लेने होंगे। साथ ही प्रदेश सरकार के साथ बेहतर तालमेल बनाकर विकास कार्यों को गति देनी होगी। इस बार सभी सातों पार्षद भाजपा समर्थित होने के कारण नगर परिषद में आंतरिक मतभेद और खींचतान कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि राजनीतिक जानकारों का मानना है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं होने के कारण विकास योजनाओं को स्वीकृति दिलाने और उन्हें गति देने में नई कार्यकारिणी को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक कांग्रेस से हैं, ऐसे में नगर परिषद और विधायक के बीच बेहतर तालमेल क्षेत्र के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। दोनों पक्षों के बीच समन्वय स्थापित होने पर शहर की लंबित समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

कार्यशाला स्पीति घाटी में जैविक खेती के लिए किसानों को दी गई 'स्पेशल ट्रेनिंग'

विश्व के सबसे ऊंचे गांव कोमिक में एचपीयू की अनूठी पहल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, काजा। प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू), शिमला के जैव विज्ञान विभाग ने जनजातीय विकास बोर्ड के सहयोग से एक ऐतिहासिक पहल की है। विश्वविद्यालय ने विश्व के सबसे ऊंचे गांवों में शुमार स्पीति घाटी के कोमिक में 'जैव उर्वरक एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन' पर छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का सफल आयोजन किया।

शून्य से नीचे के तापमान वाले इस ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जैव अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन के जरिए जनजातीय किसानों की आजीविका को मजबूत करना और जैविक खेती को बढ़ावा देना था। डॉ. नीलम कुमारी ने कहा कि इस तकनीक के माध्यम से कृषि और घरेलू कचरे को वैज्ञानिक ढंग से पोषक तत्वों से भरपूर जैविक खाद में बदला

जैव उर्वरक एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन शिविर के समापन पर गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

जाएगा। इससे जहां एक ओर किसानों की रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी और मिट्टी की सेहत सुधरेगी, वहीं दूसरी ओर जनजातीय समुदायों के लिए अतिरिक्त आय और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

कार्यक्रम के समापन पर डॉ. नीलम कुमारी ने वित्तीय सहयोग के लिए जनजातीय विकास बोर्ड का आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में स्पीति के अन्य सुदूर गांवों में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि वैज्ञानिक नवाचार और पारंपरिक कृषि ज्ञान के मेल से जनजातीय किसानों को समृद्ध बनाया जा सके।

नाजुक पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र का होगा संरक्षण: कार्यशाला के दौरान ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र के नाजुक पर्यावरण को बचाने और जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। आत्मा परियोजना के सदस्यों और स्थानीय हितधारकों ने इस वैज्ञानिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह तकनीक स्पीति घाटी में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ खेती को एक नई दिशा देगी।

शून्य से नीचे के तापमान में काम करेंगे 'शीतप्रिय सूक्ष्मजीव'

अनुसंधान परियोजना का नेतृत्व कर रहीं जैव विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीलम कुमारी ने बताया कि स्पीति जैसे अत्यधिक ठंडे और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सामान्य जैविक खाद काम नहीं कर पाती। इसके समाधान के लिए विश्वविद्यालय का शोध दल विशेष शीतप्रिय (साइक्रोफिलिक/कोल्ड-टॉलरेंट) सूक्ष्मजीवों और केंचुओं की मदद से जैव उर्वरक तकनीक विकसित कर रहा है। परियोजना के सह-प्रधान अन्वेषक और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रवि कांत के साथ मिलकर टीम स्थानीय जलवायु के अनुकूल जैविक तकनीकों को धरातल पर उतार रही है, ताकि हाड़ कंपाने वाली ठंड में भी बेहतरीन खाद तैयार हो सके।

जाहलमा नाला पुल निर्माण कार्य में लाएं तेजी: किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने मंगलवार को सीमा सड़क संगठन द्वारा जाहलमा नाले पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बीआरओ अधिकारी मेजर पारस कोचर से परियोजना की स्थिति, शेष कार्य और समय-सीमा की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि लाहौल घाटी में मटर, गोभी और अन्य कृषि-बागवानी फसलों की कटाई व विपणन का समय चल रहा है, ऐसे में किसानों की उपज को समय पर बाजार तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही और कृषि उपज का परिवहन सुचारु है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए पुल का शीघ्र निर्माण आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

शूरड़ ग्राम सभा में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर मंथन, ग्रामीणों ने लिया संकल्प

बैठक में शूरड़ पंचायत के सभी वार्डों को साफ-सुथरा रखने का प्रस्ताव पारित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत शूरड़ में पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान टीकम दासी ने की। बैठक में पंचायत के सभी वार्डों को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाए रखने, सीवरेज व्यवस्था में सुधार तथा कचरा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से सामूहिक प्रयासों के माध्यम से गांव को स्वच्छ बनाए रखने और इधर-उधर कचरा न फैलाने की अपील करते हुए कहा कि 'स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की पहचान है।' बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने गांव को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, नालियों की नियमित सफाई, पेयजल स्रोतों की शुद्धता तथा जनसहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि पंचायत के सभी विकास कार्य पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ पूरे किए जाएंगे। ग्रामीणों ने भी पंचायत के साथ मिलकर गांव को आदर्श एवं स्वच्छ बनाने के लिए सहयोग देने का संकल्प दोहराया। बैठक में उपप्रधान गोविंद सिंह, वार्ड सदस्य अंजलि, मनोहर लाल, सुनीता, रोशन लाल, योगिता, सोनम डोलमा और दिलीप सिंह सहित प्रधान पद की प्रत्याशी रहीं आशा, उपप्रधान पद के प्रत्याशी जोगिंदर सिंह तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने की सामूहिक शपथ ली।

न्यूज ब्रीफ

'युवा बचाओ, भविष्य बचाओ' अभियान के तहत नशा निवारण कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, सराहां। आदर्श एंटी ड्रग संस्था द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत सराहा में 'युवा बचाओ, भविष्य बचाओ' अभियान के तहत नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य एवं जिला स्तर के संस्था प्रतिनिधियों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शंकर विद्या निकेतन पब्लिक हाई स्कूल, सराहां के विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षक अनुराग तोमर के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन अमरजीत परमार के संबोधन से हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, समूह गान, भाषण, सोलो गीत और नशा विरोधी लघु नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। छात्रा लेवेना नेहरू ने अंग्रेजी में प्रभावशाली भाषण दिया, जबकि आयरा, अग्रिमा और रिया ने भी नशामुक्ति पर अपने विचार रखे। स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय के चेयरमैन महेंद्र पाल नेहरू, सलाहकार सुनंदा आर्या, एमडी प्रिंस नेहरू, प्रधानाचार्या डॉ. रागिनी भटनागर, उपप्रधानाचार्या संजना शर्मा तथा समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य बनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

सोलन में 31 अगस्त तक निर्माण कार्यों पर रोक, डीसी ने जारी किए आदेश

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने मानव सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 एवं 34 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में सभी प्रकार के गैर-आवश्यक निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार निजी विकास के लिए पहाड़ियों के कटान, निर्माण गतिविधियों तथा अन्य गैर-आवश्यक कार्यों से जुड़े सभी प्रकार के निर्माण कार्य सोलन जिले में प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि आपदा प्रभावित अधोसंरचना के पुनरुद्धार, सड़क, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आपातकालीन एवं आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित कार्य इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे, ताकि जनहित से जुड़े कार्य प्रभावित न हों। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं और 31 अगस्त, 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के पदों के लिए साक्षात्कार 17 जुलाई को

अनंत ज्ञान, सोलन। समेकित बाल विकास परियोजना कंडाघाट के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार 17 जुलाई को प्रातः 11 बजे उपमंडलाधिकारी कंडाघाट के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कंडाघाट ने दी। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी वृत्त चायल की ग्राम पंचायत हिन्नर के आंगनवाड़ी केंद्र गौड़ा तथा ग्राम पंचायत झाझा के आंगनवाड़ी केंद्र झाझा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के एक-एक पद भरे जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में सहायिका के नौ पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक महिला उम्मीदवार 10 जुलाई शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कंडाघाट के कार्यालय में सादे कागज पर आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आवेदन करने वाली महिला उम्मीदवार संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र के लाभान्वित क्षेत्र में रहने वाले परिवार से संबंधित होनी चाहिए। उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो या समकक्ष उत्तीर्ण होना आवश्यक है। परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ आयु, शिक्षा, निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य संबंधित दस्तावेज जमा करवाने होंगे। साक्षात्कार के दिन सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां साथ लानी होंगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार बाल विकास परियोजना अधिकारी कंडाघाट कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिला सिरमौर में 379 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वर्तमान में 135899 राशनकार्ड धारक को 1 नवंबर, 2025 से 31 मई, 2026 तक 62228 क्विंटल चावल तथा 101676 क्विंटल आटा, 12510 क्विंटल दालें, 987162 लीटर खाद्य तेल, 12142 क्विंटल चीनी तथा 3079 क्विंटल नमक गुणवत्ता पूरक खाद्यान सामग्री उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने जिला में उचित मूल्य की नई दुकानें खोलने बारे भी समीक्षा की। जिला नियंत्रक सिरमौर शमशेर सिंह ने बताया कि खाद्यानों की गुणवत्ता के लिए समय-समय पर नमूनों को एकत्रित कर निदेशालय को विश्लेषण के लिए भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि माह नवंबर, 2025 से मई, 2026 तक 2187 निरीक्षण किए गए जिनमें 28 मामलों में अनियमितताएं पाई गई तथा 40 हजार, 458 रुपये जुर्माना कर सरकारी कोष में जमा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर में 16 गैस एजेंसियां कार्यरत है जिसके माध्यम से 1,62,654 उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से उपलब्ध करवाई जा रही। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान जिला में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दो खरीद केंद्रों धौला कुआं एवं एपीएमसी पांवटा साहिब के माध्यम से 19,777 क्विंटल गेहूं खरीद की गई। बैठक में अध्यक्ष नगर परिषद नाहन उपमा धीमान, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस पवन कुमार, उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर, क्षेत्रीय प्रबंधक राज्य आपूर्ति निगम नरेश कुमार, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नाहन संजय कुमार, सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कथेड़ में बजट के इंतजार में अटका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण

ठेकेदार ने रोका कार्य, सरकार को 1.6 करोड़ की भेजी है डिमांड

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। शहर के कथेड़ स्थित निर्माणाधीन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ब्लॉक का निर्माण कार्य एक बार फिर बजट के अभाव में प्रभावित हो गया है। सरकार से समय पर धनराशि जारी न होने के कारण निर्माण की रफ्तार धीमी पड़ गई है। यदि जल्द फंड उपलब्ध नहीं कराया गया तो निर्माण स्थल पर कार्यरत करीब 400 दिहाड़ी एवं निर्माण श्रमिकों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। जानकारी के अनुसार अस्पताल प्रबंधन और लोक निर्माण विभाग ने करीब एक माह पहले प्रदेश सरकार को 1.65 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि जारी करने का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव लंबित होने के कारण निर्माण कार्य पर असर पड़ रहा है और ठेकेदार के लिए काम जारी रखना मुश्किल होता जा रहा है।

बजट की देरी से अस्पताल ब्लॉक निर्माण अक्तूबर तक टला

यह परियोजना पहले ही तय समय-सीमा से सात से आठ माह पीछे चल रही है। शुरुआती योजना के तहत मां शूलिनी मेले के दौरान अस्पताल के एक ब्लॉक का उद्घाटन प्रस्तावित था, लेकिन अब निर्माण पूरा करने का लक्ष्य अक्तूबर के अंत तक रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि यदि शीघ्र बजट जारी नहीं हुआ तो यह लक्ष्य भी आगे खिसक सकता है।

क्या कहते हैं विभागीय धिकारी...

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि भवन का बाहरी निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि वर्तमान में अंदरूनी फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। यह चरण परियोजना के लिहाज से सबसे अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी के बाद अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

बजट की कमी के चलते निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द धनराशि जारी नहीं हुई तो काम पूरी तरह रोकना पड़ सकता है, जिससे परियोजना में और देरी होगी।

रवि कपूर, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

अतिरिक्त 1.65 करोड़ रुपए की मांग का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। धनराशि स्वीकृत होते ही इसे लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करा दिया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी रुकावट के पूरा किया जा सके।

राकेश पंवर, चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल सोलन

कुथल गांव में मिला 60 वर्षीय व्यक्ति का शव, गिरने से मौत की आशंका

अनंत ज्ञान

राजगढ़। सिरमौर जिले के राजगढ़ उपमंडल के अंतर्गत पुलिस चौकी शिलाबाग क्षेत्र में सोमवार को 60 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भगत राम (60) पुत्र स्वर्गीय दीना नाथ, निवासी गांव ननू, डाकघर बलग, तहसील ठियोग, जिला शिमला के रूप में हुई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शव कुथल गांव स्थित जनोल घासनी में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राजगढ़ भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत पहाड़ी क्षेत्र में गिरने के कारण हुई है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की पुष्टि डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी ने की है।

बिजली की आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। एचपीएसईबीएल के 132 केवी उपकेंद्र डुगनीहार में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 9 जुलाई को दाड़लाघाट उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियोजित शटडाउन रहेगा। इस दौरान 132 केवी सर्किट ब्रेकर मरम्मत और 11 केवी स्विचगियर रखरखाव किया जाएगा। दाड़लाघाट, चंडी, ग्याना, नवगांव-कंधर, भराड़ीघाट, धुंदन सहित कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की तथा मौसम या अन्य परिस्थितियों में समय परिवर्तन की संभावना जताई।

व्यवस्था के भरोसे नहीं, जनसहयोग से साफ होंगे वार्ड, पंचायतें : विजय

अनंत ज्ञान

सोलन। सोलन के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को जनभागीदारी से बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मिशन कर्तव्य' संस्था ने एक नए जन-अभियान की शुरुआत की है। संस्था के संस्थापक एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता विजय भट्टी ने लोगों से आह्वान किया है कि वे केवल प्रशासन पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाएं।

विजय भट्टी ने कहा कि अकसर लोग अपने क्षेत्र में गंदगी की शिकायत तो करते हैं, लेकिन उसके समाधान के लिए स्वयं आगे नहीं आते। इसी सोच को बदलने के लिए उन्होंने प्रत्येक वार्ड और पंचायत के लोगों से महीने में कम से कम एक दिन अपने क्षेत्र की सफाई के लिए श्रमदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बदलाव की शुरुआत हमेशा स्वयं से होती है। 'मिशन कर्तव्य' की टीम हर क्षेत्र में जाकर स्वच्छता अभियान चलाने के लिए तैयार है, लेकिन स्थायी परिवर्तन तभी संभव होगा जब स्थानीय लोग भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। उनका कहना है कि यदि लोग स्वयं झाड़ू उठाकर अपने आसपास सफाई करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा।

विजय भट्टी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी राजनीतिक उद्देश्य या दिखावे के लिए नहीं, बल्कि सोलन के सभी वार्डों और पंचायतों को स्वच्छ बनाने की भावना से शुरू किया गया है। उन्होंने युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं से इस जन-अभियान से जुड़कर श्रमदान एवं सहयोग देने की अपील की है।

9 जुलाई से चलाया जाएगा फोक मीडिया विशेष प्रचार अभियान

18 पंचायतों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

नाहन। सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार हेतू विशेष फोक मीडिया प्रचार अभियान चलाया जा रहा है इस कढी में जिला सिरमौर में 09 जुलाई, 2026 से फोक मीडिया कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

◆ **नुक्कड़ नाटकों से दी जाएगी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी**

विशेष प्रचार अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जिला लोक सम्पर्क अधिकारी ममता नेगी ने बताया कि जिला के सभी 08 विकास खंडों की 18 अनुसूचित जाति बाहुल्य जनसंख्या वाली पंचायतों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मनोरंजक व स्थानिय भाषा में लोगों को अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के साथ-साथ प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा नशे की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के प्रति जागरूक होकर इन योजनाओं का लाभ ले सके।

यहां आयोजित होंगे कार्यक्रम

09 जुलाई को विकास खंड संगडाह के ग्राम पंचायत चोकर तथा शामरा, 10 जुलाई को विकास खंड शिलाई के अजरौली, शखौली तथा 11 जुलाई को हल्लांह व नैनीधार तथा 12 जुलाई को विकास खंड राजगढ़ की दीदग व ठोड़निवाड़ तथा विकास खंड पच्छाद की वासनी और चमेंजी तथा 13 जुलाई को विकास खंड ददाहू की कटाह शीतला और महीपुर तथा 14 जुलाई को विकास खंड नाहन की बनकलां और सतीवाला तथा 15 जुलाई को विकास खंड पांवटा साहिब की शिवपुर और निहालगढ़ तथा 16 जुलाई को विकास खंड कमरऊ स्थित तिलोरधार की सतौन और पोका ग्राम पंचायतों में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से अनुमोदित दलों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जांएगे।

कांगर धरयार विद्यालय में केरल व्यंजन प्रदर्शनी आयोजित

अनंत ज्ञान, सराहां। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगर धरयार में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत केरल राज्य के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने केरल के प्रसिद्ध व्यंजन जैसे पायसम, अप्पम, इडली, डोसा, केले की बर्फी, प्लम केक तथा अन्य पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी ने विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेकर केरल की समृद्ध खाद्य संस्कृति को जाना। कार्यक्रम के प्रभारी प्रवक्ता राजनीति विज्ञान डॉ. सुरेश कुमार ने एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के उद्देश्यों, इसकी वर्तमान प्रासंगिकता तथा राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

भाजपा प्रशिक्षण शिविर संपन्न, संगठन को मजबूत करने का आह्वान

प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकत : सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान

पावंटा/नाहन। पांवटा साहिब। भारतीय जनता पार्टी जिला सिरमौर का दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान' पांवटा साहिब में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि संगठन का प्रशिक्षण केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं में राष्ट्रसेवा, अनुशासन, संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के संस्कार विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय शिविर में वरिष्ठ वक्ताओं ने भाजपा की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन, सेवा कार्य, डिजिटल संवाद, सुशासन तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान व अनुभव के आधार पर कार्यकर्ता केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को हर परिवार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय सिद्धांत भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार है।

रोजगार के वादों पर कांग्रेस को जवाब देना होगा

सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार युवाओं को रोजगार देने के अपने वादे पूरे करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बेरोजगार युवा आज भी रोजगार का इंतजार कर रहे हैं और सरकार को अपनी रोजगार नीति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए हत्या, गोलीबारी, नशाखोरी और बढ़ते अपराधों को प्रशासनिक विफलता का परिणाम बताया। कश्यप ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर से निकले कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और संगठन की विचारधारा के साथ बूथ स्तर तक भाजपा को मजबूत करेंगे। समापन अवसर पर जिला एवं मंडल पदाधिकारी, प्रशिक्षक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धुंदन स्कूल में वन महोत्सव का आयोजन

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, इको क्लब तथा स्काउट एंड गाइड के संयुक्त तत्वावधान में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्ट तथा इको क्लब प्रभारी डॉ. अनीता देवी ने किया। इस दौरान विद्यालय द्वारा गोद लिए गए धुंदन बाजार से सटे जंगल में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्य समन्वयक स्वर्गीय दिलीप ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके नाम पर बेलपत्र का पौधा रोपित किया गया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवियों ने पिछले दो-तीन वर्षों में लगाए गए पौधों का निरीक्षण किया तथा उनकी गुड़ाई कर खरपतवार हटाकर उनकी देखभाल भी की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुनील कुमार, सदस्य मेहरचंद, ग्रामीण प्रमोद, राकेश, वन मित्र रितिका और चंचला देवी व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

डॉ. मुखर्जी की 125वीं जयंती पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

छात्रा को सम्मानित करती प्रधानाचार्या। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

कंडाघाट/सोलन। मेरा युवा भारत (युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) जिला सोलन तथा दयानंद आदर्श विद्यालय, कंडाघाट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर 'राष्ट्रवाद का जागरण' विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की थीम 'विकसित युवा फॉर नशा मुक्त भारत-डॉ. मुखर्जी के सपनों का भारत' रही, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना और नशे के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रमा शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि जिला युवा अधिकारी भूपेंद्र सिंह गिल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, विचारों और राष्ट्रवाद पर आधारित भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्राओं रिधिमा कौर, लक्षिता ठाकुर व हर्षिता ने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत कर राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवनशैली व सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया।

सड़कें ग्रामीण क्षेत्र के विकास की रीढ़ : संजय अवस्थी

15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले एंबुलेंस मार्ग की रखी आधारशिला

अनंत ज्ञान

अर्की। विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि सड़कें विकास की जीवन रेखा होती हैं और प्रत्येक ग्राम पंचायत तक बेहतर सड़क नेटवर्क पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। वह अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रौड़ी में 15 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से रौड़ी से मीरा महाजन गौशाला तक बनने वाले एंबुलेंस मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादित हल्दी के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 90 से बढ़ाकर 150 रुपए प्रति किलो किया गया है। हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां हल्दी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में इतनी वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए गाय और भैंस के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है। इसके अलावा दुग्ध सहकारी संस्थाओं से जुड़े पशुपालकों के लिए दूध खरीद पर प्रोत्साहन राशि 3 से बढ़ाकर 6 रुपए प्रति लीटर की गई है। विधायक ने कहा कि दाड़लाघाट में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए दुकानें तथा बच्चों और वृद्धजनों के लिए पुस्तकालय निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसकी सुविधा जल्द ही लोगों को मिलेगी। उन्होंने रौड़ी क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए घोषणाएं भी कीं। डुगली एम्बुलेंस मार्ग के सुधार व मरम्मत के लिए 3 लाख रुपये, अम्बुजा सीमेंट आउट गेट रौड़ी से चलाई गांव तक एम्बुलेंस मार्ग निर्माण के लिए 3 लाख रुपये तथा फाउंटेन युवक मंडल भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त महिला मंडल रौड़ी, खाता और बागा तथा फाउंटेन यूथ क्लब को 11-11 हजार रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को जनहित के मामलों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक। अनंत ज्ञान

दिक्कत हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 में अवैध पार्किंग पर सख्ती की तैयारी

वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से बढ़ी परेशानी, होगी कार्रवाई

अनंत ज्ञान

सोलन। नगर निगम सोलन के वार्ड-14 स्थित हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 में अवैध पार्किंग की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। सड़कों के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े किए जा रहे वाहनों के कारण आम लोगों और आपातकालीन सेवाओं के वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। पूर्व पार्षद राजीव कौड़ा ने कहा कि यदि समय रहते अवैध रूप से खड़े वाहनों को नहीं हटाया गया तो पुलिस के सहयोग से इनके चालान करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक समस्या महाकालेश्वर मंदिर से गुप्ता हाउस तक के मार्ग पर देखने को मिल रही है। इसके अलावा एक्साइज ऑफिस के नीचे भी बाहरी वाहनों की पार्किंग लगातार बढ़ रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल्द ही बाहरी वाहनों के विरुद्ध पुलिस के सहयोग से अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे, ताकि सड़कें सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

उधर, हाउसिंग कॉलोनी रेसिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी ने भी स्थानीय पार्षद सुलक्षणा देवी से बाहरी वाहनों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। सोसायटी का कहना है कि नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई से ही अवैध पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

रेसिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी ने कॉलोनीवासियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे अपने किरायेदारों के वाहनों की पहचान सुनिश्चित करें तथा उन्हें निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कॉलोनी में लंबे समय से खड़े बाहरी वाहनों की जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

हाउसिंग कॉलोनी में सड़क किनारे पार्क गाड़ियां। अनंत ज्ञान

न्यूज ब्रीफ

जीवन कुमार अध्यक्ष, कंचन मेहता उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान, अंब। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौकीमन्यार में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने की। इसमें अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय के विकास और शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर अपने सुझाव दिए। बैठक में पुरानी एसएमसी कार्यकारिणी को भंग कर वर्ष 2026-27 और 2027-28 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से जीवन कुमार को अध्यक्ष और कंचन मेहता को उपाध्यक्ष चुना गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार समिति के सदस्य सचिव होंगे। नई समिति में संजीव कुमार, जितेंद्र पाल, हबीब मोहम्मद, चंचला देवी, सीमा कुमारी और भोली देवी को सदस्य बनाया गया। प्रधानाचार्य ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों की प्रगति और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

मुबारिकपुर विद्युत उपमंडल का हुआ पुनर्गठन कई क्षेत्रों के उपभोक्ता अंब-भरवाई में शिफ्ट

अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर। राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और उपभोक्ताओं को सुचारु सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विद्युत उपमंडलों का पुनर्गठन किया है। इसके तहत विद्युत उपमंडल मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले कुछ उपभोक्ताओं और विद्युत संपत्तियों का नियंत्रण अब विद्युत उपमंडल अंब और भरवाईं को सौंप दिया गया है। सहायक अभियंता धर्मपाल ने बताया कि भरवाईं उपमंडल के अंतर्गत मंथोली, मथेहड़, भलेहड़, घेबट बेहड़, भुंगिया, खरयाली और सिद्ध चलेहड़ पंचायतों के उपभोक्ता शामिल किए गए हैं। वहीं अंब उपमंडल में कोहाड़छन, चौआर, सलोई पंचायत सहित नगर पंचायत अंब के कुछ क्षेत्रों को स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि अब संबंधित उपभोक्ताओं के बिजली बिल नए उपमंडलों से जारी होंगे। बिजली आपूर्ति, तकनीकी खराबी और शिकायतों के लिए उपभोक्ताओं को अपने नए विद्युत कार्यालय से संपर्क करना होगा। वहीं 8 जुलाई को गरनेट-भरवाईं फीडर के रखरखाव के चलते सुबह 10 से शाम 5 बजे तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

लोहारा अपर और लडोली पंचायतों में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान, ऊना। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के पहले चरण के दूसरे दिन आज मंगलवार को आरके कलामंच, चिंतपूर्णी ने अंब उपमंडल की ग्राम पंचायत लोहारा अप्पर के गुरेट और लडोली पंचायत के भरवां उर्फ कंगरूही में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित लोगों को सरकारी योजनाओं बारे जागरूक किया। इस दौरान कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों तथा नशामुक्त अभियान से अवगत करवाया। कार्यक्रम में कलाकारों ने जानकारी दी कि अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यदि स्वर्ण जाति का कोई युवक अथवा युवती अनुसूचित जाति वर्ग में विवाह करता/करती है तो प्रदेश सरकार द्वारा दंपत्ति को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह योजना समाज से छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाई गई है। इसके लिए दंपत्ति को जाति प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की प्रति, आधार कार्ड, विवाह का फोटो तथा संबंधित जिला कल्याण अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

भैंस के पेट से निकालीं 32 कीलें और धातु के टुकड़े, ऑपरेशन से बची जान

डॉ. निशांत बोले- 7 से 10 दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखी जाएगी भैंस

अनंत ज्ञान

हरोली/ऊना। मेहतपुर निवासी रामपाल अपनी भैंस को पिछले 10 दिनों से चारा न खाने की शिकायत के चलते पशु चिकित्सालय पॉलीक्लिनिक लल्हड़ी, हरोली लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने पशु की प्रारंभिक जांच, रक्त परीक्षण और अल्ट्रासाउंड किया, जिसमें भैंस के पेट में धातु से बनी फॉरेन बॉडी होने का पता चला।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने तुरंत शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) की सलाह दी। इसके बाद डॉ. निशांत राणौत, डॉ. नवनीत शर्मा, डॉ. शिल्पा राणौत और डॉ. स्टेफनी प्रधान की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया।

लल्हड़ी पशु चिकित्सालय में भैंस का सफल ऑपरेशन किया गया।

ऑपरेशन के दौरान भैंस के पेट से 32 नुकीली लोहे की कीलें और तार, एक बियरिंग बॉल, एक टूटा हुआ बोल्ट तथा 10 अन्य छोटे धातु के टुकड़े निकाले गए। चिकित्सकों के अनुसार ये सभी धातु के टुकड़े भैंस के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बने हुए थे और पिछले कई दिनों से हो रही तकलीफ का मुख्य कारण भी यही थे। इस सफल शल्य चिकित्सा में फार्मासिस्ट सौरव कुमार, सुनंदा, दीपक, करमवीर और विकास ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। ऑपरेशन के बाद भैंस की स्थिति में सुधार देखा गया है और उसे दर्द से काफी राहत मिली है।

डॉ. निशांत राणौत ने बताया कि भैंस को अगले 7 से 10 दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा, ताकि उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा सके और उसके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि पशुओं के चारे और आसपास के वातावरण को धातु के कचरे से मुक्त रखें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

ऊना जिले में मानसून के मद्देनजर 30 सितंबर तक पहाड़ी कटान पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

ऊना। ऊना जिले में लगातार हो रही बारिश और मानसून के दौरान संभावित आपदा जोखिम को देखते हुए एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने 30 सितंबर तक निजी विकास एवं निर्माण गतिविधियों के लिए किसी भी प्रकार के पहाड़ी कटान पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

आदेशों में कहा गया है कि 30 जून से जिले में मानसून सक्रिय है तथा लगातार हो रही वर्षा और भारी बारिश के कारण विभिन्न क्षेत्रों में नुकसान की घटनाएं सामने आई हैं। जिला प्रशासन राहत, पुनर्बहाली और आवश्यक सेवाओं की बहाली में जुटा हुआ है। आगामी दिनों में भी भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। आदेशों के अनुसार मानसून के दौरान अनियमित पहाड़ी कटान और अनियोजित निर्माण गतिविधियां भू-संरचना को कमजोर कर सकती हैं। इससे भूस्खलन, भवनों तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं को नुकसान पहुंचने के साथ जन-धन की हानि का खतरा बढ़ जाता है। जिले के संवेदनशील पारिस्थितिकीय तंत्र और आधारभूत संरचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा संभावित आपदाओं की रोकथाम के उद्देश्य से यह प्रतिबंध लगाया गया है।

आदेशों के अनुसार आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों एवं अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के पुनर्निर्माण कार्यों को छोड़कर निजी विकास एवं निर्माण गतिविधियों के लिए किसी भी प्रकार का पहाड़ी कटान 30 सितंबर तक प्रतिबंधित रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने सभी उपमंडल अधिकारियों (नागरिक) एवं कार्यपालक दंडाधिकारियों को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

हिमाचल सरकार स्वर्ण जयंती आश्रय योजना में पक्का घर बनाने के लिए दे रही 1.50 लाख की आर्थिक मदद

अनंत ज्ञान

ऊना। हिमाचल सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 1.50 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान कर रही है। यह सहायता उन्हीं लोगों को दी जाती है जिनके नाम पर भूमि पंजीकृत हो और जिनकी वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक न हो। लाभार्थियों को अपने आवेदन तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाने होते हैं।

यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नाट्यदल आर.के. कलामंच चिंतपूर्णी ने सोमवार को अंब उपमंडल की ग्राम पंचायत डूहल भटवालां के गांव बामसेरा और घंघरेट पंचायत में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए दी।

कलाकारों ने बताया कि यह योजना उन गरीब परिवारों के सपनों को साकार कर रही है, जिनके पास खुद की जमीन तो है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण वे पक्का मकान नहीं बना पाते। इसके साथ ही ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना और नशा निवारण जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। कलाकारों ने नशे को एक गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए लोगों से नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। इन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक दलों के माध्यम से विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया है।

ऊना जिले में यह अभियान दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। जिले के 20 अनुसूचित जाति बहुल्य गांवों में कार्यक्रम होंगे, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 4-4 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर डूहल भटवालां पंचायत प्रधान देवराज, उप प्रधान संजीव कुमार, घंघरेट पंचायत प्रधान सरोज कुमारी, उप्रधान ओंकार चंद, सचिव वनीत कुमार और प्रदीप कुमार, पंचायत वार्ड सदस्यों सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

ये रहेगा आगामी कार्यक्रमों का शेड्यूल

प्रथम चरण के तहत आरके कलामंच चिंतपूर्णी द्वारा 7 को गुरेट और भरवां उर्फ कंगरूही, 8 को गगरेट के डंगोह खास और गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर, 9 को कैलाश नगर और गगरेट अप्पर तथा 10 जुलाई को बंगाणा के मोउखास और सकोहान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं, दूसरे चरण में पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा द्वारा 14 से 18 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें 14 जुलाई को हरोली के जोड़ियां और जननी, 15 को हरोली के जंगल पंजावर और भदसाली थोलियां, 16 को ऊना के बटूही और लमलेहड़ी अप्परली, 17 को ऊना के जखेड़ा और बहडाला लोअर तथा 18 जुलाई को परोइयां कलां और पनसाई में गीत संगीत व नुकड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

देशभर में गौ सुरक्षा अभियान चलाएगी विहिप

राष्ट्रपति के नाम सौंपे जाएंगे ज्ञापन, गौ सुरक्षा पर जनजागरण 27 को

अनंत ज्ञान

अंब। विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को समूर कलां स्थित शिक्षा भारती बी.एड. कॉलेज में जिला मंत्री संदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय गोरक्षा प्रमुख ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए दिनेश उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता और मातृशक्ति का विशेष महत्व है तथा उनकी सेवा और संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद लंबे समय से गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए जनजागरण अभियान चला रही है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को विश्व हिन्दू परिषद पूरे देश में गौ सुरक्षा अभियान चलाएगा। इसके तहत सभी जिलों में संगठन के कार्यकर्ता जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे और

विहिप की बैठक में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

गौ संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रभावी कदम उठाने की मांग करेंगे।

दिनेश उपाध्याय ने लोगों से आह्वान किया कि जहां तक संभव हो अपने घरों में देसी गाय का पालन करें तथा गौवंश के संरक्षण और संवर्धन में योगदान दें। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश घर में गाय पालना संभव न हो तो प्रतिदिन गौ माता के लिए पहली रोटी निकालकर निकटवर्ती गौशाला में अवश्य दें।

बैठक में गौ संरक्षण, संगठन विस्तार और जनजागरण को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव तक जनसंपर्क अभियान चलाकर समाज में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर क्षेत्र गोरक्षा प्रमुख सतीश चौधरी, हिमाचल गोरक्षा प्रमुख अश्विनी कपिल, बजरंग दल प्रांत संयोजक उदय ठाकुर, जिला प्रचार-प्रसार मंत्री कपिल सूद, जिला सह मंत्री विनय रंजन, बजरंग दल जिला संयोजक राहुल ठाकुर, प्रखंड मंत्री विवेक शर्मा, प्रखंड बजरंग दल संयोजक रवि पटियाल (गगरेट) सहित विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मारपीट के दो मामलों में क्रॉस एफआईआर दर्ज

अनंत ज्ञान स्वारघाट। थाना कोट कहलूर क्षेत्र के बेहल गांव में जमीन और बुर्जी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में विक्रम सिंह निवासी बेहल ने शिकायत दी कि जमीन विवाद को लेकर दीपक कुमार, लखविंद्र सिंह और अन्य लोगों ने उनके व उनकी माता के साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष की शीला देवी ने शिकायत दर्ज करवाई कि विक्रम सिंह, नरेंद्र सिंह, बलबीर सिंह और सकीना देवी ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में भी केस दर्ज किया है।

एफसीआई के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के थोक भंडार बिलासपुर से राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक भंडार सदर तक खाद्यान्न परिवहन व ढुलाई कार्य के लिए वर्ष 2026-27 और 2027-28 की अवधि हेतु ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बिजेंद्र पठानिया ने बताया कि इच्छुक एजेंसियां 27 जुलाई शाम 5 बजे तक ई-टेंडरिंग पोर्टल के माध्यम से निविदाएं जमा कर सकती हैं। ऑफलाइन या निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाएं 28 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय में खोली जाएंगी। प्रक्रिया व शर्तों की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

नशा रोकने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर के ट्रॉमा सेंटर में ड्रग डिमांड रिडक्शन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर नशे की रोकथाम, जागरूकता बढ़ाना और नशा प्रभावित लोगों की समय पर पहचान व परामर्श सुनिश्चित करना रहा। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. दीपक गुरंग और स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव, रोकथाम के उपाय, जागरूकता रणनीतियों और रेफरल प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता, आशा फैसिलिटेटर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम ने भाग लिया। प्रतिभागियों को अपने क्षेत्रों में नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय सम्मेलन में एम्स बिलासपुर ने लहराया परचम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। एम्स बिलासपुर के रेडियोडायग्नोसिस विभाग ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में आयोजित हरनाम सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय सम्मेलन में शानदार प्रदर्शन किया। विभाग ने सभी प्रमुख प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किए। ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में डॉ. राजेश कन्ना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर प्रेजेंटेशन में डॉ. दीपेश प्रसाद प्रथम और डॉ. विदुषी धीमान तृतीय स्थान पर रहीं। रेडियोलॉजी क्विज में डॉ. राजेश कन्ना, डॉ. दीपेश प्रसाद और डॉ. रश्मीत कौर की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। सम्मेलन में विभागाध्यक्ष डॉ. नरवीर चौहान और डॉ. लोकेश राणा ने विशेषज्ञ व्याख्यान भी दिए। निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर बधाई दी।

गुलेरी जयंती पर डाइट जुखाला में साहित्यिक कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जुखाला में हिंदी साहित्य के महान रचनाकार पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक शिक्षा एवं गुणवत्ता निशा गुप्ता ने की। हिंदी प्रवक्ता राकेश कुमार ने गुलेरी के साहित्यिक योगदान और उनकी कालजयी रचनाओं पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षु अध्यापिका ईशा चंदेल ने उनके जीवन परिचय, जबकि चांदनी ने प्रसिद्ध कहानी 'उसने कहा था' का भावपूर्ण वाचन किया। कंगना डटवालिया ने 'धर्म और समाज' रचना पर विचार रखे। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया ने हिंदी भाषा और साहित्य के संरक्षण का आह्वान किया।

विज्ञान संकाय बहाल, झंडूता कॉलेज के छात्रों को राहत

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता के एकमात्र राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की कक्षाएं दोबारा शुरू होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। जून 2026 में विज्ञान संकाय बंद किए जाने के फैसले का क्षेत्र में विरोध हुआ था। अब सरकार द्वारा इसे बहाल करने से विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही विज्ञान विषय की पढ़ाई का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में शुरू हुए विज्ञान संकाय के लिए आधुनिक विज्ञान भवन का निर्माण भी जारी है।

प्रदेश के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी सरकार : धर्माणी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने बिलासपुर में पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हिमाचल के अधिकारों, संसाधनों और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने वाइल्ड फ्लावर हॉल, ऊर्जा क्षेत्र और अन्य मामलों में कानूनी लड़ाइयों के माध्यम से प्रदेश को आर्थिक लाभ दिलाया है। वाइल्ड फ्लावर हॉल से अब तक लगभग 40 करोड़ रुपए की आय हो चुकी है, जबकि ऊर्जा क्षेत्र के नीतिगत निर्णयों से प्रदेश को प्रतिवर्ष करीब 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय मिल रही है। धर्माणी ने कहा कि आओ बांध परियोजना में सरकार ने प्रदेश पर वित्तीय बोझ डालने का विरोध किया, जिससे भविष्य में लगभग 600 करोड़ रुपए का लाभ मिलने की संभावना है। मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए सस्ती दर पर भूमि देने का प्रस्ताव भी प्रदेशहित में न होने के कारण वापस लिया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार बीबीएमबी, शानन विद्युत परियोजना और चंडीगढ़ में हिमाचल की 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी जैसे मामलों में भी मजबूती से कानूनी लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से हिमाचल के अधिकारों की रक्षा के इस अभियान में सरकार का सहयोग करने का आह्वान किया।

भाखड़ा बांध से प्रभावित परिवारों की लंबित मांगें शीघ्र पूरी की जाएं : देशराज शर्मा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। भाखड़ा बांध से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और लंबित मांगों को लेकर ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति बिलासपुर ने प्रदेश और केंद्र सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की है। समिति अध्यक्ष देशराज शर्मा की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा।

उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते देश राज व अन्य।

ज्ञापन में कहा गया कि दशकों से विस्थापित परिवार पुनर्वास, मुआवजे और अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। समिति ने आरोप लगाया कि पहले भी कई बार मांगें उठाने के बावजूद प्रशासन और सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

समिति ने बिलासपुर शहर और आसपास के विकसित क्षेत्रों में पात्र विस्थापितों को आवासीय व व्यावसायिक प्लॉट देने, लंबित पुनर्वास मामलों का समयबद्ध निपटारा करने और आवंटित प्लॉटों का कब्जा दिलाने की मांग की है। साथ ही मामले को बीबीएमबी, केंद्र और प्रदेश सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया गया। अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि यदि जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो विस्थापित परिवार लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे। उन्होंने अन्य परियोजनाओं की तर्ज पर भाखड़ा विस्थापितों को भी 39 प्रतिशत क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग की। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित समिति के महासचिव श्रीराम चौहान, गरजा राम, डॉ. जय राम शर्मा और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

लुहणू इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट 11 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से 11 जुलाई को लुहणू इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियां भाग लेंगे। पंजीकरण 11 जुलाई को सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक होगा, जबकि मुकाबले सुबह 10 बजे से शुरू होंगे। खिलाड़ियों के लिए हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम तीन स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने पात्र खिलाड़ियों से समय पर पंजीकरण कर प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। यह प्रतियोगिता जिले के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर प्रदान करेगी।

भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग 9-10 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर 9 और 10 जुलाई को बान तलाई होटल एंड रिसॉर्ट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करेगी। इसमें जिले भर से करीब 180 पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में बूथ प्रबंधन, संगठन की कार्यपद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रबंधन, सुशासन, सेवा, संगठन विस्तार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विषयों पर वरिष्ठ नेताओं व विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने सभी पदाधिकारियों से समय पर उपस्थित होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

अघोषित बिजली कटौती से झंडूता के लोगों में रोष

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता उपमंडल में बार-बार बिजली बाधित रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौली से घरेलू कार्य, पेयजल आपूर्ति, खेती, पशुपालन, व्यापार और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। व्यापारियों ने खराब होने वाली खाद्य सामग्री को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई है। समाजसेवी अमरनाथ धीमान ने निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की है। अधिशाषी अभियंता कर्ण चंदेल ने बताया कि स्थानीय तकनीकी खराबी के कारण समस्या आई है, जिसे जल्द दूर किया जाएगा।

कोटलू-टिकरी में तेंदुए की दहशत, लोग सहमे

अनंत ज्ञान, झंडूता। विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बैहना ब्राह्मणा के कोटलू और टिकरी गांव में तेंदुए की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल है। दिन के समय भी तेंदुआ दिखाई देने से महिलाएं घास लाने और किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द पिंजरा लगाया जाएगा। साथ ही लोगों से समूह में जाने, झाड़ियों वाले क्षेत्रों से सावधानी बरतने और रात में रोशनी की व्यवस्था रखने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य जांच शिविर में 48 लोगों की हुई जांच

अनंत ज्ञान घुमारवीं। घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत बरोटा में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 48 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान लोगों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयां और स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी गई। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के कोऑर्डिनेटर आशीष ठाकुर ने बताया कि शिविर में कुल 48 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

झंडूता पीडब्ल्यूडी के नए एक्सईएन ने संभाला कार्यभार

अनंत ज्ञान, झंडूता। लोकनिर्माण विभाग झंडूता उपमंडल के नवनियुक्त अधिशाषी अभियंता ज्ञानचंद शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सड़कों को सुचारु रखना और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि बारिश से प्रभावित सड़कों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। भूस्खलन, गड्ढों या अन्य कारणों से बाधित होने वाले मार्गों पर समय रहते मरम्मत कार्य करवाए जाएंगे। अधिशाषी अभियंता ने कहा कि सभी प्रमुख और संपर्क मार्गों को चालू रखने के लिए विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने लोगों से सड़क संबंधी समस्याओं की सूचना तुरंत विभाग को देने की अपील की।

मजारी स्कूल में नशा रोकथाम की कार्ययोजना तैयार

अनंत ज्ञान, स्वारघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी में नशा निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर ने की। बैठक में विद्यालय और आसपास के क्षेत्र में नशे के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। थाना कोट के एएसआई पवन कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस के साथ परिवार, विद्यालय और समाज की संयुक्त भागीदारी जरूरी है। उन्होंने युवाओं को जागरूक करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने का आह्वान किया। बैठक में नियमित जागरूकता कार्यक्रम, अभिभावक बैठकें, विशेषज्ञ व्याख्यान, रैलियां और प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि नशामुक्त समाज के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

डाइट जुखाला में शिक्षकों को मिली शिक्षण किट

अनंत ज्ञान, जुखाला। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जुखाला में संपर्क फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ डिप्टी डायरेक्टर (क्वालिटी) निशा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य राकेश कुमार मनकोटिया भी मौजूद रहे। कार्यशाला का उद्देश्य संपर्क फाउंडेशन की ओर से उपलब्ध करवाई गई शिक्षण सामग्री और किटों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाना रहा। कार्यक्रम समन्वयक कुलदीप सिंह ने शिक्षकों को शिक्षण किट के उपयोग, गतिविधि आधारित शिक्ष

न्यूज ब्रीफ

बालू स्कूल में शहीद कै. विक्रम बतरा को किया याद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। राजकीय प्राथमिक पाठशाला बालू में परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को उनके जीवन, साहस और कारगिल युद्ध में योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। डॉ. कविता बिजलवान ने विद्यार्थियों को कैप्टन बत्रा के आदर्शों से प्रेरणा लेने और अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें अंकुश प्रथम, आदित्य द्वितीय और संस्कार तृतीय रहे। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

पेंशनर्स ने एरियर भुगतान की उठाई मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड पेंशनर्स कल्याण संघ, शाखा चंबा की बैठक हारदासपुर स्थित राज्य विश्रामगृह में आयोजित हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित वित्तीय मामलों पर रोष जताते हुए एरियर का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई गई। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेम सिंह ने कहा कि 2016 से लागू संशोधित वेतनमान का एरियर अब तक लंबित है। हरिंदर सिंह ने बिजली बोर्ड से भी 65 से 70 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों को जुलाई में एरियर जारी करने की मांग की। बैठक में करीब 60 पेंशनर उपस्थित रहे।

बतोट स्कूल में जर्जर शौचालय से बच्चे परेशान, मरम्मत की उठी मांग

पत्थर के सहारे बंद हो रहा शौचालय का दरवाजा, छत और दीवारें खस्ताहाल

अनंत ज्ञान

देश राज कश्यप, धरवाला। शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट में छात्रों और शिक्षकों के लिए निर्मित शौचालय की बदहाल स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। जर्जर शौचालय के कारण विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों और शिक्षकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने विभाग और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर शौचालय की मरम्मत तथा पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शौचालय के दरवाजे बारिश और जंग लगने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। एक दरवाजा इस कदर खराब हो गया है कि उसे बंद रखने के लिए बड़े पत्थर का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं शौचालय की छत और दीवारें भी जर्जर अवस्था में हैं, जिससे इसकी सुरक्षा और उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए शौचालय की पानी की टंकी छत पर लगाने के बजाय जमीन पर रखी गई है। इतना ही नहीं, पानी की नियमित आपूर्ति का भी कोई प्रबंध नहीं है। ऐसे में विद्यालय में स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय उपलब्ध कराने के सरकारी दावों पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि शौचालय की जर्जर हालत और पानी की कमी का सीधा असर बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता पर पड़ रहा है। उनका कहना है कि विद्यालय जैसे महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बच्चों के अधिकारों के साथ-साथ उनकी गरिमा और स्वास्थ्य से भी जुड़ा गंभीर मुद्दा है। अभिभावकों ने मांग की है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बतोट के शौचालय का शीघ्र पुनर्निर्माण या व्यापक मरम्मत करवाई जाए तथा पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध हो सके।

चंबा के 75 दिव्यांग बच्चों को बांटे सहायता उपकरण

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी शिक्षा को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सरू, चंबा में मंगलवार को एक दिवसीय 'एड्स एवं एप्लायंसेज वितरण शिविर' आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा के माध्यम से एलिम्को के सहयोग से आयोजित इस शिविर में जिले के 75 दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरतों के अनुसार आधुनिक सहायता उपकरण प्रदान किए गए।

शिविर का शुभारंभ डाइट सरू की प्रधानाचार्या नम्रता शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे उपकरण दिव्यांग बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सहायता उपकरण बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी दैनिक गतिविधियों को भी आसान बनाते हैं। शिविर में एलिम्को मोहाली (चंडीगढ़) की ओर से बच्चों को स्मार्ट फोन, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, कृत्रिम पैर और शिक्षण-अधिगम सामग्री किट सहित विभिन्न उपकरण वितरित किए गए। इन उपकरणों से बच्चों की पढ़ाई, आवागमन और दैनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में सभी 75 दिव्यांग बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहे।

सफाई व्यवस्था पर सवाल: चंबा शहर में जगह-जगह बोरियों में पड़ा कूड़ा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। ऐतिहासिक नगरी चंबा में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर एक ओर नगर परिषद सक्रियता का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के कई स्थानों पर बोरियों में पैक किया गया कूड़ा दिनों से उठान का इंतजार करता दिखाई दे रहा है। जगह-जगह ऐसे दृश्य देखने को मिल रहे हैं, जिससे सफाई व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

कूड़े के उठान में देरी से बढ़ी लोगों की चिंता। अनंत ज्ञान

शहर के विभिन्न हिस्सों में सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़े को एकत्र कर बोरियों में भरकर रखा गया है, लेकिन इन बोरियों का समय पर उठान नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप कई स्थानों पर कूड़े की बोरियां सार्वजनिक स्थलों और सड़कों के किनारे पड़ी हुई हैं, जो न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि आम लोगों के लिए भी असुविधा का कारण बन रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल कूड़े को बोरियों में भर देना पर्याप्त नहीं है। जब तक उसका समयबद्ध निस्तारण नहीं होगा, तब तक स्वच्छता अभियान का उद्देश्य अधूरा ही रहेगा। नागरिकों का मानना है कि कूड़े का शीघ्र उठान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि दुर्गंध, गंदगी और अन्य संभावित समस्याओं से बचा जा सके। चंबा अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान के लिए देशभर में जाना जाता है। ऐसे शहर में स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण बनाए रखना नगर परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शहरवासियों ने उम्मीद जताई है कि नई नगर परिषद इस समस्या का शीघ्र समाधान करेगी और कूड़े के संग्रहण के साथ-साथ उसके नियमित एवं समयबद्ध उठान की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेगी, ताकि चंबा की स्वच्छ और सुंदर छवि बनी रहे।

चंबा की बेटी हिमानी ने जेएनयू की इतिहास प्रवेश परीक्षा में देशभर में झटका प्रथम स्थान

प्राचार्य प्रो. राकेश ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर किया सम्मानित।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। दुर्गम पहाड़ों और सीमित संसाधनों के बावजूद यदि हौसले बुलंद हों तो सफलता स्वयं कदम चूमती है।

इस कहावत को चरितार्थ करते हुए चंबा की होनहार बेटी हिमानी शर्मा ने देश के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की इतिहास विषय में परास्नातक प्रवेश परीक्षा में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में अखिल भारतीय प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल चंबा बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। राजकीय महाविद्यालय चंबा में मंगलवार को हिमानी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राकेश राठौर ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। हिमानी शर्मा गत शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय चंबा में इतिहास विषय की स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा रही हैं। उल्लेखनीय है कि उन्होंने किसी बड़े महानगर या महंगे कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया।

पांगी के तीन परिवारों को मिले 10 लाख रुपए के क्लेम

अनंत ज्ञान

रोशन लाल, किलाड़/पांगी। मुसीबत की घड़ी में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पांगी घाटी के तीन परिवारों के लिए आर्थिक संबल बनकर सामने आई हैं। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की किलाड़ शाखा ने इन दोनों योजनाओं के तहत तीन पात्र परिवारों को कुल 10 लाख रुपए की बीमा दावा राशि प्रदान की।

पंचायत कुमार की रंजना कुमारी की पत्थर लगने से हुई असामयिक मृत्यु के बाद उनके पति क्रांति कुमार को 4 लाख रुपए का बीमा क्लेम सौंपा गया। वहीं ग्राम पंचायत लुज के हंसराज के हृदयाघात से निधन होने पर उनकी पत्नी ओम देई को 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। इसी क्रम में सड़क दुर्घटना में विद्या लाल की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी कलासो देवी को 4 लाख रुपए का बीमा क्लेम वितरित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक किलाड़ शाखा के शाखा प्रबंधक नितेश ठाकुर सहित बैंक कर्मचारी तुषार चौधरी, अनिल कुमार और नितिन शर्मा उपस्थित रहे। बैंक अधिकारियों ने लोगों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़कर स्वयं और अपने परिवार का आर्थिक सुरक्षा कवच सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेहद कम प्रीमियम में उपलब्ध ये योजनाएं कठिन समय में परिवारों के लिए बड़ी आर्थिक राहत साबित हो रही हैं।

ग्रामीण बैंक किलाड़ शाखा ने वितरित की सहायता राशि अनंत ज्ञान

भाजपा चंडीगढ़ में जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ के प्रदेश प्रवक्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक बीजेपी प्रदेश कार्यालय कमलम में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता धीरेन्द्र तायल, नरेश अरोड़ा, गुरप्रीत ढिल्लों, नेहा अरोड़ा एवं राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन की गतिविधियों, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा उन्हें मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही केंद्र सरकार एवं भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने तथा विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार का तथ्यों के साथ जवाब देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनसेवा और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा चंडीगढ़ के नागरिकों से जुड़े प्रत्येक महत्वपूर्ण मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी। बैठक में भविष्य के कार्यक्रमों एवं मीडिया समन्वय को लेकर भी आवश्यक निर्णय लिए गए।

सिद्धू बोले-एसआईआर अभियान में भाग लेकर सुरक्षित करें वोट

अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने मोहाली हलके के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं से भारत निर्वाचन आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

उन्होंने कहा कि वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित करवाकर मतदान अधिकार सुरक्षित रखना चाहिए। सिद्धू ने दावा किया कि कई राज्यों में मतदाता सूची से नाम हटने की शिकायतें सामने आई हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने और परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने की अपील की। सिद्धू ने कहा कि स्ङ्क अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत होगा।

जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण विपक्ष निरुत्तर है : कुलवंत

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। पंजाब सरकार द्वारा आम जनता तक सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे 'लोक मिलनी' कार्यक्रमों की शृंखला के तहत आज देर शाम विधानसभा क्षेत्र मोहाली के गांव दाऊं, रायपुर और बहलोलपुर में विधायक कुलवंत सिंह ने लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार जनता से किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहितैषी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण विपक्ष निरुत्तर हो गया है। विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मोहाली में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई आधुनिक खेल स्टेडियम बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि अन्य स्टेडियमों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इससे युवाओं को अपने क्षेत्र में ही बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उन्हें दूर-दराज के स्टेडियमों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और खेल संस्थाओं को आवश्यक खेल सामग्री भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा गांवों में लंबे समय से आयोजित किए जा रहे खेल मेलों को और अधिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही 600 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ आज 85 प्रतिशत से अधिक परिवारों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खेलों के विकास से युवा न केवल स्वस्थ रहेंगे, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजाब और देश का नाम भी रोशन करेंगे।

ऑफिस से वीकेंड तक छाएगा सहज स्टाइल वाला वेस्टर्न वियर

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। आज के दौर में भारतीय ग्राहक ऐसे परिधानों को पसंद कर रहे हैं, जो ऑफिस से लेकर वीकेंड तक हर अवसर पर आसानी से पहने जा सकें। आराम, कारीगरी और आकर्षक डिजाइन के मेल के कारण वेस्टर्न वियर अब रोजमर्रा की ड्रेसिंग का अहम हिस्सा बन गया है। हल्के फैब्रिक, सलीकेदार डिजाइन और हैंड प्रिंट इसकी खास पहचान हैं। फैबइंडिया का वेस्टर्न वियर कलेक्शन भी इसी सोच के साथ तैयार किया गया है, जिसमें ड्रेसेज, को-ऑर्ड सेट्स, प्रिंटेड शर्ट्स और एक्सेसरीज शामिल हैं। कलेक्शन में रेयॉन ब्लेंड हैंड ब्लॉक प्रिंटेड मिडी ड्रेस, इंडिगो कॉटन को-ऑर्ड सेट, फ्लोरल कॉटन ड्रेस, बगरू प्रिंटेड शर्ट और हैंड ब्लॉक प्रिंटेड शर्ट जैसे विकल्प शामिल हैं।

भठिंडा में आरोग्य सेवा केंद्र से मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं आसान

अनंत ज्ञान, भठिंडा। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 'आरोग्य सेवा केंद्र' के माध्यम से भठिंडा में मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को सुदृढ़ कर रही है। जोगी नगर, चंडीगढ़ रोड, विधायक निवास के निकट, हाउस नंबर जेड 613685, स्ट्रीट नंबर 5 पर स्थित यह केंद्र स्थानीय निवासियों को मुफ्त डॉक्टर परामर्श, बुनियादी डायग्नोस्टिक जांच, दवाइयां, स्वास्थ्य परामर्श और टीकाकरण सहायता प्रदान करता है, जिससे परिवारों को आम स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

इस पहल पर बात करते हुए, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस के बिजनेस हेड मन्नू बत्रा ने कहा कि भठिंडा में आरोग्य सेवा केंद्र को मिली प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि परिवारों के लिए सुलभ पड़ोस-स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं कितनी महत्वपूर्ण हैं। यहां आने वाले अधिकांश मामले, जिनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, बुखार और श्वसन संबंधी बीमारियां शामिल हैं, समय पर परामर्श, जांच, दवाइयों और फॉलो-अप की मांग करते हैं। समुदाय के भीतर उपलब्ध प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को समय रहते उपचार लेने में मदद कर सकती हैं और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं को गंभीर होने से रोक सकती हैं। इस सीएसआर पहल के माध्यम से स्टार हेल्थ भठिंडा के निवासियों तक मुफ्त स्वास्थ्य सहायता को और करीब ला रहा है।'

रसना ने जम्पिन 1-लीटर टैट्रा पैक कार्टन देशभर में किया लॉन्च

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। दुनियाभर में इंस्टेंट बेवेरेज के सबसे बड़े निर्माता रसना ने नए 1-लीटर फैमिली पैक के लॉन्च के साथ ही, देशभर में अपने रेडी-टू-ड्रिंक (आरटीडी) फ्रूट बेवेरेज पोर्टफोलियो में विस्तार किया है। अधिक फ्रूट कन्टेंट के साथ-साथ 10 विटामिनों और मिनिरल्स से भरपूर यह प्रीमियम फ्रूट बेवेरेज, बाजार में पहले से मौजूद रसना के 125 मिली और 200 मिली पैक समेत देशभर में प्रीमियम, हाई-फ्रूट कन्टेंट, विटामिनयुक्त रेडी-टू-ड्रिंक बेवेरेज की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।

इस प्रोडक्ट को इंटरनेशनल बाजार में पहले से ही पसंद किए जाने वाले टैट्रा पैक कार्टन में पैक किया गया है, जो कि बेवेरेज पैकेजिंग के मामले में ग्लोबल लीडर टैट्रा पैक की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत् भारत में ही निर्मित है। इस लॉन्च के बारे में, पिरुज खंबाटा, ग्रुप चेयरमैन, रसना प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, 'जम्पिन दरअसल, इंटरनेशनल क्वालिटी के फ्रूट बेवेरेज को किफायती कीमत पर भारतीय उपभोक्ताओं के लिए पेश करने की हमारी योजना के अनुरूप है, और इसके मामले में हम अपनी 'मेक इन इंडिया' नीति पर भी खरे उतरते हैं।

जम्पिन में इस्तेमाल होने वाले सभी फलों को भारत से ही प्राप्त कर यहीं प्रोसेस किया जाता है, और प्रोडक्ट को भारत में निर्मित सुरक्षित, हाइ-क्वालिटी टैट्रा पैक पैकेजिंग में पैक भी किया जाता है। हमने बेहतर स्वाद, असली फलों के गुणों और जरूरी न्यूट्रिशन से भरपूर ऐसा बेवेरेज तैयार किया है जो आधुनिक परिवारों को पसंद आता है और साथ ही, यह प्रोडक्ट भारतीय किसानों, प्रोसेसरों तथा उत्पादन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पक्षों को भी सहयोग देता है। हमारा खासतौर से तेयार किया गया ऑरेन्ज वेरिएंट, जिसे बच्चों के स्वाद की पसंद के अनुरूप तैयार किया गया है, वास्तव में, इनोवेशन और ग्राहक-केंद्रित प्रोडक्ट डेवलपमेंट को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है।' एक और रोचक बात यह है कि रसना ने जम्पिन के लोकप्रिय रैपर कम्युनिकेशन फार्मेट में ही इस नए प्रोडक्ट को भी पेश करने की तैयारी कर ली है जिसमें एक युवक और एक रैपर आपस में बातचीत करते हुए दिखायी दे रहे हैं और म्युज़िक, पहचान तथा स्टोरीटेलिंग के जरिए ग्राहकों के साथ इमोशनल जुड़ाव कायम करते हैं।

ई-20 पेट्रोल को लेकर केजरीवाल ने केंद्र को घेरा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ई-20 पेट्रोल को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने ऑटो कंपनियों के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। केजरीवाल ने कहा कि कई वाहन कंपनियों के पुराने मैनुअल में 10 प्रतिशत तक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के उपयोग का उल्लेख है, जबकि ई-20 पेट्रोल को लेकर उपभोक्ताओं की चिंताओं का समाधान जरूरी है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल पंपों पर ई-0, ई-10 और ई-20 जैसे विकल्प उपलब्ध कराए जाएं, ताकि लोग अपनी जरूरत और वाहन की क्षमता के अनुसार ईंधन चुन सकें। उन्होंने कहा कि यदि ई-20 के इस्तेमाल से माइलेज कम होती है या वाहन के पुर्जों को नुकसान पहुंचता है तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। केजरीवाल ने इस संबंध में ऑटो कंपनियों और प्रधानमंत्री को पत्र लिखने की बात कही।

यात्रा के लिए भारतीयों की पहली पसंद बने दक्षिण कोरिया, मिस्र और श्रीलंका

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़/अमृतसर। भारत की एक दिग्गज जनरल इंश्योरेंस कंपनी, 'टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत से बाहर जाने वाले यात्रियों के नए आंकड़े जारी किए हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि भारतीय यात्रियों की उम्र, उनकी पसंदीदा जगहों और ट्रेवल इंश्योरेंस खरीदने के तौर-तरीकों में बड़ा बदलाव आया है।

इन ट्रेंड्स पर बात करते हुए टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट (कंज्यूमर अंडरराइटिंग) चंद्रकांत सैद ने कहा कि आजकल भारतीयों का विदेश जाना काफी बदल गया है। अब लोग पहले से कहीं ज्यादा अलग-अलग जगहों पर, बार-बार और इंटरनेट की मदद से ट्रिप प्लान कर रहे हैं। हर उम्र के लोग अब पुरानी जानी-मानी जगहों के साथ-साथ दुनिया के नए और अनजाने देशों को भी देखना चाहते हैं। टाटा एआईजी में हम देख रहे हैं कि परिवार, बुजुर्ग और पहली बार विदेश जाने वाले लोग ट्रैवल इंश्योरेंस कराने में बहुत दिलचस्पी दिखा रहे हैं, खासकर गर्मियों की छुट्टियों के सीजन में।

लोग अब बिना किसी भाग-दौड़ के घर बैठे ही ऑनलाइन इंश्योरेंस खरीदना पसंद कर रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि आज के मुसाफिर विदेश जाने से पहले अपनी सुविधा, पूरी तैयारी और सुरक्षा को सबसे ऊपर रख रहे हैं।' रिपोर्ट से पता चलता है कि पारंपरिक पसंदीदा जगहों के साथ-साथ अब नए देशों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। करीबन 40 प्रतिशत भारतीय यात्री दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, मिस्र, जापान और मालदीव जैसे उभरते हुए गंतव्यों को चुन रहे हैं। दक्षिण-पूर्वी एशिया का बाज़ार भी मज़बूत बना हुआ है, जिसकी हिस्सेदारी कुल बीमित यात्रियों में 26 प्रतिशत है और यह साल-दर-साल दहाई अंकों की रफ्तार से बढ़ रहा है। इस डेटा से भारतीयों की यात्रा करने की एक खास आदत का भी पता चलता है। लोग पास के देशों के लिए छोटी ट्रिप प्लान कर रहे हैं, जबकि दूर के देशों में लंबी छुट्टियां बिता रहे हैं।

लायंस क्लब खरड़ उमंग ने नेशनल डॉक्टर्स-डे पर डॉक्टर्स किए सम्मानित

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, खरड़। लायंस क्लब खरड़ उमंग ने नेशनल डॉक्टर्स-डे के मौके पर होटल मिलार्ड, खरड़ (मोहाली) में एक खास सम्मान समारोह आयोजित किया। इस समारोह का मकसद समाज को दी गई डॉक्टरों की निस्वार्थ और सराहनीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित करना था।

इस मौके पर, डॉ. गुरसेवक सिंह, डॉ. गौरव भुट्टा, डॉ. कमलदीप बैंस, डॉ. सारिका, डॉ. नितिन सेठी, डॉ. स्वाति सैनी और डॉ. समिधि को उनकी बेहतरीन मेडिकल सेवाओं और मानवता के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान, लायंस क्लब खरड़ उमंग के प्रेसिडेंट श्री अमनदीप ने क्लब के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ डॉक्टरों को सम्मानित किया। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि डॉक्टर समाज के असली हीरो हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए दिन-रात अपनी सेवाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का योगदान समाज के लिए बहुत कीमती है और उनका सम्मान करना हमारा फर्ज है। इस मौके पर क्लब के जनरल सेक्रेटरी अरुण जिंदल, कैशियर नरेश चंद सिंगला, प्रोजेक्ट चेयरमैन जतिंदर दलमोत्रा, राज कुमार, कोऑर्डिनेटर तेजिंदर सिंह, राकेश गुप्ता और क्लब के दूसरे सदस्य भी मौजूद थे।

इस इवेंट का समापन सभी सम्मानित डॉक्टरों को धन्यवाद देकर किया गया। लायंस क्लब खरड़ उमंग ने समाज सेवा और समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में खास योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित करने के लिए भविष्य में भी ऐसी कोशिशें जारी रखने का संकल्प जताया।

धर्मशाला को मिला पिछड़ा वर्ग आयोग कार्यालय

सुजानपुर को मिला 7.54 करोड़ का बिजली उपकेंद्र व सीएम सुक्खू बोले—अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा विकास

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को प्रदेश सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ कर प्रदेश के प्रशासनिक और आधारभूत ढांचे को नई मजबूती प्रदान की। मुख्यमंत्री ने धर्मशाला में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नए कार्यालय का उद्घाटन किया, वहीं हमीरपुर जिले के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में 7.54 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 33/11 केवी विद्युत उप-केंद्र पटलांदर (अंसला) को भी जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और क्षेत्रीय संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यालय शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित होने से कांगड़ा सहित आसपास के जिलों के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब लोगों को आयोग से जुड़े कार्यों के लिए शिमला की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने

सीएम सुक्खू प्रदेश सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

उपायुक्त कांगड़ा को धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) का कार्यालय भी शीघ्र स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी घोषित करने के बाद विभिन्न सरकारी कार्यालयों को वहां स्थानांतरित करने की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने डोडरा क्वार क्षेत्र को अन्य पिछड़ा वर्ग तथा बड़ा भंगाल को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए सरकार के गंभीर प्रयासों की भी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उप-केंद्र के शुभारंभ को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत चबुतरा से अंसला तक 7.2 किलोमीटर लंबी 33 केवी एचटीएससी लाइन बिछाई गई है। इससे पटलांदर, रंगर, चौरी, अंसला, भगोल, चमियाना, दुहाक, सौद, भटेरा, पनोह, धैल, जियार कसीरी, पीपल, टिक्करु और सपाहल सहित 16 ग्राम पंचायतों के लगभग 14 हजार लोगों को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उप-केंद्र को टौणी देवी और सुजानपुर के 33 केवी उप-केंद्रों से भी जोड़ा गया है, जिससे आपात स्थिति में भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी तथा भविष्य की बढ़ती मांग को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष प्रभात चौधरी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोग का कार्यालय धर्मशाला स्थानांतरित होने से ओबीसी समुदाय के लोगों को सेवाएं पहले की अपेक्षा अधिक सरल और सुलभ होंगी। वहीं सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह राणा ने कहा कि नए विद्युत उप-केंद्र से क्षेत्र की वर्षों पुरानी बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और लोगों को बेहतर गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति मिलेगी। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

जनादेश का सम्मान हो, बिझड़ी ब्लॉक समिति का चुनाव शीघ्र कराए प्रशासन: लखनपाल

अनंत ज्ञान

बड़सर। बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और जिला परिषद हमीरपुर के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह ने विधायक कार्यालय बड़सर में संयुक्त पत्रकार वार्ता कर जिला परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और जनता का आभार जताया।

लखनपाल ने कहा कि जिला परिषद की 19 में से 18 तथा बिझड़ी ब्लॉक समिति की 23 में से 18 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद बिझड़ी ब्लॉक समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव अनावश्यक रूप से लंबित रखा गया है। इस संबंध में प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर चुनाव कराने का ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर चुनाव नहीं होने पर भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगी। जिला परिषद उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह ने कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए ग्रामीण विकास, पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला परिषद सदस्य रेनू दत्याल, विकास पटियाल, रामेश्वर दत्त शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राम मंदिर निर्माण 500 वर्षों के संघर्ष का प्रतीक: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण 500 वर्षों के संघर्ष, करोड़ों सनातनियों की अटूट आस्था और रामभक्तों के लंबे संघर्ष का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत यह ऐतिहासिक सपना साकार हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर भगवान श्रीराम, रामसेतु और राम जन्मभूमि से जुड़े मुद्दों पर वर्षों तक सवाल उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज जब देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, तब कांग्रेस इस विषय पर राजनीतिक बयानबाजी कर रही है।

अनुराग ठाकुर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर पर राजनीति करने के बजाय अपने शासनकाल में सामने आए भ्रष्टाचार के मामलों पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड, 2जी स्पेक्ट्रम, कॉमनवेल्थ गेम्स, कोयला आवंटन (कोलगेट), अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर और आदर्श हाउसिंग सोसाइटी जैसे मामलों ने कांग्रेस

◆ कहा- कांग्रेस को पहले अपने घोटालों का जवाब देना चाहिए

की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इन मामलों को लेकर देश आज भी जवाब चाहता है और कांग्रेस को पहले अपनी जवाबदेही तय करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, विकास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस लगातार जनभावनाओं से जुड़े विषयों पर राजनीति करती रही है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि देश की जनता अब तथ्यों और विकास कार्यों के आधार पर निर्णय ले रही है तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सांस्कृतिक गौरव और विरासत के संरक्षण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

आरएस बाली ने दी कांगड़ा के 26 फल-सब्जी विक्रेता परिवारों को स्थायी दुकानों की सौगात

अनंत ज्ञान

कांगड़ा। गरीब, मेहनतकश और छोटे कारोबारियों को सम्मानजनक एवं स्थायी आजीविका उपलब्ध करवाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पर्यटन निगम के अध्यक्ष एवं नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने कांगड़ा के तहसील चौक में 26 नवनिर्मित स्थायी दुकानों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर 26 फल एवं सब्जी विक्रेता परिवारों को वर्षों से प्रतीक्षित स्थायी दुकानों की सौगात मिली।

आर.एस बाली ने कहा कि यह विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली का एक और सपना था, जिसे आज साकार करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जी.एस. बाली हमेशा चाहते थे कि रेहड़ी-फड़ी और सब्जी विक्रेता जैसे मेहनतकश परिवारों को सम्मानजनक रोजगार और स्थिर जीवन मिले। उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज इन परिवारों को सुरक्षित और स्थायी रोजगार का आधार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि इन दुकानों की मांग लंबे

आरएस बाली का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

समय से उठाई जा रही थी और उन्होंने जो वादा इन परिवारों से किया था, उसे आज पूरा करके उन्हें खुशी और संतोष हो रहा है। उन्होंने घोषणा की कि कांगड़ा के शेष पात्र फल एवं सब्जी विक्रेता परिवारों को भी चरणबद्ध तरीके से स्थायी दुकानें उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि किसी भी मेहनतकश परिवार को असुरक्षा के माहौल में अपना रोजगार न चलाना पड़े। उन्होंने कांगड़ा नगर परिषद को आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 50 लाख देने की घोषणा की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील चौक क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मल्टीपरिसर भवन की विस्तृत रूपरेखा जल्द तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि कांगड़ा के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि हरिराम पार्क के विकास के लिए 3.20 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाई जा चुकी है और भविष्य में भी क्षेत्र में जनहित से जुड़े कई विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने इस परियोजना को सफल बनाने में सहयोग देने वाले एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा, पूर्व सीपीएस एवं पूर्व विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू, तत्कालीन एसडीएम कांगड़ा एवं वर्तमान एडीसी ऊना ईशांत जसवाल, रेडी-फड़ी यूनियन प्रधान संजय राणा सहित सभी अधिकारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

राम मंदिर पर कांग्रेस का बदला रुख राजनीतिक मजबूरी, आस्था नहीं: जयराम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्षों तक भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध करने और न्यायालय में विभिन्न माध्यमों से मंदिर निर्माण के खिलाफ खड़े रहने वाली कांग्रेस आज राम के नाम पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में ऐसे अनेक अवसर रहे हैं, जब उसके नेताओं और समर्थित पक्षों ने भगवान श्रीराम को काल्पनिक पात्र बताया, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया और मंदिर निर्माण में बाधाएं खड़ी करने का प्रयास किया। अब वही कांग्रेस अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए राम मंदिर पहुंचकर आस्था का दिखावा कर रही है, जिसे देश और प्रदेश की जनता अच्छी तरह समझती है।

जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, जो स्वयं को 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराकर सत्ता में आने वाला बताते रहे हैं, कई अवसरों पर अपनी सनातन विरोधी सोच का परिचय दे चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित होने के बावजूद समारोह का बहिष्कार किया, बच्चों के 'राधे-राधे' कहने पर सवाल उठाए और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले मंत्रियों से जवाब-तलब भी किया। उन्होंने कहा कि ऐसे में अब मुख्यमंत्री का पूरे मंत्रिमंडल के साथ राम मंदिर जाना आस्था नहीं, बल्कि राजनीतिक मजबूरी और जनता को भ्रमित करने का प्रयास है।

राजनीति के लिए न किया जाए श्रीराम का उपयोग

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था और विश्वास के केंद्र हैं तथा उनके नाम का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पहले राम मंदिर और भगवान श्रीराम को लेकर अपने पुराने रुख पर देश की जनता से जवाब देना चाहिए। केवल मंदिर जाकर दर्शन करने और तस्वीरें खिंचवाने से कांग्रेस का इतिहास नहीं बदल सकता। जनता यह भलीभांति जानती है कि किसने राम मंदिर निर्माण का समर्थन किया और किसने उसका विरोध किया।

हिमाचल में 13 तक भारी बारिश का येलो अलर्ट

मौसम विभाग का अलर्ट, नदी-नालों से दूर रहें और बरतें सावधानी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मानसून के सक्रिय रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया था, लेकिन मानसून की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी रही और प्रदेश के किसी भी हिस्से से भारी वर्षा की सूचना नहीं मिली। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश की गतिविधियां कमजोर जरूर पड़ी हैं, लेकिन अगले दिनों में भारी बारिश का खतरा बना हुआ है और लोग नदी-नालों से दूरी बनाए रखें तथा सतर्क रहें।

बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक 5 सेंटीमीटर वर्षा कांगड़ा जिले के गुलेर में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा शिमला जिले के सराहन में 3 सेंटीमीटर, मंडी के सुंदरनगर में 3 सेंटीमीटर, हमीरपुर के नादौन और

राजधानी शिमला में रिज मैदान में घूमते लोग। अनंत ज्ञान

सुजानपुर टीहरा में 2-2 सेंटीमीटर, बिलासपुर के काहू में 2 सेंटीमीटर, किन्नौर के वांगटू में 2 सेंटीमीटर और सिरमौर के नाहन में 1 सेंटीमीटर वर्षा हुई। शिमला, मंडी के स्लैपर और जोगिंद्रनगर, सोलन के धर्मपुर, बिलासपुर के आरएल बीबी, शिमला के शिमला एयरपोर्ट तथा सिरमौर के पच्छाद में भी 1-1 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। कई स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने की घटनाएं भी दर्ज हुईं। राजधानी शिमला में मंगलवार पूरे दिन बादल छाए रहे। बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी होती रही, जिससे मौसम सुहावना बना रहा। निचले और मैदानी इलाकों में भी दिन भर बादलों का डेरा रहा। कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई, हालांकि कहीं भी तेज बारिश देखने को नहीं मिली।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश में बारिश का सिलसिला अगले एक सप्ताह तक रुक-रुक कर जारी रहने की संभावना है। उनके अनुसार इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य समय से पांच दिन की देरी से हिमाचल पहुंचा। प्रदेश में मानसून सामान्य रूप से 25 जून तक पहुंच जाता है, लेकिन इस वर्ष इसका प्रवेश 30 जून को हुआ। इसके बाद एक जुलाई से मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और लगभग हर दिन प्रदेश के किसी न किसी जिले में भारी बारिश दर्ज की गई है।

हमीरपुर कांग्रेस अब भी कार्यकारिणी के इंतजार में

पहले अध्यक्ष की नियुक्ति को लगा लंबा समय अब जिला और ब्लॉक कार्यकारिणियों का इंतजार 'खिंच' रहा लंबा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। राजनीति के माहौल को जांचने परखने के मामले में हमीरपुर जिला भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए हमेशा ही महत्वपूर्ण रहा है। लेकिन सत्तारूढ़ कांग्रेस के लिए इस जिला की मौजूदा परिस्थितियां उससे भी कहीं ज्यादा जवाबदेह कांग्रेसियों को बनी हुई हैं। अब सवाल यक्ष प्रश्न यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के इस गृह जिले में यदि जिला कार्यकारिणी का मसला हो या फिर ब्लॉक कार्यकारिणियों के गठन पर लगातार जारी लेट लतीफी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं के लिए मुंह फुला कर खड़ी हुई है।

उसकी वजह यह है कि पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव भी हाल ही में हो गए हैं। कांग्रेस को नफा-नुकसान कितना हुआ? इसका आंकलन तो उसके नेताओं ने लगाया ही होगा? लेकिन मिल बैठकर उस पर चर्चा की उम्मीद इसलिए बेईमानी हो रही है, क्योंकि जब जिला कार्यकारणी ही नहीं होगी, तो विचार विमर्श होगा भी कैसे। फिर 'अपनी डफली अपना राज' जब नेता अलापते रहेंगे, तो सत्ता के माहौल में इस जिले की भीतरी 'नवज' टटोलने की जहमत आखिर उठाएगा कौन? यह सवाल भी पहाड़ की तरह ऊंचा निश्चित रूप में दिख रहा है।

अहम बात यह है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती को 2 जनवरी के नए आदेशों के तहत जब फिर से जिला की सरदारी की कमान सौंपी गई थी। उसे भी 6 माह तो मुकम्मल हो चुके हैं, सातवां चल रहा है। ऐसे में सवाल यही है कि पहले तो उनकी नियुक्ति यानी जिलाध्यक्ष की तैनाती को लेकर ही बहुत लंबा इंतजार हुआ था तब प्रदेश स्तर पर ही सभी जिलों की स्थिति थी लेकिन अब हालात अलग है ब्लॉक अध्यक्षों और जिला अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है ऐसे में सत्ता की दूरी पर हिमाचल में जब कांग्रेस चल रही है तो फिर इस सप्ताह की पायदान पर जिन्हें कार्यकारिणी में संगठन में पदों की जरूरत है उनकी अहमियत आखिर कमजोर क्यों आंकी जा रही है। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि जिलाध्यक्ष की नियुक्ति हुई जब 6 महीने हो चुके हैं तो इसी दौरान पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव भी हुए हैं इन चावन में पंचायत और पंचायत समिति के चुनाव में सतरूढ दाल और विपक्ष अपने-अपने दावे भले ही कर रहे हो मगर सच्चाई का सबको पता है।

इससे भी ज्यादा अहम बात यह है कि 'थ्री टायर' पंचायती राज व्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण जिला परिषद के चुनावों में कांग्रेस को निश्चित रूप में :सदमा' झेलना पड़ा है और यह कोई छोटा-मोटा नहीं है। ऐसा पहली मर्तबा हुआ है, जब भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित किए और 19 सीटों में से 15 पर भाजपा ने जीत हासिल की। जो अन्य तीन बागी जीते, वे भी भाजपा की विचारधारा के ही हैं। यानी कुल मिलाकर कांग्रेस के लिए केवल एक सीट वह भी मुख्यमंत्री के अपने विधानसभा क्षेत्र अमलेड़ में हासिल हो सकी।

अब इन परिस्थितियों में भाजपा और कांग्रेस के अपने-अपने संगठनात्मक ढांचे की यदि चर्चा हो तो सीधे तौर पर भाजपा इसमें इक्कीस है। लेकिन कांग्रेस कहां खड़ी है, इसका कांग्रेसियों को खुद आभास है। हिमाचल में दो ही पार्टियां हैं, प्रमुख रूप से इन्हीं की सत्ता में अदला-बदली होती है। मगर संगठनात्मक ढांचे का रूप भाजपा के मुकाबले में कांग्रेस का आखिर मजबूत क्यों नहीं हो पता? बड़े नेताओं की इसमें कमजोरी क्या है, इस पर निश्चित रूप में कांग्रेस को सोचना चाहिए। अब यदि सत्ता में बैठकर भी कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा बड़े नेताओं की राह देख रहा हो, तो फिर कोई क्या कर सकता है।

हमीरपुर भाजपा जिला कार्यकारिणी का जल्द होगा गठन: सुमन भारती

भाजपा हमीरपुर की जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। कार्यकारिणी की प्रस्तावित सूची शिमला स्तर पर भेज दी गई है, जहां आवश्यक विचार-विमर्श के बाद जल्द अंतिम मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर मुख्यमंत्री का जिला होने के कारण संगठन सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर रहा है। इसी वजह से कार्यकारिणी के गठन में आवश्यक सावधानी बरती जा रही है। सुमन भारती ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के साथ-साथ दो-तीन ब्लॉकों की कार्यकारिणियों की सूची भी तैयार कर ली गई है और उन पर भी शीघ्र अंतिम मुहर लग जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही जिला से लेकर ब्लॉक स्तर तक भाजपा का नया संगठनात्मक ढांचा घोषित कर दिया जाएगा, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी।

आक्रोश जनजातीय भवनों से कब्जे हटाने की मांग, पांगी कल्याण संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

जनजातीय हकों पर डाका नहीं सहेंगे: भरमौरी

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। जनजातीय क्षेत्र पांगी से आठ-नौ घंटे का कठिन सफर तय कर जिला मुख्यालय पहुंचने वाले लोगों को यदि अपने ही भवन में ठहरने की जगह न मिले, तो इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? इसी सवाल के साथ मंगलवार को चंबा में जनजातीय समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी की अध्यक्षता में पांगी कल्याण संघ और गद्दी संस्कृति विकास मंच के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि जनजातीय सराय और जनजातीय भवनों पर दूसरे विभागों का कब्ज़ा अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि चंबा की जनजातीय सराय और बालू स्थित जनजातीय भवन का निर्माण करोड़ों रुपये के जनजातीय उपयोजना (ट्राइबल फंड) से केवल इसलिए

सुरजीत भरमौरी की अध्यक्षता में डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपते हुए।

किया गया था ताकि पांगी, भरमौर और अन्य दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों से इलाज, शिक्षा, न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों के लिए आने वाले लोगों को नि:शुल्क एवं सम्मानजनक ठहरने की सुविधा मिल सके, लेकिन आज विडंबना यह है कि इन्हीं भवनों में जनजातीय लोगों के बजाय दूसरे विभागों का कब्ज़ा है। बालू स्थित भवन में एनडीआरएफ की तैनाती है, जबकि जनजातीय सराय भी अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है।

संयुक्त मोर्चे ने कहा कि पांगी से चम्बा तक का सफर साच पास मार्ग खुलने के बावजूद आठ से नौ घंटे का होता है। कल्पना कीजिए कि कोई बीमार, बुजुर्ग, छात्र या गरीब परिवार इतनी लंबी और कठिन यात्रा के बाद जिला मुख्यालय पहुंचे और उसे अपने ही अधिकार से बने भवन में कमरा न मिले, क्योंकि वह किसी अन्य विभाग के कब्ज़े में है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति जनजातीय समाज के लिए नहीं हो सकती।

संयुक्त मोर्चे ने सरकार से मांग की कि जनजातीय सराय और बालू स्थित जनजातीय भवन को तत्काल खाली करवाकर जनजातीय समुदाय को सौंपा जाए तथा एनडीआरएफ और अन्य विभागों के लिए अलग स्थायी व्यवस्था की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने दो टूक कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो जनजातीय समाज प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ने के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी, भगत बड़ोत्रा, शिवदयाल, जिला सेवा दल अध्यक्ष महाशू राम ठाकुर सहित पांगी कल्याण संघ एवं गद्दी संस्कृति विकास मंच के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

निजी होटलों में चुकाना पड़ता महंगा किराया

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जनजातीय फंड से बने भवनों का मूल उद्देश्य ही खत्म किया जा रहा है। गरीब परिवारों को मजबूरी में निजी होटलों में महंगा किराया चुकाना पड़ता है, जबकि कई लोग रात रिश्तेदारों या खुले स्थानों पर गुजारने को विवश होते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल भवनों का मुद्दा नहीं, बल्कि जनजातीय समुदाय के संवैधानिक अधिकारों और उनके सम्मान का प्रश्न है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह स्थिति प्रदेश के प्रथम सीएम एवं हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार और स्व राजा वीरभद्र सिंह के उस दूरदर्शी सपने के भी विपरीत है, जिसके तहत जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को विशेष सुविधाएं देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया था। आज उन्हीं भवनों में जनजातीय लोगों को प्रवेश तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

अलसान में लगेगा नया ट्रांसफॉर्मर

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुगड़ियाल के अलसान गांव में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज की समस्या का समाधान जल्द होने जा रहा है। विधायक विवेक शर्मा के हस्तक्षेप के बाद विद्युत विभाग ने तीन दिनों के भीतर गांव में 63 केवी क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने का आश्वासन दिया है। पंचायत प्रधान निर्मला देवी ने ग्रामीणों की समस्या विधायक के समक्ष रखी थी, जिसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने स्पष्ट कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्णय के बाद ग्रामीणों ने राहत जताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। विवेक शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कम वोल्टेज की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 116 बड़े क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे विद्युत व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

कार्यालय ग्राम पंचायत ऊपरीधार
विकासखंड चौन्तड़ा, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)
विषय : निविदा आमंत्रण सूचना
ग्राम पंचायत मे वित्त वर्ष 2026- 27 मे विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निर्माण सामग्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 9 जुलाई 2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में व्यक्तिगत या डाक द्वारा पहुंच जानी चाहिए।
सामग्री का विवरण: रेत क्रेशर प्रति घन मीटर, 2. बजरी क्रशर 10mm, 20mm, 40mm प्रति घन मीटर, 3. कट स्टोन, 4. ईंट ग्रेड 1,2, 3।
4. बोल्डर स्टोन, 5. जेसीबी मशीन प्रति घंटा, 6. शटरिंग, 7. सीमेंट ढुलाई, 8. साइन बोर्ड, 9. डस्टबिन, 10. शटरिंग लोहे की प्लेट, 11. टाइल, 12. कंक्रीट बेंच, 13. वुडन ऑफिस टेबल कुर्सी इत्यादि
प्रधान/ सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत ऊपरीधार

कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी विकास खण्ड गोहर जिला मंडी (हि.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना
ग्राम पंचायत बस्सी विकास खण्ड गोहर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतू वर्ष 2026-27 कार्यों के निष्पादन हेतू आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 18-07-2026 अपराह्न 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 20-07-2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।
सामग्री विवरण : 1 रेत-बजरी क्रशर व स्वहु, प्रति घन मीटर, 2. पत्थर कट स्टोन व बोल्डर प्रति घन मीटर, 3 लकड़ी प्रति घन मीटर, 4 ईंट प्रति ईंट, 5. बाल टाइल/ फ्लोर टाइल प्रति बॉक्स/प्रति सुकेयर फूट, 6 सरिया 8mm, 10mm, 12mm, 16mm प्रति किलो ग्राम, 7 शटरिंग प्रति फूट, 8 दुलान सीमेंट प्रति बैग, 9 जेसीबी मशीन / ब्रेकर प्रति घंटा, 10 G.i पाइप 1 इंच, 3/4 ", 1/2" प्रति पाइप, 11 हाई मस्ट लाइट प्रति वाट, 12 RCC पाइप, 13 साईन बोर्ड (3x2,4x3) feet with Painting & writing FOR प्रति बोर्ड, 14. एंगल प्रति किलो, 15 जीआई शीट प्रति शीट, 16 ग्रिल प्रति किलो, 17 वेल्डिंग वर्क्स प्रति किलो, 18 फलैक्स प्रति फूट, 19 पलाई बोर्ड प्रति बोर्ड, 20 मिक्सर मशीन प्रति घंटा 21कोटा स्टोन प्रति sqm, 22 hume पाईप प्रति
नियम व शर्तें निम्न प्रकार से होगी : 1. निविदाएँ केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय से ही प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. निविदा दाता के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या, GST नंबर होना आवश्यक हैं। 3. ठेकदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होगें। एम फार्म (M FARM) उपलब्ध हो। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती हैं, वहां उपलब्ध करवानी होगी।, 5 निविदा दाता को 20,000/- रुपये धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 6. निविदा दाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 7. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 8. ग्राम पंचायत के सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 9.